राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 88
लखनऊ, शुक्रवार 28 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





उत्तर प्रदेश में 2027 में 2017 का इतिहास दोहराएगी भाजपा : ब्रजेश पाठक 03

हत्या व साक्ष्य मिटाने में दंपति सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास 10


## राष्ट्रपति मुर्मु आज लखनऊ में, 19वीं नेशनल जंबूरी के समापन समारोह में होंगी शामिल

**राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा के इंतजाम**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 28 नवंबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 6 घंटे के प्रवास पर रहेंगी। मुर्मु लखनऊ में भारत स्काउट एवं गाइड की डायमंड जुबली-19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के समापन समारोह और ब्रह्मकुमारी राजयोग प्रशिक्षण केंद्र के राज्य स्तरीय अभियान के शुभारंभ समारोह में हिस्सा लेंगी।



राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए शासन–प्रशासन अलर्ट है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु विशेष विमान से शुक्रवार 28 नवंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेंगी। राष्ट्रपति यहां से सुल्तानपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान पहुंचेंगी। यहां संस्थान के गुलजार उपवन में राजयोग ट्रेनिंग सेंटर में विश्व एकता एवं विश्वास के लिए ध्यान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी। महासचिव राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ. मृत्युंजय ने बताया कि इस थीम के तहत संस्थान के विश्व के 140 देशों में स्थित 8 हजार से अधिक सेवाकेंद्रों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी, राजयोगिनी संतोष दीदी सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, राजयोग प्रशिक्षक व अनेक सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां शामिल होंगी। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति ब्रह्मकुमारीज के कार्यक्रम के बाद राजभवन जाएंगी।

## भारत के पहले निजी नेविगेशन केन्द्र एसीईएन का शुभारंभ

एजेंसी



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने भारत के पहले निजी क्षेत्र के नेविगेशन नवाचार केंद्र अनंत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेविगेशन (एसीईएन) का उद्घाटन केरल के तिरुवनंतपुरम में किया। अनंत टेक्नोलॉजीज द्वारा स्थापित इस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को किया गया।

उद्घाटन समारोह में रक्षा, अंतरिक्ष और शैक्षणिक संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए थे। भारत का पिछला अनुभव बताता है कि संघर्ष के दौरान विदेशी जीपीएस सूचना पर निर्भरता कितना घातक हो सकता है। विदेशी इकाइयाँ ऐसी सूचना देने से मना कर सकती है। हमारे रक्षा उपकरणों में इस्तेमाल हुए विदेशी नेविगेशन प्रणालियों के रखरखाव और मरम्मत के संबंध दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि किसी भी प्रकार की खराबी आने की स्थिति में उन उपकरणों को विदेशी इकाइयों के पास भेजना पड़ता है। इससे न सिर्फ देरी का सामना करना पड़ता है, बल्कि यह हमारी संप्रभुता के साथ भी समझौता है। एसीईएन की स्थापना एक ऐसे केंद्र के रूप में की गयी है, जो भारत में अगली पीढ़ी की नेविगेशन प्रणालियों को विकसित कर देश की बाहरी निर्भरता को खत्म करेगा। नीति आयोग के विजन 2035 के अनुसार ही यह केंद्र भारत को नेविगेशन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। यह स्वदेशी सेंसर के विकास और एआई आधारित उन्नत नेविगेशन के विकास में मदद करेगा। साथ ही, नाविक प्रणाली को नागरिक और सैन्य क्षेत्र में अपनाने में मदद करेगा। अपने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह केंद्र उद्योग, शिक्षा जगत तथा वैज्ञानिक एजेंसियों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देगा।

**सुरक्षा मिशन की सफलता तय करता है सटीक नेविगेशन**

कंपनी ने नेविगेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह आधुनिक रक्षा और नागरिक जीवन की अदृश्य रीढ़ है। इस दृष्टि से यह केंद्र नेविगेशन प्रौद्योगिकियों में राष्ट्र की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। गौरतलब है कि 1992 में स्थापित अनंत टेक्नोलॉजीज ने इसरो और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के हर प्रमुख मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने उपग्रहों तथा प्रक्षेपण यानों में सटीक सेंसर विकास, एयरवर्थनेस प्रोटोकॉल और सिस्टम एकीकरण के लिए अपनी अलग ही पहचान बनायी है। मिसाइलों और विमानों से लेकर जहाजों और उपग्रहों तक सटीक नेविगेशन सुरक्षा मिशन की सफलता और सटीकता को तय करता है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | |
|---|---|
| सोना | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = 1,27,750/ |
| 22 कैरेट | = 1,17100/ |
| 18 कैरेट | = 95,810/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 173,000/ |



# पावा नगर के नाम से जाना जाएगा फाजिलनगर : योगी

**सीएम श्री तरुण सगराम पारसनाथ अतिशय तीर्थ धाम में गुफा मंदिर उद्घाटन समारोह में हुए शामिल**

समृद्धि न्यूज

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में एक और स्थान का इस्लामिक नाम बदलने का ऐलान आज किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर के कस्बा फाजिलनगर का नाम बदलकर जैन आस्था के मुताबिक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गाजियाबाद के मुरादनगर में स्थित श्री तरुण सगराम पारसनाथ अतिशय तीर्थ धाम में गुफा मंदिर उद्घाटन समारोह में वहां उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन मुनि परंपरा तप, त्याग और नैतिक जीवन का संदेश देती है, जो समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि कुशीनगर के फाजिलनगर का नाम जैन समाज की ऐतिहासिक आस्था के अनुरूप 'पावा नगर' किया जाएगा। पावा वह पवित्र स्थल है जहां भगवान महावीर के महापरिनिर्वाण का विश्वास किया जाता है, इसलिए क्षेत्र की पहचान को उसके आध्यात्मिक महत्व के अनुरूप सम्मान देना जरूरी है। कुशीनगर जिले में फाजिलनगर नाम का एक महत्वपूर्ण कस्बा है, जो अपनी भौगोलिक स्थिति और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। यह पूर्वी उत्तर प्रदेश को बिहार से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण व्यापार और आवागमन का बड़ा केंद्र है। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत नौ संकल्पना परिकल्पना को जैन समाज अपने अनुशासित जीवन, स्वावलंबन, सेवा कार्य और समाज सुधार की प्रेरणा से साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता ही वह शक्ति है जो समाज में संतुलन, समरसता और स्थायी विकास सुनिश्चित करती है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रसन्न सागर महाराज ने कहा कि भारत की परंपरा त्याग, तप और साधना की भूमि रही है। राजनीति में सनातन धर्म की सहभागिता यह दर्शाती है कि राष्ट्र आज आध्यात्मिक मूल्यों पर आगे बढ़ रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भारतीय संस्कृति, उसकी अध्यात्मिक विरासत और जैन परंपरा की गौरवशाली भूमिका पर विस्तृत रूप से विचार रखे।





### स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में ब्रांड है मेदांता अस्पताल

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेदांता अस्पताल पहुंचे। सेक्टर-50 में हॉस्पिटल का रिबन काटकर उद्घाटन किया। यहां सीएम योगी ने कहा मेदांता अस्पताल एक ब्रांड है। यहां पर मरीज का हर संभव इलाज नई तकनीक से किया जाता है। प्रदेश में 8 साल में हेल्थ के क्षेत्र में बेहतर कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया अब वन डिस्ट्रिक वन अस्पताल से है। हर जनपद में अस्पताल खोले गए हैं। हाउसिंग के रूल कम किए, हॉस्पिटल के लिए रुल बदले भी और कनेक्टिविटी दी गई। अब आपके सामने समस्या नहीं होगी। उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत और जन आरोग्य से जोड़ा है।

### मध्यान्ह भोजन योजना में 11 करोड़ से अधिक का गबन पांच आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना में सरकारी दस्तावेजों में कूटरचना कर 11 करोड़ रुपये से अधिक सरकारी धन के गबन का मामला सामने आया है। प्रकरण में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि बीएसए बलरामपुर शुभम शुक्ला द्वारा कराई गई विभागीय जांच के उपरांत 26 नवम्बर बुधवार को थाना कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। शिकायत दर्ज कराई कि मध्यान्ह भोजन योजना (डीसी एमडीएम) से जुड़े कई व्यक्तियों ने आपसी मिलीभगत से सरकारी दस्तावेजों में कूटरचना करते हुए प्रथम दृष्टया 11 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का गबन किया है। इस संबंध में 45 आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। संभावित स्थानों पर दबिश के दौरान मुखबिर की सूचना पर पांच आरोपितों मलिक मुनव्वर (धुसवा), फिरोज अहमद (बरगदवा सैफ), अशोक कुमार गुप्ता (बलुआ बलुई), नसीम अहमद (चयपुरवा), तथा मोहम्मद अहमदुल कादरी (मध्यनगर) को शहर के नार्मल तिराहे के निकट से गिरफ्तार किया गया है।

## भारत-इंडोनेशिया आपसी रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर सहमत





**भारतीय सेना की रिमाउंट वेटेरिनरी कोर से घोड़े और सेरेमोनियल गाड़ी गिफ्ट करने का ऐलान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को इंडोनेशियाई समकक्ष के साथ नई दिल्ली में वार्ता की और रक्षा संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए। भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्रियों की तीसरी बातचीत की सह-अध्यक्षता करते हुए दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के महत्व को दोहराया। भारत ने सेना की रिमाउंट वेटेरिनरी कोर से इंडोनेशिया को घोड़े और सेरेमोनियल गाड़ी गिफ्ट करने का ऐलान किया।

नई दिल्ली में इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री जनरल रिटायर्ड सजाफरी जामसोएद्दीन से बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता के चलते हमारा रक्षा सहयोग हाल के सालों में कई गुना बढ़ा है। आज बातचीत के दौरान हमने अपने रक्षा सहयोग और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए खुलकर बातचीत की।

उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करने की पुष्टि की गई। दोनों मंत्रियों ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो के 2025 की गणतंत्र दिवस परेड में बतौर मुख्य अतिथि भारत आने को याद किया। उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति सुबियांटो के बीच हुई उच्चस्तरीय बातचीत के नतीजों से व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत हुई है। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में इंडोनेशियाई आर्म्ड फोर्सेज के 352 जवानों के शामिल होने को भी याद किया।

## संक्षिप्त समाचार

**असम विधानसभा से बहुविवाह प्रतिबंध विधेयक पारित**

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने गुरुवार को असम प्रोहिबिशन ऑफ पॉलिगैमी बिल, 2025 को मंजूरी दे दी। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने सदन में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि यदि वे अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद फिर से सत्ता में लौटते हैं तो नई सरकार के पहले सत्र में ही यूसीसी पेश किया जाएगा और बिना किसी देरी के लागू किया जाएगा। विधेयक में बहुविवाह को दंडनीय अपराध माना गया है, जिसके लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है।

**हाइवे प्रोजेक्ट्स के लिए केंद्र देगा 20,000 करोड़ : गडकरी**

**गांधीनगर/सूरत।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुजरात में हाइवे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के लिए दो दिवसीय राज्य के दौरे पर हैं। वे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे और अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों की चल रही परियोजनाओं की समीक्षा के लिए गुजरात आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की ?20,000 करोड़ की मंजूरी से हाइवे मरम्मत, विस्तार और नई सड़क परियोजनाओं को बड़ी गति और मजबूती मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गडकरी सूरत एयरपोर्ट पहुंचे और वहां पर उतरते ही तुरंत दक्षिण गुजरात के सड़क प्रोजेक्ट्स के निरीक्षण के लिए रवाना हो गए।

**जेमिमा रॉड्रिग्स डब्ल्यूबीबीएल सीजन के शेष मैचों से बाहर**

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बल्लेबाज़ जेमिमा रॉड्रिग्स अब महिला बिग बैश लीग 2025 के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी फ्रेंचाइज़ी ब्रिस्बेन हीट ने उन्हें भारत में रहने की अनुमति दे दी है। रॉड्रिग्स टीम के होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ मैच के बाद पहले से तय व्यक्तिगत कारणों के चलते भारत लौटी थीं।

### मेडिकल कॉलेजों से जुड़े रिश्वतखोरी मामले में ईडी का 10 राज्यों में छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कुछ मेडिकल कॉलेजों को पाठ्यक्रम चलाने के लिए शैक्षणिक मंजूरी देने में कथित रिश्वतखोरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को 10 राज्यों में एक साथ 15 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कम से कम 15 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की ये छापेमारी 30 जून 2025 को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के सिलसिले में हुई है। ईडी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग समेत सरकारी अधिकारियों को दी गई कथित रिश्वत के सिलसिले में 15 ठिकानों पर तलाशी ले रहा है।

## बीएलओ का मानदेय डबल, अब हर महीने पाएंगे एक हजार रुपए

समृद्धि न्यूज

**बीएलओ के ऊपर तैनात सुपरवाइजरों का मानदेय डेढ़ गुना**

**लखनऊ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआरअभियान में जुटे बीएलओ व सुपरवाइजर का मानदेय बढ़ने जा रहा है। चुनाव आयोग से मानदेय बढ़ाने का आदेश आने के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इसका प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेज दिया है।

बीएलओ को अब 500 रुपये प्रतिमाह के बजाय एक हजार रुपये प्रति माह यानि सालाना 12 हजार रुपये मिलेंगे। बीएलओ के ऊपर तैनात सुपरवाइजरों का मानदेय डेढ़ गुणा किया गया है। प्रदेश में 1.62 लाख बीएलओ हैं जबकि सुपरवाइजर की संख्या 16,795 है। सुपरवाइजर को भी एक हजार रुपये के बजाय डेढ़ हजार रुपये महीना यानि 12 हजार रुपये के बजाय 18 हजार रुपये सालाना मिलेंगे। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ईआरओ और सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एईआरओ को भी पहली बार मानदेय देने की तैयारी है। ईआरओ को 30 हजार व एईआरओ को 25 हजार रुपये एकमुश्त मानदेय दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में 403 ईआरओ व 2042 एईआरओ हैं। सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दो हजार अतिरिक्त दिए जाएंगे। वित्त विभाग से हरी झंडी मिलने पर बढ़ा मानदेय मिल जाएगा।

### बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात दितवाह, आंध्र के कई जिलों में रेड अलर्ट

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक और चक्रवात को लेकर चेतावनी जारी कर लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया। मौसम विभाग ने तटीय इलाकों में तेज हवाएं और कई इलाकों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बार चक्रवात का नाम यमन देश ने दितवाह रखा है, जिसका मतलब है फूल। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे श्रीलंकाई तट पर एक गंभीर चक्रवात दितवाह तूफ़ान और तेज़ हो गया है। यह पिछले 6 घंटे में 15 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है।

## और अधिक मजबूत होगी देश की साइबर सुरक्षा

**आईआईटी कानपुर और भारतीय सेना के मध्य हुआ एमओयू**

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** देश की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्थान के सी थ्री हब ने इसको लेकर भारतीय सेना के मुख्यालय सेंट्रल कमांड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत सेना की यूनिट्स और फॉर्मेशन्स के लिए उन्नत साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया जाएगा।

बताते चलें कि आईआईटी कानपुर का सी थ्री हब प्रमुख साइबर सुरक्षा अनुसंधान और नवाचार केन्द्र है। एमओयू के तहत कार्यक्रम में दो से तीन महीने के विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शामिल हैं। इसका उद्देश्य सेना के जवानों में आधुनिक साइबर खतरों की समझ को बढ़ाना, साइबर हमलों से निपटने की क्षमता विकसित करना और डिजिटल क्षेत्र में संचालन संबंधी तैयारी को और मजबूत बनाना है। इस सहयोग के माध्यम से साइबर सुरक्षा तकनीकों को सेना के औपचारिक प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा, जिससे सेंट्रल कमांड के पूरे क्षेत्र में डिजिटल सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर कार्यक्रम में सेना की ओर से मुख्यालय सेंट्रल कमांड के चीफ लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा और सी थ्री हब के प्रोगाम डायरेक्टर प्रो. सोमित्र सनाध्या उपस्थित रहे।

**केन्द्र सरकार ने 32 क्लीन-टेक स्टार्टअप्स को दी झंडी**

**नई दिल्ली।** शहरों को और स्वच्छ बनाने के लिए केंद्र सरकार ने आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर 32 नए क्लीन-टेक स्टार्टअप्स लॉन्च किए हैं। सरकार का कहना है कि यह मॉडल शहरी निकायों, स्टार्टअप्स और निवेशकों को एक मंच पर लाकर वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कामयाब और कम-लागत वाले समाधान तैयार करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, इससे पहले 30 स्टार्टअप्स ने मिलकर 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का वैल्यूएशन खड़ा किया और 2 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया। मंत्रालय का लक्ष्य है कि तकनीक की मदद से शहरों में कचरा प्रबंधन को और तेज, आसान और कारगर बनाना है।

## संभल हिंसा : मुख्य आरोपी शारिक साठा पर दो और एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज

**पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, शारिक साठा 2020 से भारत से है फरार**

**संभल।** उत्तर प्रदेश में संभल हिंसा के मुख्य आरोपित शारिक साठा के खिलाफ दो नई एफआईआर दर्ज की गई हैं। ये मामले एसआईटी प्रभारी रजनीश कुमार की तहरीर पर नखासा थाने में दर्ज किए गए हैं।

शारिक के खिलाफ यह कार्रवाई 25 अक्टूबर को बीएनएस की धारा 84 के तहत उद्घोषणा जारी होने के बावजूद न्यायालय में पेश न होने के कारण की गई है। शारिक साठा लगातार फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिशें दी गईं, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। इससे पहले भी उसके खिलाफ वारंट और गैर-जमानती वारंट जारी किए जा चुके थे। अदालत ने उसकी संपत्ति कुर्की की उद्घोषणा भी की थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ। एसआईटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि शारिक की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, शारिक साठा वर्ष 2020 से भारत से बाहर फरार है। दिल्ली की जेल से छूटने के बाद उसने फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भाग गया था। नखासा थाना क्षेत्र का हिंदुपुरा खेड़ा स्थित शारिक के मकान पर ताले लटके हुए हैं।

**सौगात** | रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने किया वर्चुअल उद्घाटन

## अब इज्जतनगर तक होगा गोरखपुर-पीलीभीत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर और पीलीभीत के बीच चलने वाली 15009 डाउन/15010 अप एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन बरेली के इज्जतनगर तक बढ़ा दिया गया और जल्द ही पीलीभीत से अमृतसर के लिए रेल संपर्क दिया जाएगा।

रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने रेल मंत्रालय से वर्चुअल माध्यम से पीलीभीत बरेली एवं पूरनपुर में रेलवे स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखा कर गाड़ी को विस्तारित गंतव्य के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में पूरनपुर के विधायक बाबूराम पासवान एवं बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार मौजूद थे। इस मौके पर रेल मंत्री वैष्णव ने वीडियोलिंक के माध्यम से कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि वह जल्द ही पीलीभीत से पंजाब में अमृतसर एवं अन्य शहरों के लिए रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कदम उठाएंगे। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने 2014 के बाद से उत्तर प्रदेश के लिए रेल बजट का आवंटन 1109 करोड़ रुपये से बढ़ा कर 19858 करोड़ रुपये तक कर दिया है। उत्तर प्रदेश में 157 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है जिनमें 48 स्टेशन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हैं। उत्तर प्रदेश में 2014 के बाद से करीब 5272 किलोमीटर लाइनें बिछायीं गयीं हैं। शत-प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है। 1660 फ्लाईओवर या अंडरपास बनाये गये हैं। 771 स्टेशनों पर वाई-फाई कनेक्टिविटी दी गयी है। राज्य में आज 34 वंदे भारत एक्सप्रेस एवं 26 अमृत भारत एक्सप्रेस गाड़ियां चल रहीं हैं। उन्होंने बताया कि राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के सहयोग से 48 लंबित परियोजनाएं पूरी हो पायीं हैं जो दशकों से अटकी पड़ीं थीं। भूमि अधिग्रहण एवं पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियां रेल परियोजनाओं में बड़ी बाधाएं होतीं हैं।





**रेलवे में हलाल प्रमाणित भोजन परोसने का कोई नियम निर्देश नहीं**

**मामले की होगी जांच**

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज स्पष्ट किया कि रेलवे ने किसी भी ट्रेन की खानपान सेवा में केवल हलाल प्रमाणन वाले खाद्य पदार्थ परोसे जाने को लेकर कोई भी निर्देश नहीं दिया है और गाड़ियों में ऐसे उत्पाद कैसे आये हैं, इसकी जांच के आदेश दे दिये गये हैं। वैष्णव ने यहां रेल भवन में एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं द्वारा ट्रेनों में हलाल प्रमाणित भोजन परोसे जाने को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के रेलवे बोर्ड को भेजे गये नोटिस के बारे में पूछे जाने पर कहा कि रेलवे में परोसे जाने वाले भोजन के हलाल प्रमाणन को लेकर कभी कोई निर्देश नहीं दिया गया है। उनसे पूछा गया कि एनएचआरसी ने रेलवे बोर्ड को नोटिस किया है जिसमें रेलवे द्वारा हलाल प्रमाणित भोजन परोसे जाने का आरोप एक युवक ने लगाया था। क्या वह जवाब देंगे, रेल मंत्री ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है। रेलवे के किसी भी नियम में हलाल प्रमाणन की कोई जरूरत या बाध्यता नहीं है।

# 18 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मान

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर के कार्य को 100 प्रतिशत पूर्ण करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** जनपद गोण्डा में विधानसभा निर्वाचन से संबंधित प्रमुख कार्यों के अंतर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर फार्म के 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 18 बीएलओ को आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मान जताया।

यह सम्मान उन सभी बीएलओ के उत्कृष्ट कार्य, समयबद्धता तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनके सहयोग और समर्पण को ध्यान में रखते हुए प्रदान किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर फॉर्म का पूर्ण डिजिटाइजेशन निर्वाचन कार्यों को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी कार्यों में सटीकता, समयबद्धता और तकनीक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता होती है।

समय से पूर्व 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करना न केवल विभागीय टीमवर्क का उदाहरण है, बल्कि यह प्रशासन की कार्यकुशलता को भी दर्शाता है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी 18 बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक बीएलओ की मेहनत, जिम्मेदारी और सक्रिय भागीदारी प्रशंसनीय है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इसी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में कार्य करने वाले कर्मचारी ही सफलता की मुख्य कड़ी होते हैं। समय पर कार्य पूर्ण कर बीएलओ ने जिले को प्रदेश स्तर पर उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर किया है। इसके अतिरिक्त सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने बीएलओ की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में जिलाधिकारी ने पुनः सभी बीएलओ को बधाई दी और कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि जनपद में निर्वाचन कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता और दक्षता के साथ संपादित किया जाए। एसआईआर फॉर्म का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सम्मानित किए गए बीएलओ का विधानसभावार विवरण**

**विधानसभा मेहनौन :** भोलेनाथ गुप्ता सहायक अध्यापक, दिनेश कुमार मिश्रा शिक्षामित्र।
**विधानसभा गोण्डा,** पूनम देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, उम्मतुल निशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री।
**विधानसभा कटरा बाजार :** आराधना शिक्षामित्र, राजेंद्र कुमार शिक्षामित्र, सुषमा तिवारी शिक्षामित्र, सिद्धार्थ कुमार मिश्र शिक्षामित्र, सुधा श्रीवास्तव शिक्षामित्र।
**विधानसभा करनैलगंज :** सरोज कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शिवकुमार यादव शिक्षामित्र, सुभागवती सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री, शशिबाला आंगनबाड़ी कार्यकत्री, गुड्डी आंगनबाड़ी कार्यकत्री।
**विधानसभा तरबगंज :** रामेश्वरी पाण्डेय आंगनबाड़ी कार्यकत्री।
**विधानसभा गौरा :** काजी मंजूर अहमद सहायक अध्यापक, सौरभ सिंह सहायक अध्यापक, अनीता सहायक अध्यापक।

# सफारी सवारों ने दो दोस्तों पर चढ़ाई गाड़ी, एक की मौत, एक घायल

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी जोत गांव के निवासी 25 वर्षीय नितिन मिश्रा पुत्र शंकर दयाल अपने दोस्त अरुण मिश्रा के साथ बुधवार की देर रात्रि को रेलवे स्टेशन गए हुए थे। रेलवे स्टेशन के गेट के पास एक सफारी गाड़ी सवार आधा दर्जन युवकों से कहा सुनी हो गई। उस के बाद सफारी सवार युवकों ने दोनों दोस्तों पर गाड़ी चढ़ा दिया जिस में नितिन मिश्रा और अरुण मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। चिकित्सक ने नितिन मिश्रा को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया।

अरुण मिश्रा की हालत गम्भीर होने पर उस को लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ न लेजाकर एक निजी चिकित्सालय में इलाज करा रहे थे। मृतक के चाचा सुरेश मिश्रा ने बताया कि उस के भतीजा नितिन मिश्रा और उस का दोस्त अरुण मिश्रा अपने एक दोस्त जिस को पंजाब जाना था। बुधवार की देर रात्रि करीब 11. 30 बजे छोड़ने जा रहे थे।स्टेशन पर छोड़ने के बाद बाइक से गेट के पास जैसे ही निकले तभी सामने से आ रही एक सफारी गाड़ी ने रोका लिया।

सफारी सवार युवकों से पुरानी रंजिश को लेकर कहा सुनी होने लगी। इसके बाद आधा दर्जन सफारी सवार युवकों ने गाड़ी को चढ़ा दिया। नितिन मिश्रा और अरुण मिश्रा घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कालेज लाया गया जिस में नितिन मिश्र की मौत हो गई। मृतक के चाचा सुरेश मिश्रा ने बताया कि उस के भतीजे को पुरानी रंजिश के लेकर गाड़ी चढ़ा कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। मृतक के पिता शंकर दयाल ने अज्ञात के खिलाफ में तहरीर दिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### दीवान सिपाही को पीटने वाले दो भाइयों को पुलिस ने भेजा जेल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के महराज गंज चौकी अंतर्गत इमाम बाड़ा चमर टोलिया में दीवान छोटे लाल यादव और सिपाही अरुण कुमार को पीटने वाले दो सगे भाई इमाम बाड़ा निवासी शशि गौतम उस के भाई राजन गौतम को पुलिस ने गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया गया है। बुधवार के दिन दीवान छोटे लाल यादव ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा लिखाया था। जिस में कहा था कि महराज गंज जिले के बृजमन गंज थाना का दीवान है। महराज गंज चौकी अंतर्गत इमाम बाड़ा निवासी शशि गौतम उर्फ आनंद गौतम ने अपने छोटे भाई की शादी बृजमन गंज थाना क्षेत्र में एक लड़की से लगाई थी। कुछ लेने देन को लेकर राजन गौतम ने शादी करने से इनकार कर दिया था। जिस का मुकदमा लड़की के पिता ने दायर किया है। उसी का सम्मन न्यायालय से राजन गौतम और उस के बड़े भाई शशि गौतम उर्फ आनंद के नाम पर जारी हुआ था।उसी का तमिला कराने के लिए महराज गंज चौकी के सिपाही अरुण कुमार के साथ गया था।दोनों भाइयों ने मार पीट किए और वर्दी फाड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि शशि गौतम और उस के भाई राजन को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया है।

### धर्म गुरु साईं चाण्डूराम साहिब की निकली रथ यात्रा

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** सिंधी समाज के धर्म गुरु साईं चाण्डूराम साहिब के 15 अक्टूबर को देह त्यागने के उपरांत पूरे भारतवर्ष में जिन जिन शहरों में सखी बाबा आश्रम की शाखाएं हैं। उन सभी शहरों में साईं चाण्डूराम साहिब की अस्थि कलश यात्रा एवं पुण्य स्मरण सभा का आयोजन पर गोंडा में भी इस यात्रा एवं पुण्य स्मरण सभा का आयोजन किया गया। यह यात्रा बहराइच रोड पर स्थित आनंदपुर दरबार से निकाली गई जो गुरु नानक चौक होते हुए गुड्डू मल चौराहा से पूज्य झूलेलाल धर्मशाला पर समापन हुई ।यात्रा में साईं जी के भजनों का गायन हुआ। जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों का भारी संख्या में जत्था रहा । और सखी बाबा सेवादारों द्वारा झाडू वाइपर आदि से मार्ग साफ किया जा रहा था। मार्ग साफ करने के उपरांत जल का छिड़काव भी किया गया। यात्रा में साईं जी का फोटो लगा हुआ अस्थि कलश रथ भी चल रहा था। साईं जी के भजनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे एवं उनकी आंखें नम हो गई। यात्रा के समापन के उपरांत मालवीय नगर स्थित बने सखी बाबा आसुदा राम आश्रम में पुण्य स्मरण सभा का आयोजन किया गया । पुण्य स्मरण सभा में लखनऊ से आई हुई भजन मंडली ने भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत की। जिसके उपरांत साइन जी के शिष्यों ने साईं जी के साथ अपने अपने जीवन के अनुभव श्रद्धालुओं के साथ साझा किये। तत्पश्चात आरती के बाद भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सखी बाबा आसुदा राम सेवा समिति,संत बीरबल दास ग्रुप,सावन कृपाल रूहानी मिशन, पूज्य आनंदपुर दरबार, जय माता दी ग्रुप एवं आरती कमेटी के सेवादार मौजूद रहे।

### कॉमन रिव्यू मिशन निरीक्षण में उपलब्धि पर अधीक्षक सम्मानित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला में गुरुवार, 27 नवंबर 2025 को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह सम्मान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह को सातवें कॉमन रिव्यू मिशन टीम द्वारा की गई पूर्व निरीक्षण (विजिट) में प्राप्त उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया। कॉमन रिव्यू मिशन टीम ने अपनी विजिट के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला को ऑल इन वन श्रेणी में महत्वपूर्ण सेवाओं के प्रभावी संचाल, स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं तथा प्रबंधन व्यवस्था के आधार पर सराहनीय पाया था। टीम ने विशेष रूप से केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग, चिकित्सकीय सेवाओं की समयबद्धता एवं जनहित में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की थी।

### कार्यशाला में मतदाताओं को सदर विधायक ने किया जागरूक

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** सदर विधानसभा के ग्राम पंचायत जबदही के बूथ संख्या 10 पर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सदर विधायक पलटू राम सक्रिय सहभागिता का मतदाताओं को एस आई आर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक मतदाता के घर-घर जाकर वितरित किए गए गणना प्रपत्र एकत्रित करें। फॉर्म भरने में आ रही समस्याओं का समाधान कराकर निर्धारित समय से पहले शत प्रतिशत मतदाताओं का ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करायें। सदर विधायक ने कार्यक्रम में लोगों से कहा कि वह अपना फॉर्म भरवा कर बीएलओ के पास जमा कर दें। फॉर्म भरने में यदि कोई समस्या आ रही है तो ग्राम प्रधान, शिक्षक व बीएलओ से मिलकर सही ढंग से फॉर्म भरवा ले। ग्राम प्रधान गुलजारीलाल शुक्ल ने कहा कि सबसे अधिक परेशानी घर की नई नवेली बहूओं के फॉर्म भरने में आ रही है। फार्म में माता-पिता का एपिक नंबर अंकित करना होता है जिसका पता लगाने में कठिनाई आ रही है। सदर विधायक ने मौके पर मौजूद बीएलओ अनूपा यादव से कहा कि वह संबंधित बीएलओ से बात करके माता-पिता का एपिक नंबर अंकित करायें।

# गोंडा को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सहयोग करेगी अपराजिता समिति

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अपराजिता सामाजिक समिति ने घोषणा की है कि वह भारत सरकार की 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान पहल से प्रेरित होकर गोंडा को एक वर्ष के भीतर बाल विवाह-मुक्त जिला बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करेगी। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किया गया है, जिसमें स्कूल-कालेज, धार्मिक स्थल, विवाह सेवा प्रदाता तथा पंचायत/नगरपालिका स्तर पर लक्षित रणनीति अपनाई गई है।

अपराजिता सामाजिक समिति, जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क की सहयोगी संस्था है, जिसके 250 से अधिक संगठन देश के 451 जिलों में सक्रिय हैं और केवल पिछले वर्ष में ही इस नेटवर्क ने 1 लाख से अधिक बाल विवाह रोके हैं। अभियान की पहली वर्षगांठ (27 नवंबर) पर संगठन ने जिले भर में जागरूकता कार्यक्रमों, शपथ समारोहों और स्कूल-समुदाय स्तर पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया गया, विशेषकर यह कि बाल विवाह में शामिल या सहयोग करने वाले-मेहमान, कैटरर, बैंड, टेंट, सजावट या पुरोहित-सभी दंडनीय श्रेणी में आते हैं।

जिला प्रशासन (डीपीओ सर के निर्देशन में -चाइल्ड हेल्प लाइन, वन स्टॉप सेंटर,) थाना एएचटी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय के जरिए संगठन ने पिछले वर्ष कई बाल विवाह रुकवाए हैं। कार्यक्रम निदेशक किरण बैस ने कहा- सरकार का 100 दिवसीय यह अभियान देश में परिवर्तन की दिशा तय करेगा। जब जनप्रतिनिधि, सरकारी विभाग, कानून व्यवस्था और समुदाय एकजुट होकर खड़े हों, तो बाल विवाह को समाप्त करना संभव है।

# एसपी ने एम्स इण्टरनेशनल स्कूल पहुंचकर बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

समृद्धि न्यूज






**गोंडा।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा एम्स इंटरनेशनल स्कूल, गोण्डा में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पहुंचे, जहाँ विद्यालय प्रबंधन एवं कॉलेज स्टाफ द्वारा उनका भव्य स्वागत मोमेंटो और शॉल भेंटकर किया गया। स्वागत के उपरान्त महोदय द्वारा खेल परिसर का निरीक्षण किया तथा विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभाग करने आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

साथ ही खिलाड़ियों की तैयारी, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन द्वारा महोदय को प्रतियोगिता में शामिल खेलों की विस्तृत रूपरेखा, प्रतिभागियों की संख्या, आयोजन की समय-सारणी तथा विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभाशाली बच्चों की जानकारी दी गई। महोदय द्वारा खेल मैदान, सुरक्षा व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए बनाए गए अलग-अलग वार्मअप ज़ोन एवं मेडिकल सुविधाओं का भी जायजा लिया और आवश्यकतानुसार कुछ सुधारात्मक सुझाव भी प्रदान किए। संबोधन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बताया गया कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त साधन हैं। खेल व्यक्ति के भीतर अनुशासन, निर्णय क्षमता, नेतृत्व गुण व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यक है तो केवल उन्हें उचित अवसर और मंच प्रदान करने की। साथ ही विद्यालय के शिक्षकगण, खेल प्रशिक्षकों एवं प्रबंधन द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ जिले के खेल वातावरण को भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला पुलिस प्रशासन की ओर से खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धन सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# अनियंत्रित कार ने मासूम को मारी टक्कर, जिला अस्पताल रेफर



समृद्धि न्यूज़

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुल्ताना मोड़ के पास बृहस्पतिवार को एक अनियंत्रित कार ने सड़क पार कर रहे पांच वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रिंस (5) पुत्र महेश कपूर निवासी गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार से बहराइच की ओर जा रही कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और मासूम को सीधी ठोकर मार दी। टक्कर के बाद परिजनों ने घायल प्रिंस को सीएचसी विशेश्वरगंज पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बहराइच रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और तत्काल कार्रवाई करते हुए कार व चालक को थाने ले गई। घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने मार्ग पर तेज रफ्तार और शिथिल ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था को बार-बार हो रही दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बताया है।

## अलाव ताप रही महिला की गोली मारकर हत्या

**बहराइच।** कैसरगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10, डिहवा निवासी राजू की पत्नी गुड़िया (30 वर्ष) जिलानी के घर पर किराए पर रहती थीं। बुधवार शाम घर के बाहर अलाव ताप रही थीं, तभी एक युवक टहलते हुए उसके पास पहुंचा और कनपटी पर गोली मारकर फरार हो गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। परिजन तत्काल महिला को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचेद्ध। यहां उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कैसरगंज थाना प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा और सीओ मौके पर पहुंचे व घटना के संबंध में पूछताछ की।

थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। सास साबरा ने बताया कि बहू और बेटा कुछ दूरी पर एक किराए के मकान में रहते थे। पति राजू वाहन चालक है। घटना के समय गाड़ी लेकर लखनऊ गया था। सूचना मिलने पर वह भी घर लौट रहा है। थाना प्रभारी ने बताया मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# नगीन ट्रेडर्स मालिक के ठिकानों पर आईटी की रेड

**24 घंटे से जारी छापेमारी, रियल एस्टेट कारोबारी हैं मोइन खान**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** नगीन ट्रेडर्स एंड मोल्डिंग के मालिक और रियल एस्टेट कारोबारी मोइन खान के प्रतिष्ठानों और आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी बुधवार को शुरू हुई, जो गुरुवार दोपहर तक जारी रही। इस कार्रवाई में 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है।

आयकर विभाग के 30 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी दस्तावेजों की गहन जांच कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस भी आयकर टीम के सहयोग के लिए तैनात की गई है। मोइन खान के अकबरपुरा स्थित नगीन ट्रेडर्स, नाज़रिपुरा स्थित होटल और देहात कोतवाली इलाके में स्थित उनके आवास सहित कुल चार ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने करीब सात साल पहले नगीन ट्रेडर्स एंड माउंडलिंग कंपनी की स्थापना की थी। वह कैसरगंज और बहराइच में बड़े पैमाने पर रियल एस्टेट का कारोबार भी करते हैं। छापेमारी के संबंध में आयकर विभाग के अधिकारी फिलहाल कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। कारोबारी मोइन खान ने बताया कि आयकर विभाग की रेड चल रही है और वे टीम का पूरा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छापेमारी किस कारण से की जा रही है, इसका जवाब अधिकारी ही दे सकते हैं।

## नल पर पानी लेने गई बुजुर्ग महिला को तेंदुए ने मार डाला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में एक जंगली जानवर के हमले में 62 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। यह घटना बुधवार देर शाम उमरी दहलौ गांव में हुई, जब महिला घर के बाहर लगे नल से पानी लेने गई थी। जानवर उसे गन्ने के खेत में खींच ले गया। मृतक की पहचान शांति देवी (62) के रूप में हुई है। वह शौच जाने के लिए घर के बाहर लगे नल से पानी लेने निकली थीं। तभी एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें पास के गन्ने के खेत में घसीट ले गया। ग्रामीणों के लाठी-डंडे लेकर पीछा करने पर जानवर महिला को छोड़कर भाग गया।हमले में शांति देवी के सिर और गले पर गहरे घाव हो गए थे। परिजन उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि जंगली जानवर के हमले में एक महिला की मौत की सूचना मिली है। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

# आशाएं बनीं मतदाताओं की सबसे बड़ी सहयोगी पयागपुर में एसआईआर फॉर्म अभियान में तेजी

समृद्धि न्यूज



**पयागपुर, बहराइच।** विकासखंड पयागपुर में एसआईआर फॉर्म भरने का अभियान इन दिनों तेज़ रफ्तार पकड़ चुका है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए हर गांव में अभियान जारी है। इस पूरी प्रक्रिया को गति देने में सीएचसी पयागपुर के चिकित्साधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी की भूमिका सबसे अहम नजर आ रही है। उनके निर्देशन पर उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पांडेय के आदेश अनुसार स्वास्थ्य विभाग की सभी आशाओं को मतदाताओं की मदद के लिए विशेष रूप से लगाया गया है।

डॉ. तिवारी ने बताया कि आशाओं को यह जिम्मेदारी इसलिए दी गई है ताकि वे अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं तक पहुंच सकें। उनका कहना है कि ÷हमारा लक्ष्य है कि पयागपुर का कोई भी पात्र मतदाता एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रहे। आशाएं स्वास्थ्य कार्यों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता का भी मोर्चा संभाल रही हैं।

बीपीएम अनुपम शुक्ल और स्वयं चिकित्साधीक्षक द्वारा इस अभियान की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। अब तक आशाओं की मदद से हजारों की संख्या में एसआईआर फॉर्म भरे जा चुके हैं, जिससे व्यापक जनसहभागिता का माहौल बन गया है। इस अभियान में बीएलओ, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अध्यापक भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। डॉ. तिवारी ने अपील की है कि ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में आगे आएं और आशाओं व बीएलओ के साथ मिलकर अपने एसआईआर तथा अन्य आवश्यक फॉर्म समय से भरें। साथ ही उन्होंने आशाओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पयागपुर में स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में चल रहा यह संयुक्त प्रयास मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक सफल और मिसाल बनने वाला कदम साबित हो रहा है।

**कार्यक्रम** — श्री गुरु तेगबहादुर महाराजा ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए दिया सर्वस्व बलिदान

# प्रेरणा स्रोत है श्री गुरु तेगबहादुर महाराज जी का जीवन

**शहीदी पर्व पर संघ कार्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी के 350वां शहीदी पर्व श्रद्धा एवं सम्मान के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय राजेंद्र भवन पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश कर किया गया। उनकी स्मृति में गुरु ग्रंथ साहब का पाठ, सबद वाणी व कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार ने कहा कि 17वीं सदी भारत के लिए काफी कठिन समय था औरंगजेब के शासन में धार्मिक कट्टरता और जबरन धर्मांतरण की घटनाएं बढ़ गई थी खासकर कश्मीर में उनके सूबेदार इस्तखार खान द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे थे।

हिंसा और जबरदस्ती धर्म परिवर्तन की कोशिशें से परेशान होकर कई कश्मीरी ब्राह्मण किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में थे जो उनकी रक्षा कर सके इन्हीं परिस्थितियों में 1675 में पंडित कृपाराम के नेतृत्व में एक समूह आनंदपुर साहिब पहुंचा उन्हें पता था की गुरु तेग बहादुर जी का दरबार हमेशा पीड़ितों और कमजोरों के लिए खुला रहता है गुरु साहब को लोग सिर्फ आध्यात्मिक गुरु ही नहीं बल्कि एक राष्ट्र रक्षक और मार्गदर्शक थे जब समाज के लोगों ने अपनी पीड़ा सुनाई तो सवाल उठा इन अत्याचारों के खिलाफ कौन होगा जवाब बहुत स्पष्ट है सबसे महान संत ही यह जिम्मेदारी उठा सकते हैं श्री गुरु तेग बहादुर जी ने बिना झिझक इस जिम्मेदारी को स्वीकार किया और धर्म रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान दिया। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का बलिदान बेहद स्पष्ट संदेश प्रेषित करता है सत्य के साथ खड़े रहो कमजोरों की रक्षा करो अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करो अपनी आस्था पर निष्ठ रहो और अन्य के सामने कभी न झुको।कार्यक्रम का संचालन गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मनदीप वालिया व जिला कार्यवाह भूपेंद्र ने किया।

इस अवसर पर ज्ञानी विक्रम सिंह, सरदार राजपाल सिंह,सरदार जयदीप सिंह, सरदार फतेह सिंह, इंद्रपाल सिंह, गुरु सेवक सिंह, स्वप्निल, जसवीर सिंह, सौरभ जैन, रोशन सिंह, जिला प्रचारक अजय, विभाग प्रचार प्रमुख अतुल, राष्ट्र सेविका समिति की सुनीता, रंजीत वाल्मीकि, निशा शर्मा, जिला प्रचार प्रमुख विपिन सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित है।

## पुलिस से भिड़े कांग्रेसी बैरियर पर चढ़कर विरोध

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसी प्रदेश कार्यालय से मार्च निकालते हुए चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव करने बढ़े। वोट चोर गद्दी छोड़, आरएसएस की नई शाखा चुनाव आयोग के नारे लगाए। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। कांग्रेसियों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेसी पुलिस के बैरियर पर चढ़ गए। बैरियर पर खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यालय से करीब 100 दूरी तक ही कांग्रेसी जा पाए। उसके बाद पुलिस ने उन्हें घसीटकर गाड़ी में बैठाया। हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई।

# अन्नदाताओं को अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराएगी डबल इंजन सरकार

### वर्ष 2025-26 में यूपी के 'अन्नदाता किसानों' को 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी सरकार, 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं किसान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** योगी सरकार पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में यूपी के 'अन्नदाता किसानों' को अनुदान पर 40521 सोलर पंप उपलब्ध कराएगी। इसका लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को 15 दिसंबर तक कृषि विभाग की वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। अनुदान पर सोलर पंप उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो विभाग की इस वेबसाइट पर पंजीकृत होंगे। किसानों का चयन ई-लॉटरी के जरिए होगा।

किसानों को 9 प्रकार के सोलर पंप पर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनुदान के रूप में बड़ी राशि की छूट मुहैया कराई जा रही है। यह अनुदान उत्तर प्रदेश के किसानों की समृद्धि में सहायक हो रहा है। कृषि विभाग के मुताबिक 2 एचपी के लिए 4 इंच, 3 व 5 एचपी के लिए छह इंच व 7.5 एचपी व 10 एचपी के लिए 8 इंच की बोरिंग अनिवार्य है। यह बोरिंग स्वयं किसान की होगी। सत्यापन के समय बोरिंग न पाए जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त होगी और आवेदन निरस्त माना जा सकता है। 22 फीट तक 2 एचपी सरफेस, 50 फीट तक 2 एचपी सबमर्सिबल, 150 फीट तक 3 एचपी सबमर्सिबल, 200 फीट तक 5 एचपी सबमर्सिबल, 300 फीट तक उपलब्ध जल स्तर के लिए 7.5 एचपी व 10 एचपी सबमर्सिबल सोलर पंप उपयुक्त होते हैं। पोर्टल पर जनपदवार 2 एचपी व 3 एचपी का लक्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा।

### किसानों को सोलर पंपों पर केंद्रांश व राज्यांश के रूप में मिलेगा अनुदान

उप्र कृषि विभाग की ओर से किसानों को अलग-अलग सोलर पंपों पर अनुदान दिए जाएंगे। इसमें केंद्र व राज्य सरकार का अलग-अलग अंश भी होगा। 2 एचपी डीसी/एसी सरफेस पंप पर राज्य सरकार द्वारा 56737-56737 रुपये व केंद्र सरकार द्वारा 41856-41856 रुपये का अनुदान मुहैया कराए जाएंगे। दोनों पंपों पर कुल 98593-98593 रुपये अनुदान स्वरूप किसानों को प्रदान मिलेंगे। 2 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर केंद्रांश व राज्यांश के रूप में किसानों को 1,00,215 रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। 2 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप 99,947 रुपये का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। 3 एचपी डीसी सबमर्सिबल पंप पर 1,33,621 रुपये व 3 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,32,314 रुपये का अनुदान मिलेगा। इसमें राज्य की ओर से 77,618 रुपये व केंद्र सरकार की ओर से 54696 रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। 5 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर 1,88,038 रुपये का अनुदान किसानों को प्राप्त होगा। वहीं 7.5 एचपी एसी व 10 एचपी एसी सबमर्सिबल पंप पर किसानों को अलग-अलग अनुदान के रूप में सर्वाधिक 2,54,983 रुपये का लाभ मिलेगा। दोनों पंपों पर अलग-अलग अनुदान भी मिलेगा।

### टोकन मनी के रूप में किसानों को जमा करने होंगे महज पांच हजार

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा व उत्थान महाभियान के अंतर्गत योगी सरकार ने किसानों से 15 दिसंबर तक आवेदन करने की अपील की है। किसानों को अनुदान पर सोलर पंप की ऑनलाइन बुकिंग, www. agriculture.up.gov.in पर जाकर 'अनुदान हेतु सोलर पंप की बुकिंग करें' लिंक पर जाकर करनी होगी।

## खबरें एक नजर में

### केंद्रीय खाद्य मंत्री से मिले राज्यमंत्री सतीश शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश शर्मा पहुंचे नई दिल्ली और नई दिल्ली स्थित कृषि भवन केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण व नवीन ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। श्री शर्मा ने उत्तर प्रदेश की ओर से विभागीय विषयों पर केंद्रीय मंत्री के साथ सार्थक चर्चा की। श्री शर्मा के मुताबिक केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री मन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आमजन के हितों खातिर हर कदम उठाने को सरकार सदैव तत्पर है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों एवं आमजन के हितों के प्रति संवेदनशील व प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा उन्हें समय व मार्गदर्शन प्रदान कर मार्गदर्शन दिया, इसके लिए किए जाने के लिए उनका हार्दिक आभार है।

### गोमती में कूदी महिला, 10 घंटे बाद मिला शव, नहीं हुई पहचान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चौक क्षेत्र में बुधवार शाम गोमती नदी में एक महिला कूद गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके कर पहुंची पुलिस ने गोताखोर और एसडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। करीब 10 घंटे के बाद महिला का शव बरामद हुआ। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। बुधवार शाम करीब 7.45 पर चौक थाना क्षेत्र स्थित पक्के पुल से एक महिला गोमती नदी में कूद गई। बाबा हजारा बाग निवासी कमल ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर रात तक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन महिला का पता नहीं चला। गुरुवार सुबह पुलिस ने एसडीआरएफऔर गोताखोरों के साथ दोबारा रेस्क्यू अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान महिला का शव नदी से बरामद हुआ। पुलिस ने महिला की पहचान के लिए फोटो जारी की है। जिसमें बताया गया है कि मृतका की लगभग 45-50 वर्ष है। पहचान होने पर इन नम्बर पर दे जानकारी- प्रभारी निरीक्षक, थाना चौक 9454403847 थाना कार्यालय चौक 7839861101

### इप्सेफ ने पीएम को भेजा कर्मचारी शिक्षकों व बेरोजगारों की समस्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने प्रधानमंत्री को दोबारा पत्र भेज कर आग्रह किया है कि देशभर के सरकारी कर्मचारी शिक्षकों की समस्याओं का मिल बैठकर समाधान निकाले क्योंकि निरंतर असंतोष बढ़ता जा रहा है पढ़े लिखे युवा वर्ग को आउटसोर्सिंग के माध्यम से रोजगार तो दिया जा रहा है परंतु उन्हें जीने लायक वेतन व अन्य जीवन यापन सुविधा नहीं मिल पा रही हैं जिससे उनके परिवार का जीवन दुभर हो गया है। सरकार जहां विकास कार्य कर रही है वहीं पर युवा वर्ग को वंचित सुविधाएं देने का भी दायित्व बनता है। श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि देशभर के कर्मचारी शिक्षकों एवं युवा पीढ़ी को उत्साहित करने के लिए निम्न समस्याओं का मिल बैठकर समाधान निकालें। पीएम को भेजे पत्र में कहा गया है कि यूपीएस-एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल कर कर्मचारियों की पीड़ा को समाप्त करें उनका मनोबल बढ़ाएं। देशभर के शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा से मुक्ति दिलाएं।आउटसोर्स कर्मचारी को जीने लायक पदवार न्यूनतम वेतन व अन्य सुविधाएं तथा रिक्त पदों पर नियुक्तियों में वरीयता का प्रावधान कराएं।

### पशु चिकित्सालयों, सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण को धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में एसएनए स्पर्श के अंतर्गत अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना के तहत पशु चिकित्सालयों,पशु सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ 82 लाख 17 हजार 03 सौ मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों,दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का दायित्व निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन का होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना के अनुसार योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

### आठ मार्गों के चालू कार्यों के लिए अवशेष धनराशि अवमुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत मेरठ मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 08 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 01 करोड़ 11 लाख 46 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यों की वित्तीयध्भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षणध्सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

### बिजली कर्मियों को मिला देशव्यापी समर्थन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन का एक साल पूरा होने पर आज देश भर में लाखों बिजली कर्मियों ने सड़कों पर उतर कर निजीकरण और इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 का जोरदार विरोध किया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि आज प्रदेश के सभी जनपदों में बिजली कर्मियों ने लगातार 365 वें दिन विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बाबा नीम करोरी की जन्म स्थली पर आयोजित कार्यक्रम में कहा

# उत्तर प्रदेश में 2027 में 2017 का इतिहास दोहराएगी भाजपा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दावा किया कि प्रदेश में 2027 के चुनाव में भाजपा पुनः 2017 का इतिहास दोहराएगी और प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। एसआईआर को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष काम कर रहा है। एसआईआर से प्रदेश और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गुरुवार को फिरोजाबाद के बाबा नीम करोरी की जन्म स्थली पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए विपक्ष द्वारा लगातार



किए जा रहे हमलों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की बयानबाजी उनकी संभावित हार के डर को दर्शाती है। उन्होंने बिहार में एसआईआर (संभवतः मतदाता सूची संशोधन) लागू होने का जिक्र करते हुए कहा कि वहां एक भी मतदाता ऐसा नहीं मिला, जिसने अपने वोट कटने की शिकायत की हो। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि चुनाव पारदर्शी हुए और जंगलराज के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं ने जीत सुनिश्चित की। उन्होंने दावा किया कि भाजपा पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में इस बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। उप मुख्यमंत्री ने एसआईआर को लेकर कहा कि इसके लागू होने के बाद देश में अवैध घुसपैठियों पर लगाम लगाई जा रही है। एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा और देश विरोधी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी, जिससे प्रदेश और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे। ब्रजेश पाठक ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा 2017 का इतिहास 2027 में दोहराएगी और उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

### एके शर्मा ने शीतला माता मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अपने मऊ प्रवास के दौरान आज ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र शीतला माता मंदिर में व्यापक पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के साथ ही मंदिर के नए स्वरूप के निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है, जिसके पूर्ण होने के बाद यह मंदिर न केवल धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय विकास को भी नई गति देगा। मंत्री श्री शर्मा ने बताया कि नगर विकास विभाग की महत्वाकांक्षी वंदन योजना के अंतर्गत शीतला माता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 2 करोड़ रुपये का विशेष योगदान स्वीकृत किया गया है। इस राशि से मंदिर परिसर का विस्तार, श्रद्धालुओं के बैठने एवं आवागमन की उचित व्यवस्था, बेहतर रोशनी, पेयजल, पार्किंग व सुरक्षा सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि शीतला माता मंदिर मऊ की आस्था का बड़ा केंद्र है। संतुलित विकास का अर्थ केवल सड़क, बिजली या भवन नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करना भी है। सरकार ऐसे पवित्र स्थलों को उनके गौरव के अनुरूप विकसित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## एनसीसी स्थापना दिवस पर साइकिल मार्च, पोस्टर रैली

**लखनऊ ।** ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय कैडेट कोर का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एनसीसी ऑफिसर डॉ. मनीषा कुमारी ने किया। एनसीसी की स्थापना वर्ष 1948 में युवाओं में राष्ट्रीय भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने शहर में साइकिल मार्च निकाला। उन्होंने एक पोस्टर रैली भी आयोजित की, जिसमें एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को दर्शाया गया। इस दौरान कैडेट्स ने विभिन्न संदेशों के माध्यम से युवाओं को देश सेवा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया।

## महापौर का सफाई व सुरक्षा व्यवस्था पर जोर सरकारी अस्पतालों को सतर्क रहने के आदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर निगम लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शहर में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या व बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को विस्तृत पत्र भेजा है।

महापौर ने इन अवैध बस्तियों से फैल रहे अपराध, कूड़ा निस्तारण में अनियमितता, गंदगी, फर्जी दस्तावेजों के उपयोग तथा खाली मकानों पर कब्जे जैसी गतिविधियों को शहर की सुरक्षा और स्वच्छता के लिए खतरा बताया है। महापौर ने अपने पत्र में कहा है कि केंद्र सरकार भी ऐसे घुसपैठियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी कर रही है। इसी क्रम में नगर निगम को विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कई जगहों पर अवैध रूप से बसे लोग सफाई, जल निकासी और कूड़ा प्रबंधन को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि शहर के सभी सरकारी और अर्धसरकारी अस्पतालों में ऐसे व्यक्तियों के प्रवेश और गतिविधियों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। महापौर ने यह भी कहा है कि अस्पताल प्रबंधन संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यह सुनिश्चित करे कि अवैध बस्तियों से आने वाले किसी भी व्यक्ति का रिकॉर्ड, पहचान व संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत संबंधित विभागों को प्रदान किया जाए।

## राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्माणाधीन भवन को 31 तक पूर्ण करने के निर्देश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, हृषिकेश भास्कर याशोद ने गुरूवार को प्राधिकरण के लिए गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ के सेक्टर-7 में बन रहे निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। श्री याशोद ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अभियन्ताओं तथा ठेकेदार को प्रत्येक दशा में भवन का कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण 31 दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस दौरान भवन में आपातकालीन संचालन केन्द्र, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, मीटिंग हाल, लेक्चर हाल, क्लासरूम, डायनिंग एरिया, किचेन, मेस इत्यादि में हो रहे कार्यों को भी देखा।

# बीएलओ के साथ हो रहा अमानवीय व्यवहार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बीएलओ पर एसआईआर का इम्प्रैक्टिकल टारगेट देकर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है जो बेहद निंदनीय और घोर आपत्तिजनक है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने नई नौकरियां तो दी नहीं, जो चली आ रही हैं उन्हें भी इतना कठिन बना दिया है कि लोग हताश होकर नौकरी छोड़ दें। जो पूरे नहीं हो सकते ऐसे असंभव लक्ष्य देकर, बीएलओ से अपना घर-परिवार भूलकर मशीन की तरह काम करने की उम्मीद करना अमानवीय है।

भाजपा ये सब काम अपने चुनावी महाघोटाले के लिए कर रही है लेकिन सवाल ये है कि जो बीएलओ हताश



होकर नौकरी छोड़ रहे हैं या जो अपनी जान तक दांव पर लगा दे रहे हैं, वो इस सियासी घपलेबाजी का खघमियाजा क्यों भुगतें। देश भर के कर्मचारियों को इसके खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज उठानी चाहिए। हम हर बीएलओ के साथ हैं। हमारी हर बीएलओ से अपील है कि इन हालातों में ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाएं जिससे आपका परिवार प्रभावित हो। उन्होने कहा कि बीएलओ को किसी भी गलती के लिए जिम्मेदार ठहराना किसी भी परिस्थिति में न्यायसंगत नहीं है। भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की नाकामी की वजह से बीएलओ की जानें जा रही हैं। मतदान का अधिकार संवैधानिक अधिकार है, मतदाता का सम्मान होना चाहिए न कि मतदाता को तमाम तरह की परेशानियों में डालने वाली एसआईआर प्रक्रिया में फंसा कर अपमानित किया जाए। भाजपा वोट का अधिकार खत्म करना चाहती है। उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोगों का वोट काटे जाने की आशंका है। पीडीए से घबराई भाजपा सरकार तमाम तरह की साजिशे रच रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि माना भाजपा राज का ये बेहद दुखदायी काल चल रहा है परंतु धैर्य रखें और ये विश्वास भी कि हर क्रूर शासन के जुल्म का एक ना एक दिन अंत होता ही है, इसीलिए दुनिया में सच्चाई और अच्छाई आज तक बची है।

# पर्यटन को वैश्विक मंच पर स्थापित करने के लिए हुआ मंथन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने तथा अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विषय पर आज योजना भवन में एक उच्चस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पर्यटन से जुड़े विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी एवं अन्य विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे।

पर्यटन के विस्तार के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने के लिए विभिन्न सत्रों में गहन विचार विमर्श किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात, महानिदेशक पर्यटन राजेश



कुमार एवं पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अपने विचार एवं सुझाव तथा निवेश की संभावनाओं पर मंथन किया। इसके अलावा विभागीय प्राथमिकताओं एवं नीतिगत सुधारों पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में योजना विभाग, आयुष, संस्कृति विभाग तथा राज्य परिवर्तन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इसके अलावा विभिन्न सत्रों में नीति आयोग के प्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने अपने विशेष संबोधन में कहा कि पर्यटन सदैव और सर्वदा रहने वाला क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में पहले पायदान पर है, जबकि विदेशी पर्यटन में चौथे पायदान पर है। मौजूदा वर्ष 2025 में जबकि अभी एक महीना शेष है, पर्यटकों का आगमन नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, बीते सात वर्षों के दौरान 2019 का कुंभ और 2025 का महाकुंभ हमारी पर्यटन प्रगति को दर्शाता है। अयोध्या, काशी की तरह ही मथुरा में भी आधारभूत संरचना के विकास पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार ने वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी में पर्यटन की भूमिका को अहम बताया। साथ ही, सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए इस क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित युवा पीढ़ी को लाने को प्राथमिकता सूची में रखने को कहा है। उन्होंने पर्यटन में कॉरपोरेट की भूमिका, हाइवे और एक्सप्रेस-वे के किनारे वे-साइड एमिनिटीज के विकास और सस्टेनेबल टूरिज्म जैसे प्रमुख बिंदुओं पर भविष्य के लिए सुझाव दिए। प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर एक एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पर्यटन और उससे जुड़ी सूक्ष्म जानकारी कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य लोगों को दी। उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में राज्य सरकार द्वारा हवाई, रेल, सड़क सहित अन्य कनेक्टिविटी विकसित किए जाने से प्रदेश में पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। बेहतर प्रशासन और अपराधमुक्त माहौल ने भी आगंतुकों को आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यूपी में म्यूजियम की वृहद् श्रृंखला है। मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शौर्य संग्रहालय का काम भी तेजी से चल रहा है।

# विशेष जागरूकता शिविर आयोजित



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल अपने कर्मचारियों के हितों एवं कल्याण के लिए समय-समय पर विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है।

इसी क्रम में आज कल लखनऊ (चारबाग) रेलवे स्टेशन के वीआईपी लाउन्ज में एकीकृत पेंशन योजना तथा राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के बारे में कर्मचारियों को जागरूक करने एवं विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों को नई पेंशन व्यवस्था से सम्बन्धित प्रावधानों, लाभों, आवेदन प्रक्रिया, निवेश विकल्पों एवं रिटायरमेंट के बाद प्राप्त होने वाली सुविधाओं के बारे में स्पष्ट और व्यापक जानकारी उपलब्ध कराना था। विशेषज्ञों द्वारा यूपीएस/एनपीएस की संरचना, अंशदान प्रणाली, टैक्स लाभ, पेंशन योजना चयन प्रक्रिया तथा रिटायरमेंट प्लानिंग के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी गई।

## आईसीएआर की तकनीकी विशेषज्ञता के अधिकतम उपयोग की जरूरत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन'' स्टेकहोल्डर्स परामर्श के अंतर्गत पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र परामर्श का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं नीति निर्माताओं ने प्रतिभाग करते हुए उत्तर प्रदेश के पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए नीतिगत सुधारों, निवेश अवसरों तथा नवाचारों पर विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। कार्यक्रम में श्याम बिहारी गुप्ता, अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग ने भी पशुधन एवं डेयरी क्षेत्र में पशुपालन की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने गोबर से बायोगैस व स्लरी को खाद के रूप में उपयोग करने, गोबर-गोमूत्र सहकारी समितियों की स्थापना करने, मल्टी-लेयर फार्मिंग तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने संबंधी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव, मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन के अनुरूप पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्र की भावी दिशा पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण आय में वृद्धि, रोजगार सृजन और कृषि-जीएसवीए में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य को मजबूत करना, मानव स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

**बदलाव**

### इस अवधि में संरक्षा व सुगम ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने को ट्रेनों के संचालन में किए जाएंगे परिवर्तन

# तीन दिसंबर को बंद रहेगा लखनऊ-कानपुर रेल मार्ग, 23 ट्रेनें होंगी प्रभावित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा अपने रेल संरक्षा एवं संरचना उन्नयन कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 03 दिसम्बर 2025 (बुधवार) को कानपुर सेंट्रल-लखनऊ रेल खण्ड पर अमौसी-मानक नगर स्टेशन तथा जैतीपुर-हरौनी सेक्शन के बीच 08 घंटे का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। यह ब्लॉक प्रातः 09.25 बजे से 17.25 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस ब्लॉक के दौरान लेवल क्रॉसिंग संख्या LC No-05/C एवं 06/C के निकट आरसीसी बॉक्स पुशिंग कार्य एवं



डीएन लाइन शिफ्टिंग सहित महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्य किए जाएंगे। इस अवधि में संरक्षा एवं सुगम ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्नलिखित ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन किए जाएंगे।

निरस्तीकरण 03.12.2025 को अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाली गाड़ी संख्या 11109 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-लखनऊ जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11110 लखनऊ जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 51813 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-लखनऊ पैसेंजर, गाड़ी संख्या 51814 लखनऊ- वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पैसेंजर है जबकि

मार्ग परिवर्तित ट्रेनों में 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्स. उन्नाव-माखी-बालामऊ-लखनऊ के रास्ते, 12103 पुणे-लखनऊ एक्स. उन्नाव-माखी-बालामऊ-लखनऊ के रास्ते, 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्स उन्नाव- माखी -बालामऊ-लखनऊ जं. के रास्ते, 12173 लोकमान्य तिलक- माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ उन्नाव-डलमऊ-उबरनी-रायबरेली-प्रतापगढ़ के रास्ते, 12180 आगरा फोर्ट-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस उन्नाव-माखी-बालामऊ-आलमनगर-लखनऊ के रास्ते, 19715 जयपुर-गोमतीनगर (उन्नाव- माखी -बालामऊ-आलमनगर-लखनऊ-गोमतीनगर, किन्तु (ऐशबाग़ एवं बादशाह नगर स्टेशन पर ठहराव नहीं) के रास्ते

12589 गोरखपुर-चर्लपल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस (ऐशबाग-लखनऊ-आलमनगर-बालामऊ-माखी-उन्नाव-कानपुर) के रास्ते, (लखनऊ स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा ) और गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर (लखनऊ-आलमनगर-बालामऊ-माखी-उन्नाव) के रास्ते (लखनऊ स्टेशन पर ठहराव नहीं रहेगा) संचालित की जायेगी। जिन ट्रेनों की रीस्ड्यूलिंग की गई है उनमें 64212 कानपुर सेंट्रल-लखनऊ मेमू (240 मिनट विलंब, 12.20 की बजाय 16.20 बजे), 64282 उतरेटिया-शिउपुर ( 17.10 की बजाय 17.45 बजे लेट प्रस्थान), 12003 लखनऊ जं-नई दिल्ली (लखनऊ जं. से 100 मिनट विलंब),. 12104 लखनऊ-पुणे (लखनऊ से 90 मिनट विलंब), 15067 गोरखपुर- बांद्रा टर्मिनस (गोरखपुर से 145 मिनट विलंब), 15109 छपरा - मथुरा (छपरा से 205 मिनट विलंब), 04449 दरभंगा - नई दिल्ली (जेसीओ 02.12.2025) (दरभंगा से 180 मिनट विलंब एवं बराबंकी पर 145 मिनट विलंब) और विनियमन की गई ट्रेनों में 12875 पुरी-आनंद विहार टर्मिनल (225 मिनट), 64211 लखनऊ - कानपुर सेंट्रल (205 मिनट), 12179 लखनऊ जं-आगरा फोर्ट (75 मिनट) शामिल हैं। उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेनों की स्थिति एनटीईएस ऐप, रेलवे हेल्पलाइन 139, तथा नजदीकी स्टेशन से अवश्य सत्यापित कर लें। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए उत्तर रेलवे खेद व्यक्त करता है तथा सुरक्षित एवं बेहतर रेल सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्ग दिव्यांग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जनपद के परशुरामपुरी जलालाबाद के मोहल्ला गांधीनगर में सोसाइटी वाली गली में रहने वाले स्व. आसाराम की विधवा पत्नी सावित्री ने लोहे के दरवाजे वाले ऊपर वाले हुक से प्लास्टिक की रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लो। विधवा महिला अकेले रहती थी। मोहल्ले वासियों ने बताया की महिला आंखों से अंधी थी। नगर पालिका द्वारा खाने के लिए उसे टिफिन भिजवाया जाता था उसी से गुजर बाजार करती थी इसका एक पुत्र भी है। जो दिल्ली में परिवार सहित रहता है महिला बीमा भी रहती थी इस उम्र मे महिला ने परेशान होने के बाद यह आत्मघाती कदम उठा लिया महिला ने रात में किसी समय फांसी लगाई गली में रहने वाले लोगों ने सुबह करीब 8 बजे महिला को दरवाजे पर लटकते हुए देखा तो मोहल्ले में सनसनी फैल गई मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी राजीव तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया की फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.पुलिस उसके उसके पुत्र को फोन से जानकारी दी पुत्र उसका दिल्ली से घर के लिए रवाना हो चुका है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**पुवायां, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम नाहिल के रहने वाले लालाराम उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र बंसीलाल किसी काम से अपने घर से बाइक से संजय नगर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। उनको घायल अवस्था में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। मृतक के एक पंचवर्षीय बेटा प्रिंस और पत्नी है। जिनका रो रोकर बुरा हाल है।

### अनियंत्रित हुई बाइक से महिला गिरी, घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** जिले के थाना सदर बाजार के मोहल्ला तारीन टिकली निवासी अविनाश गुप्ता और उनकी पत्नी नीलम गुप्ता उम्र 22 वर्ष भांजे की शादी में पूरनपुर गए थे। बृहस्पतिवार को वह बाइक से वापस घर आ रहे थे तभी बंडा रोड स्थित टोल प्लाजा के पास उनकी बाइक के सामने अचानक बकरी आ गई जिससे वह अनियंत्रित हो गई और उनकी पत्नी नीलम गिरकर घायल हो गई सूचना पर पहुंचे 108 वाहन से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जिनका डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया।

### लोको पायलट सम्मानित

**रोजा-शाहजहांपुर।** मुरादाबाद डिविजन के रोजा मुख्यालय पर तैनात सहायक लोको पायलट शिवानी गुड़िया और लोको पायलट राजेश कुमार पाल को उत्कृष्ट सेवा कार्य करने पर ऑपरेटिंग विभाग द्वारा वशिष्ठ सेवा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन के सभी लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों ने बधाई दी।

### टहलने गए अधेड़ का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला

**सिंधौली-शाहजहांपुर।** बृहस्पतिवार की सुबह गाँव गैरतपुर में घर से टहलने के लिए निकले 59 वर्षीय हरिवचन का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के शरीर पर घसीटने जैसे निशान पाए गए हैं, जिससे शुरुआती जांच में किसी बेसहारा पशु की टक्कर या फिर अज्ञात वाहन से हादसे की आशंका जताई जा रही है। पत्नी शान्ति देवी ने बताया कि हरिवचन का दो साल पहले एक्सीडेंट हो गया था। तब से उनका इलाज चल रहा था। चिकित्सक की परामर्शानुसार वह रोज सुबह टहलने जाते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की बारीकी से जांच शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु की वजह स्पष्ट होगी।

### दो आरोपियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास

**शाहजहांपुर।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 308, 323, 324, 504, 506 भादवि के 2 आरोपियों को 5-5 वर्ष का कारावास एवं कुल 42 हजार अर्थदण्ड से दंडित कराया गया। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर पार्टी प्रभारी के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधियों को शीघ्र एवं कठोर सजा दिलाने में शाहजहाँपुर पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई। इस क्रम में मॉनीटरिंग सेल व थाना कांट पुलिस तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय स्थापित करके समयबद्ध रूप से न्यायालय एएसजे 2 में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के उपरान्त आरोपी सुशील पुत्र मुन्ना, मनोज पुत्र सीताराम निवासी ग्राम गढी पूर्वी थाना कांट द्वारा वादी के समधी को लाठी डन्डों से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्रत्येक को 5-5 वर्ष का कारावास एवं 21-21 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। बतादें कि सुशील पुत्र मुन्ना, मनोज पुत्र सीताराम निवासी ग्राम गढी पूर्वी थाना कांट द्वारा वादी के समधी को लाठी डन्डो से मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्रत्येक को 5-5 वर्ष का कारावास एवं 21-21 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

### मैनेजर व प्रिंसिपल समेत तीन के खिलाफ इंस्टा पर पोस्ट की अभद्र टिप्पणी, कोतवाली पुलिस को दी तहरीर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के एक नामचीन शिक्षण संस्थान व उसके मैनेजर, प्रिंसिपल समेत तीन लोगों के खिलाफ फोटो समेत इंस्टा साइड पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की संस्था संचालक ने पुलिस को तहरीर दी है। यह मामला साइबर सेल को सौंप दिया गया है। स्कूल संचालक, मैनेजर, प्रिंसिपल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उनकी संस्था की छवि धूमिल किए जाने के उद्देश्य से इंस्टाग्राम के तीन एकाउंट से संस्था व उन लोगों के फोटो और भद्दी ऑडियों साथ अभद्र टिप्पणी की गई है। प्रभारी कोतवाल दिनेश कुमार सिंह ने पीड़ित जनों से संबंधित अभिलेख तलब कर मामले को साइबर सेल को सौंप दिया हैं।

### गोष्ठी आज

**शाहजहांपुर।** पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से आज शुक्रवार को दोपहर 2:30 बजे महान समाज सुधारक, सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की पुण्यतिथि पर सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज नवीन भवन में गोष्ठी होगी। जानकारी पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने दी।

### झोपड़ी में आग लगने से भैंस व जंजीर से बंधे दो कुत्ते झुलसे

**तिलहर, शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर मुड़िया में एक झोपडी में संदिग्ध परिस्थितियों में लग लग गई । जिससे झोपड़ी व उसमें पड़ी चारपाई और विस्तार आदि जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को झोपडी स्वामी श्रीपाल ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लगने से झोपडी के साथ ही समीप बंधी भैंस व दो पालतू कुत्ते बुरी तरह से झुलस गए।

### पिता-पुत्र की मौत के मामले में पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर, शाहजहांपुर।** एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में मारे गए पति व पुत्र की मौत मामले में पीड़ित महिला ने पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीती 21 नवंबर को हाइवे पर ई रिक्शा चालक गांव धनेला निवासी सुरेश वर्मा व उनके 15 वर्षीय बेटे गोपी की पिकअप की टक्कर लगने से मौत हो गई थी । जबकि सुरेश की बेटी दुर्गा व पुत्रवधू सुमन घायल हो गई थीं। उक्त मामले में मृतक की पत्नी सावित्री ने पिकअप संख्या यूपी 34 एटी 3530 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सत्संग भवन में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**शाहजहांपुर।** जनपद के मुमुक्षु आश्रम स्थित सत्संग भवन में लोक कल्याण हेतु इंजी. आर. के. अग्रवाल ने सुंदरकांड का पाठ कराया। तुलसी मानव सेवा समिति के पंडित चंद्रगिरी गोस्वामी के नेतृत्व में रसिक संतोष कुमार, मयंक अग्रवाल, विशाल राज, रिंकू वर्मा, संदीप शक्ति आदि ने प्रातः 11:00 बजे श्री राम और संकट मोचन हनुमान जी के चित्र स्थापित किये और विधि विधान से आह्वान तथा पूजन के बाद स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की उपस्थिति में सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। पाठ के दौरान संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आदेश पांडे, एस.एस. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. के. आजाद तथा उपप्राचार्य डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. आलोक सिंह, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाल, डॉ. कविता भटनागर, डॉ प्रतिभा सक्सेना, डॉ सचिन खन्ना बृज लाली आदि शिक्षकों के अतिरिक्त अनेक छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। सुंदरकांड पूर्ण होने के पश्चात स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती तथा उपस्थित भक्तों ने आरती की। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ और 51 ब्राह्मणों सहित अन्य भक्तों को प्रसाद स्वरूप भोजन कराया गया। इस अवसर पर इंजी. आर.के. अग्रवाल ने स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दुशाला और राधा कृष्णा का चित्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# वोटर्स के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1 जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के वोटर्स के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मृतक 47477, अनुपस्थित 14902, डुप्लीकेट 14666, परमानेंट शिफ्टेड 60734 अन्य प्रकार के 1077 कुल वोटर्स की 1 लाख 38 हजार 856 की सूची उपलब्ध कराते हुए अपेक्षा की है कि राजनैतिक दलों के पदाधिकारी अपने बीएलए के माध्यम से सूची का सत्यापन कर ले जिससे गलत नामों को मतदाता सूची से हटाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि 30 नवंबर तक सत्यापन कर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो भी बीएलओ ने फार्म वितरित किए हैं उन्हें प्राथमिकता पर भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया जो भी व्यक्ति फॉर्म भर कर जमा नहीं करेगा उसका नाम सूची में शामिल नहीं हो सकेगा इसीलिए सभी को फॉर्म भरकर जमा करना अनिवार्य है। एसआईआर के जरिये विधान सभा निर्वाचक नामावली को पारदर्शी एवं त्रुटि रहित बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों मौजूद रहे।

### मतदाता अपने बीएलओ को गणना प्रपत्र अवश्य उपलब्ध कराएं: जिलाधिकारी



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में कार्य चल रहा है। इसी क्रम में मतदाता अपने-अपने बीएलओ के पास पहुंचकर गणना प्रपत्र भरने और डिजिटाइजेशन हेतु फीडिंग कराने के लिए पहुंच रहे हैं। मतदाताओं द्वारा उत्साहपूर्वक प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराया जा रहा है। बीएलओ द्वारा फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि गणना प्रपत्र भरने में प्रत्येक विवरण को ध्यानपूर्वक भरा जाए। सभी लोग विशेष सहयोग प्रदान करें फॉर्म की फीडिंग और डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। सभी बीएलओ अपने कार्य को समय से पूरा करें। कोई पात्र मतदाता छूटने न पाए।

# 18 पत्रावली पर सुनवाई, तीन दंपति को विदा किया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एक दम्पती जिनकी शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका ने बताया कि मेरे पति घरेलू बातों को लेकर मेरे साथ मारपीट करते हैं और मेरे खर्च के लिए पैसे नहीं देते हैं। मेरे पति का गांव की किसी अन्य महिला के साथ अफेयर चल रहा है। आवेदिका ने बताया कि मैं 3 माह से अपने मायके में रह रही हूँ दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहाँपुर बुलाया गया प् दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया प् प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है, दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर के एक दंपति जिनकी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका ने बताया कि मेरे मेरे पति मेरे साथ मारपीट करते हैं और मेरे ससुर आए दिन गालियां देते हैं जिस पर मेरे पति मेरा कोई सपोर्ट नहीं करते हैं। और कहते हैं अपने घर से पैसे लेकर आओ आवेदिका ने बताया कि मैं एक माह से अपने मायके में रह रही हूं। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर के एक दंपति जिनकी शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदक ने बताया कि मेरी पत्नी को मेरे ससुर अपने घर बुलाकर ले गए थे मेरी पत्नी बीमार रहती है मेरी ससुराल वाले मेरी पत्नी को मेरे साथ नहीं भेज रहे हैं। आवेदक ने बताया कि मेरी पत्नी चार माह से अपने मायके में रह रही है।।दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र जनपद बुलाया गया दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया प्रथम पक्ष वह द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हैं दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक मधु यादव, महिला आरक्षी मोनिका, महिला आरक्षी पिंकी आदि मौजूद रहीं।

# सपा ने की एसआईआर के संबंध में बीएलओ के साथ बैठक



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा सिंधौली में एसआईआर से संबंधित बीएलओ बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव एवं सिंधौली ब्लाक के प्रभारी रामसूरत यादव ने सिंधौली ब्लाक के बीएलओ की बैठक में कहां की लोकतंत्र बचाने के लिए आपका वोट बचना बहुत जरूरी है 4 दिसंबर तक सभी बनाओ अपने फार्म भरवा कर सबके वोट बनवाने हेतु आवश्यक फॉर्म जमा कर दें समाजवादी पार्टी के सरकार बनाने के लिए जिले के सभी 6 विधायकों को जिताना आवश्यक है। बैठक को जिला उपाध्यक्ष ओमकार सिंह ने संबोधित किया। जिला सचिव संतोष कुमार पाल ने संचालन किया। मीन कुमार यादव, शिवम यादव, रोहित यादव, रजनीश यादव, फिरोज खान, इमरान खान, युवा जिला अध्यक्ष यादव, महासभा मानवेंद्र सिंह यादव, हसीब खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### ई-रिक्शा पर बैठे युवक की जेब काटकर उड़ाए एक लाख, 35 हजार

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव कोठा मांझा निवासी सतीश सिंह पुत्र राम भरोसे सिंह ने थाना जलालाबाद में गुरुवार दोपहर के करीब 12 बजे प्रार्थना पत्र देने के बाद बताया कि बीते दिन बुधवार को वह रावतपुर के नखासे में भैंस खरीदने के लिए गया था। पशु बाजार में उसको जब मन माफिक भैंस नहीं मिली तो वह वहां से लौट रहा था। कांट कस्बे में वह एक सफेद रंग के ई-रिक्शा पर ई-रिक्शा के चालक के कहने पर बैठ गया। पहले वह पीछे-वाली सीट पर बैठा था बाद में ई रिक्शा चालक ने उसे आगे बैठने को कहा जब वह आगे बैठ गया तो तो दो व्यक्ति उसके बगल में बैठ गए। वहां से वह घर के लिए ई रिक्शा पर बैठकर चल दिया जैसे ही वह कलेक्टर गंज के निकट पहुंचा वैसे ही उसकी बगल में बैठे एक अज्ञात जेब कतरे ने उसकी जेब काट ली उसकी जेब में भैंस की खरीद के लिए ले जाए गए 135000 रखे हुए थे उसके उतरते ही उन्होंने अपनी जेब पर हाथ लगाया तो देखा कि जब कर चुकी थी. जैसे ही उसने उसे पकड़ने की कोशिश की वैसे ही ई रिक्शा के निकट एक अपाचे मोटरसाइकिल आयी जिस पर बैठकर आरोपी फरार हो गया। उसके उतरते ही रिक्शा चालक भी अपना ई रिक्शा भागने लगा तभी लोगों ने उसे घेर लिया। पीड़ित ने बताया कि उसे ई रिक्शा चालक पर शक है कि जेब कतरे उसके जानने पहचानने वाले थे। ई रिक्शा चालक पंकज व हेल्पर धर्मेंद्र है। जो गांव भुरजिया थाना कलान क्षेत्र का रहने वाला है। ग्रामीण सतीश ने बताया कि वह भैंस की खरीद और बिक्री का व्यापार करता है और इसी से अपने घर गृहस्ती चलता है। वही शिकायत के बाद पुलिस ने ई रिक्शा को अपने कब्जे में ले लिया और ड्राइवर का हेल्पर से पूछताछ कर रही है।

# कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा, गंगा तट से भरे गए पवित्र कलश



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** ग्राम नगर लाहौरी में मंगलवार को धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओतप्रोत भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह होते ही गांव की गलियाँ भजन-कीर्तन से गूंज उठीं। सफेद और लाल परिधानों में सजी महिलाएँ, सिर पर कलश धारण किए, गुरु-धाम से निकलकर पूरे गांव में शोभायात्रा के रूप में घूमीं। यात्रा में शामिल भक्तों ने धर्म-मंत्रोच्चार और जयघोष करते हुए वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा गंगा जी के पवित्र तट पर पहुँची, जहाँ आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच कलश भरने की विधि सम्पन्न कराई गई। गंगा जल से कलश भरने के बाद श्रद्धालु पुनः शोभायात्रा के रूप में गांव लौटे। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। ग्राम में लौटकर कथा पंडाल में विधि-विधान से कथा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रतिराम सिंह यादव तथा किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष मुकर बिहार ने दीप प्रज्ज्वलित कर कथा की शुरुआत की। इस दौरान मंच पर संचित यादव, अंकित, नितिन, आदित्य व अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# मुमुक्षु क्रिकेट लीग के छठे मुकाबले में भी जीत एसएसएमवी के नाम

▸ प्लेग्राउंड पर रहा अदभुत उत्साह, अनिल ने फिर मचाया धमाल



**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में छठे दिन का मैच इस हद तक रोमांचक था कि प्लेग्राउंड में उपस्थित प्रत्येक दर्शक की सांसें मानो थमी रह गई हों। दरअसल छठा मैच आर्ट-11 तथा एसएसएमवी-11 के मध्य खेला गया। खेल के मामले में ये दोनों ही टीमें एक से बढ़कर एक थीं। कड़े संघर्ष ने दर्शकों को रोमांचपूर्ण मनोरंजन का एक बेहतरीन अवसर दिया। मैच का टॉस आर्ट-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच के दौरान दोनों टीमों के मध्य बेहतरीन प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। आर्ट-11 टीम ने 16 ओवर में 6 विकेट पर 146 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के खिलाड़ी अखिलेश कुमार ने 43 गेंदों पर 11 चौके एवं 3 छक्के लगाकर 72 रन स्कोर किए। एसएसएमवी-11 की टीम ने भी जवाबी पारी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और 9.4 ओवर में मात्र 1 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाकर जीत का दर्जा अपने नाम कर लिया। खेल के दौरान डॉ आलोक सिंह एवं डॉ अंकित अवस्थी कमेंटेटर की भूमिका में रहे। 26 गेंदों पर 9 छक्के व 5 चौके मारकर 78 रन की शानदार पारी खेलने वाले एसएसएमवी-11 के अनिल सिंह को आज पुनः मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस मौके पर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई हेतु मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्रो आलोक मिश्र, प्रो आदित्य सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो अजीत सिंह चारग, डॉ शालीन सिंह, डॉ प्रांजल शाही, डॉ आलोक सिंह, डा राजीव कुमार, डॉ हर्ष पाराशरी, मनोज अग्रवाल सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह एवं बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता एवं रेस्क्यू अभियान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया



महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत ऑपरेशन मुक्ति अभियान का आयोजन जनपद में किया जा रहा है। डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं सीडीओ डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में उक्त अभियान 21 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बाल विवाह एवं बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू की कार्यवाही करना है। इसी क्रम में गुरुवार को गन्ना किसान डिग्री कालेज पुवायां में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह एवं बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा मौजूद छात्र-छात्राओं को बाल विवाह एवं बाल श्रम के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधानों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी गई। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के सुपरवाइजर ज्ञान स्वरूप ने बच्चों की समस्याओं की रिपोर्टिंग में 1098 की भूमिका को रेखांकित किया, वहीं बाल विवाह एवं बाल श्रम उन्मूलन हेतु कानूनों और समाज की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला एवं काउंसलर आरती त्रिवेदी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं में निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के महत्वपूर्ण कार्य जैसे बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम रोकथाम, बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं बच्चो के साथ हिंसा की रोकथाम आदि के विषय में चर्चा की गई एवं सभी को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया एवं हेल्पलाइन नंबरों 112, 1098,181,1076 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन से ज्ञान स्वरूप, आरती त्रिवेदी काउंसलर, गन्ना किसान डिग्री कालेज प्रधानाध्यापक डा. विनोद कुमार सिंह, डा. गुरुबचन सिंह, राजकुमारी आदि ने प्रतिभाग किया।

# पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ युवक को किया गिरफ्तार




**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** पुलिस ने नवादा मोड़ तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। थाने लाकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। मंगलवार की शाम नवादा मोड़ चौकी प्रभारी ईतेश तोमर अपनी टीम के हेड कांस्टेबल अजय राना, तैय्यब अली और कांस्टेबल नवीन कुमार के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आता दिखा। पुलिस चेकिंग देखकर वह हड़बड़ा गया और भागने की कोशिश की,पुलिस ने कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया।पूछताछ में युवक ने अपनी नाम थाना खुदागंज के गांव जलालपुर निवासी अलफैज बताया।स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने चेसिस नंबर के आधार पर बाइक के असली मालिक की तलाश की।बाइक खुदागंज के मोहल्ला नयागंज निवासी साबिर की निकली। साबिर ने बताया कि उसकी टीवीएस स्पोर्ट बाइक 26 जनवरी को उसके घर के सामने से चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी।

# हमें एकता एवं अनुशासन को अपने जीवन के साथ बांध लेना चाहिए: लेफ्टिनेंट कर्नल

▸ एनसीसी दिवस पर हुए रंगारंग कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में एनसीसी यूनिट द्वारा एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे 25 यूपी बटालियन एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद शर्मा ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एकता एवं अनुशासन को अपने जीवन के साथ बांध लेना चाहिए। उन्होंने एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में विस्तृत जानकारी एवं विविध योजनाओं तथा अवसरों को कैडेटों के साथ साझा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे सूबेदार अरविंद कुमार ने भी कैडेटों को प्रेरणाप्रद उदबोधन देते हुए दिवस से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण कॉलेज के सचिव प्रोफेसर अवनीश कुमार मिश्र ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने किया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, हवलदार शांतनु सहित कॉलेज के तमाम शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ये हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम में अनेक कैडेटों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शोभा में चार चांद लगा दिए। जहां कैडेट वृंदा शर्मा और संजय ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी, वहीं कैडेट रागिनी ने भरतनाट्यम प्रस्तुत करके सभागार में बैठे लोगों की वाहवाहियां लूटीं। कैडेट अंजली यादव और अंडर ऑफिसर वीर सिंह ने देशभक्ति के गीत सुनाए। इसके अलावा कैडेट शीतल देवी, कैडेट मान्य पांडे और कैडेट सुहानी अग्निहोत्री ने भी गीत प्रस्तुत किए। कैडेट वेदांत सेंगर के नेतृत्व में सात कैडेट्स ने मिलकर देशभक्ति पर नाटिका प्रस्तुत की।

### उत्साहपूर्वक हुआ रक्तदान

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण यह रहा कि इस अवसर पर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में शिक्षकों के साथ साथ कैडेटों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता दर्ज की। रक्तदान करने वालों में लेफ्टिनेंट आलोक कुमार सिंह, प्रो शालीन कुमार सिंह, डॉ रमेश चंद्रा, डॉ पदमजा मिश्रा, कैडेट रवि कुमार शर्मा, कैडेट अमिताभ सिंह, कैडेट सचिन कुमार, कैडेट राहुल वर्मा, कैडेट आलोक यादव, कैडेट लव कुमार, अंडर ऑफिसर वीर सिंह, अंडर ऑफिसर श्यामा देवी आदि शामिल रहे।

# एसआईआर: बीएलओ सत्यापन में अब तक चिंहित किए 163564 एएसडी वोटर

- जनपद में एसआईआर कार्य 50 फीसदी पार, कन्ट्रोल रूम से बीएलओ की निगरानी
- डबल फार्म भरने से बचे नागरिक, जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील

प्रभाकर मिश्रा



**शाहजहांपुर।** जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य तेजी से चल रहा है। जनपद व तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 4 दिसंबर तक एसआईआर कार्य को पूर्ण करने में जोर दिया जा रहा है। खुद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाईजरों की मानीटरिंग की जा रही है। किस विधानसभा, किस बूथ पर कितना प्रतिशत कार्य हो चुका है, इसकी रिपोर्ट संबधित अधिकारियों से ली जा रही है। वही कलेक्ट्रेट स्थित डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर में एसआईआर संबधित आने वाली शिकायतों के निस्तारण को डीएम द्वारा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रियंका चौधरी को प्रभारी बनाया गया है। जिनके द्वारा आने वाली शिकायतों का ससमय निस्तारण कर लोगों को संतुष्ट किया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेंटर में रोजाना 10-12 शिकायतें 2003 लिस्ट में नाम न मिलने, नाम कटने आदि की दर्ज की जा रही है। इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण को संबधित बीएलओ को दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जिससे कि वोटरों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला निर्वाचन दफ्तर की एक रिपोर्ट के मुताबिक जनपद में अब तक एसआईआर में बीएलओ द्वारा 50 फीसदी कार्य किया जा चुका है। जिसमें 163564 एएसडी (अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व मृतक) वोटर चिंहित किए गए हैं। जिनका डाटा आनलाइन निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर बीएलओ द्वारा अपलोड भी कर दिया गया है। अब इन वोटरों का क्या करना है, यह निर्णय आयोग द्वारा लिया जाएगा।



"जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य हमारे बीएलओ-सुपरवाइजर मन लगाकर कर रहे हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जा चुका है, और आगे भी उनको उनके कार्य को देखते हुए पुरस्कृत किया जाएगा। हम लोग 50 फीसदी एसआईआर में कार्य कर चुके हैं, साफ्टवेयर में अपडेट्स की वजह से गुरुवार को थोड़ा बहुत कार्य प्रभावित रहा है, उम्मीद है कि उसको कवर करते हुए ज्यादा से ज्यादा एसआईआर प्रतिशत लाने में जनपद अग्रणी भूमिका निभाएगा। निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों के माध्यम से भी जनजागरूकता को प्रचार प्रसार कराया जा रहा है।"

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| जनपद में कुल वोटर | 2315538 |
| अब तक एसआईआर में डिजिटाइजेशन | 1157746 |
| डिजिटाइजेशन प्रतिशत | 50 |
| एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ संख्या | 2492 |
| अब तक एसआईआर में चिंहित विधानसभावार मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट वोटर: | |
| 131- कटरा विधानसभा | 25013 वोटर |
| 132-जलालाबाद विधानसभा | 24684 |
| 133-तिलहर विधानसभा | 25163 |
| 134-पुवायां विधानसभा | 34783 |
| 135-शाहजहांपुर विधानसभा | 28728 |
| 136-ददरौल विधानसभा | 25193 |
| कुल वोटर मृतक,शिफ्टेड, डुप्लीकेट | 163564 अब तक |

**एसआईआर का प्रचार प्रसार करेगी निगम की गाड़ियां:** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर आमजन में जन जागरूकता और कार्य में तेजी लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी नगर निगम की कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों में दो मिनट का प्रचार प्रसार एसआईआर को लेकर सुबह सुबह कराएं। जिससे लोगों में व्याप्त भ्रांतियां दूर हो और लोग जल्द से जल्द अपना फार्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं।

## संविधान जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।** 26 नवंबर को बुद्ध एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाऊंडेशन द्वारा संविधान जागरूकता अभियान निकला गया। पुवायां तहसील के गांव धर्मगदापुर जसी से टकेली बुझिया में समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक धीरेन्द्र प्रसाद, बुद्ध एजुकेशन एंड डेवलपमेंट फाऊंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार प्रमोद कुमार सागर, प्रकाश चंद्र, जीतेन्द्र प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष सचिन निगम, प्रदेश विधि सलाहकार रमेश चंद्र एडवोकेट, जिला अध्यक्ष पवनदीप कठेरिया एडवोकेट, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ हेमलता, तहसील अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चित्रा, आलोक कुमार, कृष्णा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## बरात से लौट रही बग्गी में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

मीरानपुर कटरा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



बीती रात क्षेत्र के गांव में बारात की चढ़ाई करवाकर तीन युवक घोड़ा बग्गी लेकर रात में वापस लौट रहे थे। जलालाबाद राजमार्ग पर घोड़ा बग्गी में पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे एक घोड़े की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा घायल हो गया। बग्गी क्षतिग्रस्त हो गई और बग्गी मैं बैठे तीनों युवक घायल हो गए। हादसे में एक की हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसे जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को थाना खुदागंज के ग्राम दीपपुर निवासी वसीम व कयूम पुत्रगण रहीम और संतोष पुत्र रमेश थाना जैंतीपुर क्षेत्र के लालपुर बड़ा गांव में घोड़ा बग्गी लेकर बारात की चढ़ाई करवाने गए थे। बारात की चढ़ाई करवाने के बाद रात में ही वापस लौट रहे थे। जलालाबाद राजमार्ग पर ग्राम नगरिया के सामने रात लगभग 11 बजे पीछे से अज्ञात वाहन ने घोड़ा बग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक घोड़े की मौत हो गई जबकि दूसरा घोड़ा घायल हो गया। बग्गी भी क्षतिग्रस्त हो गई। बग्गी पर सवार वसीम, कयूम और संतोष घायल हो गए। हादसे में कयूम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने कटरा के जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। परिजनों के मुताबिक कयूम की हालत नाजुक बनी हुई है। बग्गी स्वामी मो. उमर पुत्र नौशे निवासी दीपपुर थाना खुदागंज ने थाना कटरा पर प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

## गूगल मैप से गलत रास्ते पर असंतुलित हो बस खाई में जा पलटी

- दुर्घटना में बाल-बाल बचे 56 यात्री, नेपाल वॉर्डर से पंजाब जा रही थी निजी बस
- चौकी पुलिस ने की यात्रियों के खानपान की व्यवस्था एसपी ने लिया स्थलीय जायजा, बस को कराया रवाना

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।





गूगल मैप से रास्ता भटका चालक बस द्वारा ले जाई जा रही निजी बस देर रात निगोही तिलहर मार्ग स्थित एक मोड पर अनियंत्रित हो खाई में जा घुसी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से न केवल बस को सड़क पर खिंचवाया बल्कि सभी यात्रियों किनभोजन पानी की व्यवस्था कर गंतव्य को रवाना करवाया। नेपाल वॉर्डर कृष्णानगर बढ़नी से पंजाब प्रांत का रही निजी बस संख्या पीबी11 बीआर 9095 निगोही होकर बीसलपुर के रस्ते से बरेली होकर जाने के बजाय गूगल मैप के चलते चालक ने निगोही से तिलहर मार्ग पर टर्न कर दी। रात्रि करीब ढाई बजे बस डड़िया गांव के समीप एक मोड पर असंतुलित होकर खाई में जा घुसी। अचानक बस नीचे जाने पर सवार 56 यात्री जाग गए और चीखपुकार मैच गई। ग्रामीणों की सूचना पर बिरसिंहपुर पुर चौकी इंचार्ज विजयपाल सिंह, एसआई प्रदीप राजौरिया तत्काल मौके पर पहुंचे। इसी दौरान प्रभारी कोतवाल दिनेश कुमार सिंह भी मौके पर पुलिस बल के साथ जा पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से जेसीबी से बस को सड़क पर खिंचवाया गया। चौकी इंचार्ज ने बस यात्रियों के लिए चाय , पानी के बाद खिचड़ी तहरी बनवाकर खिलबाई। सुबह एसपी राजेश द्विवेदी भी घटना स्थल पहुंचे और यात्रियों व बस स्टाफ से जानकारी ली। उन्होंने कोतवाली व चौकी पुलिस की इस त्वरित सहयोग की कार्यवाही पर शाबाशी दी। दूसरी बस में यात्रियों को गंतव्य रवाना करवाया। उधर बस चालक अमनदीप ने बताया कि वह अमन टूरिस्ट की बस नेपाल बॉर्डर के कृष्णानगर से बलरामपुर होते हुए चंडीगढ़, पंजाब लेकर जा रहा था। उसकी बस में महिलाएं, बच्चे और पुरुष सहित कुल लगभग 56 यात्री सवार थे। वह गूगल मैप के सहारे रास्ता देख रहा था। जिसे शाहजहांपुर होते हुए एसएच 30 मुख्य हाईवे से जाना था। गूगल मैप ने उसे शॉर्टकट के रूप में तिलहर-निगोही मुख्य मार्ग दिखाया। बस मोड़ पर आवारा जानवरों को बचाने के प्रयास में सड़क के किनारे उतर खाई में चली गई।

## लोक अदालत 13 दिसंबर को

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला जज एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 13 दिसंबर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं जनपद शाहजहांपुर की समस्त तहसीलों में उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल नेटवर्क सम्बन्धी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से सम्बन्धित प्रकरण दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामलें, जनोपयोगी सेवाओं तथा वाणिज्य कर से सम्बन्धित प्रकरण, राजस्व, चकबन्दी, श्रम वाद, चालानी वाद व शमनीय प्रकृति के क्रिमिनल वाद व अन्य प्रकार के छोटे-छोटे वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार निस्तारण करा सकते है। बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण भी लोक अदालत के दिन करा सकते है। जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जनपद न्यायाधीश एवं सचिव ओम प्रकाश मिश्र के द्वारा दी गई।

## सांड से टकराने से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

- नामकरण संस्कार की खुशियां मातम में बदली, मची चीत्कार

जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।





थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गौटिया अंतू गांव में नवजात बेटे के नामकरण समारोह की खुशियां मातम में बदल गई। मंगलवार 25 नवंबर की शाम डीजल लेने जा रहे 28 वर्षीय राजू कश्यप की बाइक सांड से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव गौटिया अंतू निवासी अशोक कश्यप के बेटे राजू कश्यप खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। तीन बेटियों के बाद उनके घर बेटे का जन्म हुआ था, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। मंगलवार को बेटे के नामकरण संस्कार की दावत रखी गई थी और घर मेहमानों से भरा हुआ था। शाम करीब 7 बजे राजू कश्यप डभौरा चौराहे पर डीजल लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। डभौरा-सिमरा के बीच रास्ते में अचानक एक सांड उनकी बाइक के सामने आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि राजू को अंदरूनी गंभीर चोटें आईं।

परिजन तुरंत उन्हें दातागंज के अस्पताल ले गए। बुधवार को जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बरेली रेफर कर दिया। परिजन राजू को बरेली ले जा रहे थे, तभी रास्ते में शाम करीब 6 बजे अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मौत की खबर से उनकी पत्नी रेखा, छोटे-छोटे बच्चों और मां मूलवती का बुरा हाल है। राजू के पिता की एक दुर्घटना में मौत हो चुकी हैं। इंचार्ज थाना प्रभारी विवेक कुमार ने घटना की सूचना मिली हैं। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं।

## ईसीसीई एजुकेटर भर्ती रद्द मामले में आवेदकों ने डीएम से लगाई गुहार

- डीएम ने बीएसए को दो दिन के अंदर निविदा निकालने को निर्देश दिए



**शाहजहांपुर।** जनपद में ईसीसीई एजुकेटर के अभ्यर्थियों ने गुरुवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर भर्ती प्रक्रिया को लेकर गुहार लगाई और उम्र का हवाला देते हुए, समय सीमा में छूट प्रदान किए जाने की बात रखी।जिस पर डीएम ने आए हुए आवदेकों से कहा कि 40 की उम्र वाले अभ्यर्थियों की लिस्ट उपलब्ध कराई जाए, जिस पर लखनऊ से बात कर रास्ता निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार शासनादेश के अनुसार मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। मौके पर मौजूद बीएसए दिव्या गुप्ता को डीएम ने निर्देश दिए कि दो दिन के अंदर भर्ती प्रक्रिया को लेकर विज्ञप्ति निविदा निकाली जाए। जिससे कि एजुकेटर के रिक्त पदों को भरा जा सके। बीते दिनों जनपद में अभ्यर्थियों के विरोध बाद ईसीसीई एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया डीएम की संस्तुति बाद रद्द कर दी गई थी। जिसके बाद फर्म को भी ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया था और बीएसए को नई विज्ञप्ति निविदा निकालने के निर्देश दिए गये थे।

## आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समाज का आक्रोश, पुतला फूंका

- ब्राह्मण समाज ने की आईएएस संतोष वर्मा की बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



आईएएस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहन-बेटियों को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में गुरुवार को शाहजहांपुर में उबाल देखने को मिला। संयुक्त ब्राह्मण समाज के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट गेट पर जुटे और संतोष वर्मा का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संतोष वर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में संतोष वर्मा की तत्काल बर्खास्तगी और गिरफ्तारी की मांग की गई। प्रतिनिधियों का कहना था कि इस प्रकरण पर यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ब्राह्मण समाज बृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगा। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जो व्यक्ति समाज की बहन-बेटियों पर अभद्र टिप्पणी करता है, वह विषैले सर्प से कम नहीं। ऐसे लोगों की जगह सिर्फ जेल ही हो सकती है। कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ यह प्रदर्शन जिले में इस मुद्दे को लेकर बढ़ते आक्रोश का स्पष्ट संकेत देता है। इस मौके पर हरीशरण वाजपेई, डा. विजय पाठक, एड. राजेश अवस्थी, एड. रवि मिश्रा, प्रतीक तिवारी, नीरज वाजपेई, प्रणव वशिष्ठ, उमाकांत पांडे, शिवकुमार मिश्रा, राजेश शुक्ला, गौरव त्रिपाठी, के.के. शुक्ला, अशोक मिश्रा, राहुल मिश्रा, वेणुगोपाल, शोनू अवस्थी, अभिषेक तिवारी, डा. प्रदीप अवस्थी, पुनीत हिंदू, सरद अवस्थी, वेदप्रकाश पांडेय, कमलेश कुमार पांडेय, संजीव मिश्रा, प्रदीप अवस्थी, सुरिंदर अवस्थी, शिवकुमार अवस्थी, सुधाकर पांडेय, रमाकांत, आकाश मिश्रा, हर्षित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## विभिन्न एजेंसियों के सभी 15 केंद्रों पर हुई 95 हजार कुंतल धान खरीद

- मंडी में कुल आवक दर्शाई गई दो लाख 40 हजार कुंटल, वर्तमान समय में मंडी में धान की आवक हुई नगण्य

तिलहर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

किसानों को धान फसल का वाजिब मूल्य देने के लिए सरकार ने नवीन मंडी स्थल पर विभिन्न एजेंसियों के संचालित किए गए सभी 15 केंद्रों पर कुल धान खरीद 95 हजार कुंटल दर्शाई गई है। जबकि मंडी प्रशासन द्वारा मंडी में कुल धान की आवक दो लाख 40 हजार कुंटल के आंकड़े दर्शाए गए हैं। वहीं वर्तमान में मंडी में धान की आवक नगण्य हो चुकी है। ऐसे में खरीद का लक्ष्य कैसे पूरा हो सकेगा? बतादें कि एक अक्टूबर से सरकारी खरीद के निर्देश दिए गए थे। धान में नमी आदि कई कारणों के चलते फिलहाल 22-23 अक्टूबर से सरकारी खरीद शुरू हो सकी। केंद्र प्रभारियों द्वारा 26 नवंबर तक कुल सरकारी खरीद 95 हजार कुंटल होना दर्शाई गई है। जिसमें आरएफसी के सात केंद्रों पर 33 हजार कुंटल, पीसीएफ के तीन केंद्रों पर 22 हजार कुंटल, पीसीयू के चार केंद्रों पर 33 हजार कुंटल तथा यूपीएसएस के एक केंद्र पर सात हजार कुंतल खरीद किया जाना शामिल है। वहीं मंडी प्रशासन ने मंडी में कुल धान की आवक दो लाख 40 हजार कुंटल के आंकड़े दर्शाए हैं। ऐसे में सरकारी खरीद निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे है।

**तहसील प्रशासन द्वारा की गई स्थापन व्यवस्था:** सरकारी केंद्रों पर लाए जाने वाले किसान की धान फसल के लिए तहसील प्रशासन द्वारा स्थापन की व्यवस्था के तहत 56 कुंटल तक सत्यापन क्षेत्रीय लेखपाल, 57 कुंटल से,179 कुंटल तक तहसीलदार, तथा 180 कुंटल से। 249 कुंटल तक एसडीएम तथा इससे अधिक मात्रा में धान लाने वाले किसानों की फसल का सत्यापन एडीएम प्रशासन द्वारा किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र



**सिंधौली-शाहजहांपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के अंतर्गत 21वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित की गयी। जिसका सजीव प्रसारण विकास खण्ड सिंधौली सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सिंधौली फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि के निदेशक मुकेश दीक्षित ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश, सहायक विकास अधिकारी सुनील शर्मा, अशोक, सीईओ रिंकू सहित सैकड़ों कृषक ने प्रतिभाग किया।

## क्विज प्रतियोगिता में अदिति प्रथम, विशाल रहे दूसरे स्थान पर

- सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार सहित मेडल और शील्ड वितरित किए

सिंधौली-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता में कम्पोजिट अनावा की अदिति ने प्रथम और जूनियर कोटावारी के विशाल ने द्वितीय तथा मूड़ा हारिस की सपना राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार सहित मेडल और शील्ड वितरित किए गए। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर क्षेत्र के विभिन्न जूनियर विद्यालयों में पंजीकृत 150 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता तीन चक्र में आयोजित की गयी। प्रथम चक्र में शामिल समस्त छात्र-छात्राओं में कुल 25 ने सफलता प्राप्त की। दूसरे राउंड में 13 छात्रों को सफलता मिली तथा तीसरे राउंड के टॉप टेन में 10 प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रथम तथा द्वितीय राउंड में विज्ञान आधारित लिखित तथा तीसरे राउंड में मौखिक प्रश्न पूछे गए। टॉप टेन में विजयी प्रतिभागियों में अदिति, विशाल, सपना राठौर सहित अनावा की मोहिनी, खिरिया रसूलपुर की प्रिया तथा लक्ष्मी, कपिल मूर्छा के कृष्ण दीक्षित, अनावा की अलीवा, कोटावारी के सुचित ने सफलता का परचम लहराया। समस्त दस प्रतिभागियों को शील्ड तथा मेडल और पुरस्कार वितरित करने सहित दूसरे राउंड के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण यादव ने पुरस्कार वितरण करते हुए छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई की। इस दौरान निर्णायक मण्डल में एसआरजी अश्विनी अवस्थी, अतुल शुक्ला, उपेन्द्र तिवारी, डॉ. रूपेंद्रजीत सिंह, वली मोहम्मद तथा आफरीन खां मौजूद रहे। शिक्षक संघ अध्यक्ष नवेन्दु मिश्र सहित पंकज पाण्डेय, आशुतोष मिश्र, ब्रजेश मिश्र, विनीत भटनागर प्रतियोगिता आयोजन में सहयोग किया। प्रतिभागियों के जलपान तथा अन्य व्यवस्थाओं में अंशुमान सिंह तथा जमील का सहयोग रहा।

## भारतीय बजरंग दल ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

मिर्जापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



भारतीय बजरंग दल के द्वारा उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार जलालाबाद को सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में बताया ग्राम फरीदपुर में ब्रम्ह देव बाबा जिंद महाराज का पुराना देवस्थान है एवं इसके बगल में निर्माणाधीन धर्मशाला स्थित है जिंद महाराज के स्थान को लगभग 75 वर्ष होने जा रहा है जिस पर पूरे ग्राम वासियों ने चंदा करके धर्मशाला का निर्माण कार्य कराया। जिसमें गुड्डू पुत्र कृष्णपाल, लालू पुत्र कृष्णपाल, वारसवती पत्नी कृष्ण पाल आदि लोगों का कहना है कि वह उनकी जमीन है जबकि लगभग 75 वर्ष पहले उनके पूर्वजों द्वारा वह जमीन देवस्थान को दान कर दी गई थी। उस समय जिसकी कोई लिखा पढ़ी नहीं की गई थी। इतने दिन बाद आकर उक्त विपक्षीगण धर्मशाला में तोड़फोड़ करने पर आमादा है और 26 नवंबर के दिन धर्मशाला को तोड़ दिया। जिसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसका विरोध ग्राम वासियों द्वारा किया गया। तो उन्होंने झूठा मुकदमा लिखवा कर जेल भेजने की धमकी दी जो कि न्याय संगत नहीं है। आसपास के लगभग 20 गांव के ग्राम वासियों की जिंद बाबा ब्रह्मदेव स्थान से धार्मिक आस्था जुड़ी है। इस विषय की गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उक्त विपक्षी गणों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में मुनिराज सिंह, रतिपाल, बाबा शेर बहादुर, चुन्नी देवी, जगबीर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, शालू गुर्जर, मनोज सिंह, देवेंद्र सिंह, वीर सिंह, अभिषेक सिंह, गिरीश बाबू, शैलेंद्र, शिवम सिंह, प्रदीप, अर्जुन, विकास, अनुज, चीनू सिंह, सुरदीप, सुरजीत, जोगेंद्र, जयवीर, राम प्रताप, विवेक, हेमेंद्र सिंह, अवनीश, मुकेश सिंह, सुधीर, अभिषेक, ब्रजकिशोर, मनोज, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# विश्व विजेता बेटियां

रविवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वो इतिहास रचा, जिसका दो दशक से इंतजार था। एक दिवसीय क्रिकेट का वर्ल्ड कप जीतकर उन्होंने उस कमी को पूरा किया, जो साल 2005 और 2017 में फाइनल में पहुंचकर भी हासिल न हो सकी थी। ऐसे वक्त में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम को खिताबी दौड़ में कमजोर माना जा रहा था, उसने सात बार की चौंपियन आस्ट्रेलिया टीम को सेमीफाइनल के एक रोमांचक मुकाबले में हरा दिया था। मुकाबले में मुंबई की जेमिमा रॉड्रिग्स ने 127 रन की तूफानी यादगार पारी खेली। लगता था शुरुआत में कई मैच हारने वाली भारतीय महिला टीम ने अपनी ऊर्जा फाइनल मुकाबले के लिये बचा रखी थी, जिसमें उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 52 रन से हरा दिया। रविवार की रात हरमनप्रीत कौर की कप्तानी ने पासा ही पलट दिया। फिर उनकी टीम ने नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में चालीस हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच जीत का जश्न जमकर मनाया। इस जुनूनी जश्न की वे हकदार भी थीं। साथ ही देश के एक अरब चालीस करोड़ लोगों को भी जीत के जश्न में डुबो दिया। लोग इस साल होने वाले कई दुखांत घटनाक्रमों को भुला इस जीत की लय में झूम उठे। यह सुखद आश्चर्य ही था कि टीम ने लगातार तीन हार झेलने के बाद टूर्नामेंट में दमदार वापसी की। सेमीफाइनल में लोग सात बार की चौंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम को कमतर आंक रहे थे। सुखद आश्चर्य देखिये कि फाइनल मुकाबले में हरियाणा की उस शैफाली वर्मा ने करिश्माई पारी खेली, जो विश्व कप के शुरू होने से पहले टीम का हिस्सा भी नहीं थी। उसने अपने चयन को तार्किक साबित किया। इसी तरह दीप्ति शर्मा ने भी शानदार खेल का परिचय दिया। निश्चय ही महिला क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत देश की उन लाखों बेटियों के सपनों को नयी ऊंचाइयां देगी, जो अपना आसमान हासिल करना चाहती हैं। निस्संदेह, विश्वकप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शानदार जीत के दूरगामी परिणाम होंगे। इस खेल में टीम दीर्घकालिक वर्चस्व कायम रख सकती है। दरअसल, अब तक महिला क्रिकेट को दोयम दर्जे का माना जाता रहा है। दरअसल, जब से महिला खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के समान वेतन मिलने लगा और उन्हें आईपीएल–शैली की टी–20 लीग में दमखम दिखाने का मौका मिला, टीम के प्रदर्शन में अभूतपूर्व सुधार आया। धीरे–धीरे वे पुरुष क्रिकेट के सितारों की तरह आभा बिखेरने लगी। हालांकि, आगे की राह इतनी भी आसान नहीं है, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल उनके पास इस कामयाबी का जश्न मनाने का मौका है। उल्लेखनीय है कि टीम में कई ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने तमाम आर्थिक–सामाजिक चुनौतियों का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी। वे तपती पगडंडियों से गुजरने वाली बेटियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। इन खिलाड़ियों ने मैदान से पहले निजी जीवन में बड़ा संघर्ष किया। बेहद जटिल पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वे विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनी हैं। उनके साथ अभ्यास मैच खेलने के लिये लड़कियां नहीं होती थी, अतरू वे शुरुआती क्रिकेट लड़कों की टीम के साथ खेलती थीं। उनके माता–पिता को समाज की छींटाकशी का भी शिकार होना पड़ता था। मध्यप्रदेश की क्रांति गौड़ ने आर्थिक बदहाली का जीवन जिया और प्रैक्टिस मैच के लिये पैसे की मदद न मिलने पर मां ने गहने तक बेचने पड़े। वक्त बदला है और आज मध्य प्रदेश सरकार ने उसे एक करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। स्पिनर राधा यादव का परिवार मुंबई के कांदिवली में रहता है और उसके पिता सब्जी बेचते रहे हैं। उनकी प्रतिभा पहचानकर क्रिकेटर प्रफुल्ल नाइक ने उसके परिजनों को क्रिकेट खेलने के लिये मनाया। संगरूर जिले की रहने वाली सफल गेंदबाज अमनजोत के, पेशे से कारपेंटर पिता भूपेंदर सिंह ने उनकी प्रतिभा को पहचाना। उन्होंने अपना कामधंधा दांव पर लगाया। इसी तरह हिमाचल के एक किसान परिवार से आने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने अपने दिवंगत पिता के सपने को पूरा किया। नि:संदेह, इन लड़कियों की कामयाबी न केवल समाज में लड़कियों के प्रति नजरिया बदलेगी, बल्कि उन जैसी लाखों लड़कियों को क्रिकेट में भविष्य आजमाने के लिये भी प्रेरित करेगी।

# लापता बच्चों पर बहस को अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत

*लालजी जायसवाल*

देश में हर साल बड़ी संख्या में बच्चे लापता होते हैं। उच्चतम न्यायालय में हाल में इस गंभीर मसले पर सुनवाई के दौरा न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक टिप्पणी की, मैंने समाचार पत्र में पढ़ा है कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। उच्चतम अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण, इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं। अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए छह सप्ताह का समय मांगा। मालूम हो कि अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे।

अदालत ने इससे पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से एक समर्पित अधिकारी का नाम- फोन नंबर आदि हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है। पूर्व में एक एनजीओ ने अदालत का रुख किया था और अपहरण किए जा चुके या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था।

बच्चों का गायब होना सचमुच चिंताजनक है। बच्चों के लापता होने के कई कारण हैं, जिनमें अपराध, तस्करी, हत्या और देह व्यापार आदि की आशंकाएं प्रबल हैं। इसमें प्रशासनिक लापरवाही एक बड़ा कारण हो सकती है, जिसमें सुधार की आवश्यकता हमेशा देखी जाएगी। भारत में गुमशुदा या लापता बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, हर साल मानव तस्करी में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। विधि आयोग द्वारा न्यायिक नीति पर जारी संक्षिप्त पुस्तक में भी इस समस्या पर प्रकाश डाला गया है। इस क्षेत्र में सबसे पहले लापता बच्चों का सुराग लेने और तस्करी से जुड़े सभी संपर्कों के लिए कानूनी बदलाव की तुरंत आवश्यकता है। वर्ष 2013 और 2014 के बीच कम से कम 6,700 बच्चे लापता हुए। इनमें से 45 प्रतिशत बच्चे अवयस्क थे, जिन्हें वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया गया।



**भारत में लापता बच्चों और मानव तस्करी के बढ़ते जाल ने अब अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में जगह बना ली है। मानव तस्करी तो समस्त विश्व की चिंता का विषय बना हुआ है। भारत के लिए तो यह और भी चिंताजनक है, क्योंकि यहां इस प्रकार के आपराधिक समूह सबसे ज्यादा फल–फूल रहे हैं। इस समस्या की भयावहता को देखते हुए इससे निपटने के लिए एक सशक्त संगठन या मंच की आवश्यकता है। मुक्त हुए बच्चों के लिए पुनर्वास की अच्छी व्यवस्था करनी होगी। प्रशासनिक तंत्र में कई स्तरों पर गंभीर कमियां हैं। परिवारों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती। कई मामलों में पुलिस प्रारंभिक प्रतिक्रिया के रूप में यह मान लेती है कि बच्चा स्वयं लौट आएगा, जिससे खोज के शुरुआती महत्वपूर्ण घंटे व्यर्थ चले जाते हैं। राज्यों के बीच समन्वय का अभाव लापता बच्चों की तलाश को और चुनौतीपूर्ण बना देता है। मिशन वात्सल्य जैसी योजनाएं व विभिन्न पोर्टल मौजूद होने के बावजूद उनका प्रभाव जमीन पर नहीं दिखता। यह समस्या दर्शाती है कि केवल नीतियां बना देना पर्याप्त नहीं है।**

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार, मानव तस्करी के पीछे अनेक कारण होते हैं। जबरन विवाह, बाल श्रम, घरेलू नौकर और लैंगिक शोषण इसके पीछे मुख्य कारण हैं। बच्चों की सुरक्षा किसी राष्ट्र के नैतिक मूल्यों से जुड़ी होती है। भारत को भी इस मोर्चे पर सुधार की जरूरत है। वर्ष 2024-25 में लगभग 45 हजार बच्चों को शोषण से बचाया गया है। इनमें से 90 प्रतिशत को बालश्रम में लगाया गया था। एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 47 हजार से अधिक बच्चे लापता सूची में हैं। इनमें से 71.4 प्रतिशत नाबालिग लड़कियां हैं। अधिकांश लापता बच्चों को बाल-श्रम, भीख मांगने या यौन शोषण के लिए मजबूर किया जाता है। हालांकि खोया-पाया जैसे नागरिक प्लेटफार्म ने कुछ बच्चों को उनके परिवार से जुड़ने में मदद की है। लेकिन असली रोकथाम ऐसे रैकेट और प्रतिष्ठानों में शामिल व्यक्तियों पर तुरंत मुकदमा चलाने से होगा, जहां बच्चों को रखा जाता है, और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के मूल कारणों को दूर करना जरूरी है। सामुदायिक सतर्कता नेटवर्क की मदद से भी बच्चों की उठाईगिरी को रोका जा सकता है। लिहाजा बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित प्रयास होने चाहिए।

नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी से जुड़े मामले में सबसे बड़ी अदालत ने कहा था कि अगर किसी नवजात बच्चे को अस्पताल से चुराया जाता है, तो उस अस्पताल का लाइसेंस रद कर देना चाहिए। नवजात शिशुओं की चोरी किसी भी समाज के लिए केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं पर भी आघात है। अस्पतालों में ऐसी घटनाओं का होना यह दर्शाता है कि सुरक्षा मानकों, कर्मचारियों की नैतिकता और प्रशासनिक निगरानी में गंभीर कमी है। जिन संस्थानों में इस तरह की लापरवाहियां सामने आती हैं, उनका लाइसेंस तत्काल रद किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई हो। लाइसेंस रद करने की नीति न सिर्फ अस्पताल प्रबंधन को जवाबदेह बनाएगी, बल्कि निजी और सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को भी सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए बाध्य करेगी। नवजात की सुरक्षा किसी सुविधा का विषय नहीं, बल्कि अनिवार्य जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी में जरा-सी भी चूक के लिए 'शून्य सहनशीलता' की नीति ही समाज और न्याय दोनों के हित में है। लापता बच्चा केवल एक मामला नहीं- वह राज्य की जिम्मेदारी, समाज की सतर्कता और प्रशासन की जवाबदेही का पैमाना है। वर्तमान समय में आवश्यक है कि तकनीकी संसाधनों का त्वरित उपयोग, स्पष्ट प्रोटोकाल और पारदर्शी जांच प्रक्रिया के साथ बच्चों की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए, ताकि कोई भी बच्चा व्यवस्था की चूक का शिकार न बने।

भारत में लापता बच्चों और मानव तस्करी के बढ़ते जाल ने अब अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में जगह बना ली है। मानव तस्करी तो समस्त विश्व की चिंता का विषय बना हुआ है। भारत के लिए तो यह और भी चिंताजनक है, क्योंकि यहां इस प्रकार के आपराधिक समूह सबसे ज्यादा फल-फूल रहे हैं। इस समस्या की भयावहता को देखते हुए इससे निपटने के लिए एक सशक्त संगठन या मंच की आवश्यकता है। मुक्त हुए बच्चों के लिए पुनर्वास की अच्छी व्यवस्था करनी होगी। प्रशासनिक तंत्र में कई स्तरों पर गंभीर कमियां हैं। परिवारों द्वारा दर्ज कराई जाने वाली शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती। कई मामलों में पुलिस प्रारंभिक प्रतिक्रिया के रूप में यह मान लेती है कि बच्चा स्वयं लौट आएगा, जिससे खोज के शुरुआती महत्वपूर्ण घंटे व्यर्थ चले जाते हैं। राज्यों के बीच समन्वय का अभाव लापता बच्चों की तलाश को और चुनौतीपूर्ण बना देता है। मिशन वात्सल्य जैसी योजनाएं व विभिन्न पोर्टल मौजूद होने के बावजूद उनका प्रभाव जमीन पर नहीं दिखता। यह समस्या दर्शाती है कि केवल नीतियां बना देना पर्याप्त नहीं है।

हालांकि, बच्चों के लापता होने के पीछे कई सामाजिक और मनोवैज्ञानिक कारण भी होते हैं, जो परिवार, स्कूल और समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाते हैं। परिवारों में संवाद की कमी, तनावपूर्ण सामाजिक वातावरण, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और जागरुकता का अभाव इस समस्या को और जटिल बना देते हैं। स्कूलों में परामर्श से जुड़ी सेवाएं सीमित और औपचारिकता भर होती हैं। समुदाय स्तर पर भी बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव देखने को मिलता है। कई घटनाओं में बच्चे पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, परीक्षा के भय, भावनात्मक तनाव या प्रेम संबंधों के कारण घर छोड़ देते हैं। कुछ मामलों में रोजगार या बेहतर भविष्य के नाम पर बच्चे ऐसे जाल में फंस जाते हैं, जहां से लौटना लगभग असंभव हो जाता है। यह स्पष्ट करता है कि यह संकट केवल अपराध नियंत्रण से संबंधित नहीं, बल्कि सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक कारकों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## विचार

# देश को ले डूबेगी, घुसपैठियों की तरफदारी

*अरविंद कांत त्रिपाठी*

घुसपैठिए, किसी राजनीतिक दल के लिए लाभ का तात्कालिक सौदा हो सकते हैं लेकिन दीर्घकाल में उनके कारनामें राजनीतिक दल के साथ–साथ राष्ट्रीय अस्तित्व के लिए कठिन चुनौती बन जाएंगे। जिस समाज की चेतन शक्ति सिर्फ वर्तमान के सुख–साधनों तक सीमित होती है, उस राष्ट्र का घोर संकट में पड़ना निश्चित है। उदाहरण के लिए – फ्रांस, इटली, कनाडा, इंग्लैंड और अन्य यूरोपीय देशों की वर्तमान त्रासदी सामने है। लेबनान, खाता–पीता किंतु भविष्य की चुनौतियों से बेपरवाह एक ईसाई बाहुल्य राष्ट्र था। वह अपनी जमीन पर चल रहे षड्यंत्रों को समझ पाने में नाकाम रहा और धीरे–धीरे मुस्लिम बाहुल्य इस्लामिक राष्ट्र बन गया। इतना ही नहीं कश्मीरी हिंदुओं के किलोल से गुलजार कश्मीर की वादियां अगर उन्हीं के खून, चीत्कार और बलात्कार की कहानी कहती हैं तो उस भयानक कहानी के पीछे कश्मीरियों की सीमित दृष्टि और भविष्य के प्रति घोर लापरवाही ही मिलेगी।... और पीछे जाने पर भारतीय इतिहास अपनी छाती पीटते मिलता है कि भारतीय राजा और महाराजाओं द्वारा अपने सुख, स्वार्थ और ऐश्वर्य को भोगते रहने की प्रबल लालसा के कारण भारत पहले मुगलों का और बाद में पुर्तगाली, डच, फ्रांसीसी और अंग्रेजों का गुलाम बना। उनके पैरों तले रौंदा गया।

सीधा सा फंडा (नियम) है – जिसका घर है, जिसकी जमीन है, वही उसका मालिक है। उसके घर और जमीन पर किसी बाहरी का अधिकार नहीं हो सकता है। परिस्थिति विशेष में बाहरी व्यक्ति शरणार्थी रूप में रह सकता है, लेकिन उस घर या जमीन का मालिक नहीं। इस मूलभूत नियम (सिद्धांत) का ज्ञान छोटे से लेकर बड़े तक सभी को है। लेकिन इस ज्ञान पर स्वार्थ का अंधापन हावी होता रहता है। राजनेता बनकर जीवन के अथाह सुख और शक्ति को निरंतर भोगने वाला स्वार्थ। ऐसे ही स्वार्थ में आकंठ बेचैन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को देश से बाहर करने की मुहिम में केंद्र सरकार से दो–दो हाथ करने पर आमादा हैं जिनकी संख्या और हरकत चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुकी है। करोड़ों बांग्लादेशी नदियों और जंगलों के जरिए घुसपैठ कर भारत में बस चुके हैं। 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान बांग्लादेश (तब के पूर्वी पाकिस्तानी) से विस्थापित होकर भारत आए एक करोड़ बांग्लादेशी शरणार्थी पहले ही भारत के विभिन्न राज्यों, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और मेघालय में बस चुके हैं। शरणार्थियों की यह संख्या घुसपैठियों की संख्या से अलग है। ढाका विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री अबुल बरकत के अनुसार – भारत के विभिन्न राज्यों में लगभग 1 करोड़ 13 लाख बांग्लादेशी शरणार्थी रह रहे हैं। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971–72 में अपने यहां बांग्लादेशी शरणार्थियों को इस शर्त पर शरण दी थी कि युद्ध खत्म हो जाने पर सारे बांग्लादेशी शरणार्थियों को बांग्लादेश वापस बुला लेगा। लेकिन 1984 में इंदिरा जी की असमय मृत्यु के बाद बांग्लादेशी शरणार्थियों को वापस भेजने की वार्ता ठप हो गई। अभाग्य है देश का कि इंदिरा जी के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा यह महत्वपूर्ण मसला वर्षों तक राजनीतिक लाभ–हानि के चश्मे से देखा जाता रहा। समय बीतता रहा, तकनीकी बढ़ती रही और कुटिल सियासत तथा भ्रष्ट नौकरशाही की कृपा से फर्जी दस्तावेजों के जरिए वह घुसपैठिए अब भारत के नागरिक होने का दावा करने लगे हैं। वह भारत की भूमि, भवन और संसाधनों पर, नौकरी और कारोबारों पर काबिज हो चुके हैं। भारतीय चुनावी राजनीति को बड़े स्तर पर प्रभावित करने की क्षमता हासिल कर लेने वाले इन घुसपैठियों का बड़े इलाकों में दबदबा, रंगबाजी और निर्णायक प्रभाव कायम है। खबरें बताती हैं कि भारत में भारी संख्या में घुसपैठियों के कारण जनसांख्यिकी/डेमोग्राफी (सांप्रदायिक आबादी) में तेजी से बदलाव होता जा रहा है। इस तरह भारत की संस्कृति और सभ्यता पर कब्जा करने की खतरनाक साजिश विस्तार ले रही है। अब भारत के कथित सभ्य राजनीतिक समाज पर थोड़ा और



नजर। यहां –सभ्य राजनीतिक समाज का आशय – चुनाव लड़ने वाले, मतदान करने वाले और ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक की राजनीति में सक्रिय रहने वाले समाज से है। स्वतंत्रता के बाद शोषण के पर्याय राजशाही और जमीदारी को भले ही भारतीय संविधान से हटा दिया गया हो, लेकिन उसकी महिमा से स्वयं को गर्वान्वित महसूस करने का भाव आज भी भारतीय समाज के मन–मस्तिष्क में यथावत है। जनता द्वारा आज भी ऐशोआराम और ठाठबाट से परिपूर्ण नामी–गिरामी नेता और उसकी संतान को ही शासन करने योग्य मानना, उनके ऐश्वर्य प्रधान जीवन की भरपूर चाकरी (गुणगान) करना आदि; गुलामी के दिनों वाले भारतीय चरित्र का ही रूपांतरण है। आज भी भारतीय समाज अपने जाति और धर्म के घोषित नेताओं (राजाओं और जमीदारों) की इच्छा और आदेश से अलग, अपनी स्वतंत्र राय बना पाने में असमर्थ है। अमेरिका भी अपने यहां पैदा होने वाली ऐसी भयावह स्थिति से अपने राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए अगर घुसपैठियों को चुन–चुनकर उनके देश भेज रहा है तो यह कार्य उसके राष्ट्रप्रेम का प्रमाण है। हम ऐसा नहीं कर पा रहे थे तो यह राष्ट्र के प्रति हमारी लफ्फाजी का प्रमाण था। अवैध प्रवासियों को अपने देश से बाहर करने में पूरा अमेरिकी जनमानस अपने राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) के साथ है। लेकिन भारत में स्थिति उलट है। भारत और अमेरिका के बीच का यही अंतर, अमेरिका को महाशक्ति बनाता है और हमें (भारत को) कछुए की गति से रेंगते हुए आगे बढ़ने को विवश करता है। ममता बनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पश्चिम बंगाल में नहीं होने देने का ऐलान किया था लेकिन रोक पाने में असमर्थ होने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मतदाता सूची से 30 लाख से अधिक मृत मतदाताओं के नाम हटाए जाने को धांधली बताया है। टीएमसी का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने घटनाक्रम बिहार की स्थिति की पुनरावृत्ति को दर्शाता है। जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (IDAI) द्वारा पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पहले ही बताया जा चुका है कि 30 लाख से अधिक नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है और उनके आधार कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। उधर भाजपा, ममता बनर्जी पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगा रही है कि ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर से डरी हुई हैं क्योंकि एसआईआर से उन घुसपैठियों का पर्दाफाश हो जाएगा जिन्हें टीएमसी ने राज्य में अपने वोट बैंक के रूप में पाला है।

पक्ष–विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का यह सिलसिला पारंपरिक और राजनीतिक है। पार्टियां आएंगी, जाएंगी लेकिन राष्ट्र को बचाए रखना अनिवार्य है। संवैधानिक संस्थाएं कभी भी पूर्णतः निर्विवाद नहीं हो सकती हैं। अपनी पराजय के बाद विपक्ष हमेशा सत्ता पक्ष पर संवैधानिक संस्थाओं (न्यायपालिका और चुनाव आयोग) के दुरुपयोग का आरोप लगाता है। लेकिन अपनी जीत पर ऐसे आरोप नदारद होते हैं। वस्तुतः राष्ट्र को सर्वोपरि रखने और चुनाव आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर पूरा भरोसा रखने की आवश्यकता है। ऐसा करके ही प्रजातंत्र और राष्ट्र को सुरक्षित रखा जा सकता है। वस्तुतः घुसपैठियों का मसला भारत, अमेरिका या किसी अन्य देश में बसने का नहीं बल्कि वहां की डेमोग्राफी बदल देने के लिए एक सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा है।

*(मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार)*

## साहित्य

### हम भारत मां के हैं वीर सपूत...



**राज गौरव पाण्डेय**
(रंगकर्मी, अधिवक्ता, फर्रुखाबाद)

दिल्ली दहलाने से चूक गए दिल
न मेरा दहला पाओगे,
हम भारत मां के हैं वीर सपूत,
बेमौत ही मारे जाओगे
तपोभूमि ऋषियों मुनियों की
उससे बनता हिंदुस्तान
साजिश कर लो भेष बदलकर
होगी गद्दारो में पहचान
ताकत कितनी तुम्हारे बमों में
कहां तक बरसाओगे
राम नाम के एक ही बम से पल
भर में मर जाओगे
शिव शंकर से हमने पाया
हलाहल विष का पी जाना
छुपे देश में अजगारों को हमने
अब हैं पहचाना
सोच लिया था बड़ी साजिश को
देगें मिलकर अंजाम
सारी ताकत लगा लो अपनी मेरे
साथ हैं जय श्री राम
पेशे को करते बदनाम जो
भगवान का दूसरा नाम
जन्नत में क्या हूरे पाओगे इस
मिट्टी में ही काम तमाम



# राशिफल

**मेष:**– नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। सन्तत्ति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**वृषभ:**– शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुन:**– कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**कर्क:**– कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कार्य पर आकर्षित मन पर अंकुश लगाएं।

**सिंह:**– कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:**– नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुला:**– किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:**– कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:**– सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:**– विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:**– अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन:**– पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# कांग्रेस के लिए गंभीर आत्मचिंतन का समय

*विपिन पब्बी*

हाल के बिहार चुनावों में कांग्रेस का खराब प्रदर्शन, जहां वह 243 सीटों वाली विधानसभा में सिर्फ 6 सीटें जीत सकी, उसके नीचे जाने के पैटर्न का हिस्सा है, कभी-कभी कुछ छोटी-मोटी गड़बडियों को छोड़कर, जो देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के फिर से उभरने के अलावा दूसरे कारणों से हो सकती हैं। वह पार्टी, जिसने आजादी के पहले 30 सालों तक बिहार पर राज किया और जिसे देश के सबसे पिछड़े राज्य के लिए एक मजबूत नींव रखनी चाहिए थी, अपने जनादेश का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसने अभी-अभी अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है।

2020 के राज्य विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस को 19 सीटें मिलीं, जबकि 2015 में उसे 27 सीटें मिली थीं। कांग्रेस ने महागठबंधन के हिस्से के तौर पर 61 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी। उसका वोट शेयर 8.46 प्रतिशत पर सीमित रहा, जबकि प्रशांत किशोर की नई आई जन सुराज पार्टी 3.44 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर सकी। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में जीत और हाल के लोकसभा चुनावों में थोड़े बेहतर प्रदर्शन को छोड़कर, पार्टी की लगातार गिरावट को देखते हुए उसे गंभीरता से आत्मनिरीक्षण और बदलाव के काम पर लग जाना चाहिए था। लेकिन, वह अभी भी रेत में सिर छिपाए हुए है और पार्टी में नई जान



डालने की कोई सच्ची कोशिश नहीं कर रही है। अब तक पार्टी नेताओं को यह एहसास हो गया होगा कि उसके पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और अब लोकसभा में विपक्ष के नेता जो मुद्दे उठा रहे हैं, वे वोटरों को पसंद नहीं आ रहे। लोकसभा चुनावों से पहले उनकी पदयात्रा का कुछ असर हुआ था, लेकिन ऐसी कोशिशें कभी-कभार और बहुत कम होती हैं। वह लंबे समय से अंडरग्राऊंड हैं और पार्ट-टाइम पॉलिटिकल लीडर के तौर पर काम कर रहे हैं। उनके दिए गए नारे जैसे 'चौकीदार चोर है' और 'वोट चोरी' ज्यादा असरदार नहीं रहे और यह राष्ट्रीय बहस के गिरते स्तर को दिखाता है।

नरेंद्र मोदी पर कई आरोप लगाए जा सकते हैं, लेकिन 'चौकीदार चोर है' के नारे से उन्हें भ्रष्ट कहना एक बेवकूफी भरा विचार था। ऐसा लगता है कि उनकी अपनी पार्टी के अंदर ही नेताओं का एक बड़ा ग्रुप इस आरोप के साथ चुनाव कैंपेन चलाने के विचार के खिलाफ था। इसी तरह 'वोट चोरी' का आरोप भी वोटरों को समझाने में नाकाम रहा। भले ही राहुल गांधी ने इसे एक बेहतरीन जांच बताया, लेकिन वे वोटर लिस्ट में कथित गड़बडियों को या तो नकली पोलिंग से जोडने में नाकाम रहे या यह नहीं बता पाए कि इससे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को कैसे मदद मिली। उनका तथाकथित हाइड्रोजन बम भी बेकार साबित हुआ। हालांकि उन्होंने एक ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीरों वाली वोटर रोल की कॉपी दिखाई, लेकिन वे यह साबित नहीं कर पाए कि असल में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में नकली वोट डाले गए थे। असल में, अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म के पत्रकार, जो नकली वोटरों के आरोपों की जांच करने गए, उन्हें कोई भी नकली वोट नहीं मिला। भले ही इलैक्टोरल वोटर शीट पर मॉडल की फोटो थी, लेकिन उसी नंबर वाले वोटर पहचान पत्र पर असली वोटर की फोटो थी और उन्होंने अपना वोट डाला था। कांग्रेस और राहुल गांधी ने यह प्रचार करने की कोशिश की कि बिहार के लिए बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' की योजना बनाई गई थी, लेकिन इस पर भी कुछ ही लोग यकीन कर पाए।

राज्य में रिकॉर्ड वोटिंग और राजग को मिले बड़े जनादेश से यह साफ है कि वोटर कांग्रेस नेता की दलीलों से सहमत नहीं थे। राहुल गांधी के 'संविधान बचाओ' कैंपेन का असर कम ही हुआ, लेकिन सत्ताधारी सरकार की तरफ से कोई उलटी कार्रवाई न होने पर भी कैंपेन जारी रखने की उनकी जिद ने भी कैंपेन की हवा निकाल दी। मुद्दों का चुनाव और बेबुनियाद आरोप लगाने की आदत लीडरशिप की खराब छवि दिखाती है। गांधी परिवार को सलाह देने वाले ज्यादातर नेता खुद नाकाम नेता हैं या उन्होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा। जाहिर है, उन्हें जमीनी हकीकत की जानकारी नहीं है। कांग्रेस से बार-बार अपने घर को ठीक करने की अपील करने पर भी कोई भरोसेमंद जवाब नहीं मिला। इसके नेताओं की खानदानी सोच पार्टी को नीचे खींच रही है, जिसकी वजह से कई काबिल नेताओं को अलग होना पड़ा और शायद और भी जाने वाले हैं। पार्टी और इसके नेताओं को यह समझना चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी के एकमात्र संभावित राष्ट्रीय विकल्प के तौर पर देश के प्रति उनकी जिम्मेदारी है। यह लोकतंत्र के हित में है कि पार्टी एक प्रभावी भूमिका निभा सके।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने फीता काट मेले का किया शुभारंभ



भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर। कस्बे की तपोभूमि में चल रही श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ में अब भीड़ उमड़ने लगी है। गुरुवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष समाजसेवी अरुण कुमार दुबे पप्पू भैया ने विधिविधान के साथ पूजन करके मेले का शुभारंभ किया श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में अब कस्बावासियों की अच्छी खासी भीड़ जुटने लगी है। कथा पंडाल गुरुवार को खचाखच भरा हुआ था। कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि मनुष्य को अन्याय के मार्ग में चलने से बचना चाहिए। न्याय एवं सत्य का मार्ग ही मनुष्य को मुक्ति दिलाता है। गुरुवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष ने तपोभूमि में लगे मेले का विधिविधान के साथ फीता काट शुभारंभ किया। इसके पूर्व यज्ञ के सह आचार्य पंडित उमादत्त शुक्ला ने विधिविधान के साथ पूजन कराया। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल, अनिल पालीवाल, डा. नरेश शर्मा, सोनू तिवारी, यज्ञ समिति संजय ओमर, बालगोपाल गुप्ता, आल्हा सिंह आदि मौजूद रहे। मेला देखने के लिए शाम को कस्बावासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी

### नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का समर्थकों ने किया जगह-जगह स्वागत



हमीरपुर। जनपद में नए जिलाध्यक्ष के रूप में महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शकुंतला निषाद को मनोनीत करने के बाद उनके समर्थकों तथा पार्टी पदाधिकारियों द्वारा बराबर बधाइयां दी जा रही हैं। मनोनयन के बाद जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने मुख्यालय के चौरादेवी तथा सुमेरपुर क्षेत्र के इटरा के हनुमान मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर माथा टेका। इस दौरान जगह जगह पर कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला देकर एवं पटका पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि घोषित भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद यहां से लखनऊ प्रदेश कार्यालय जाएगी और 29 नवंबर को वापस हमीरपुर लौटेंगी। तब 29 नवंबर को अन्य सभी पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उनके जनपद आगमन पर भव्य स्वागत करेंगे।

### भाजापा की जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित को दोबारा अध्यक्ष बनाने पर हर्ष व्यक्त किया



कुरारा, हमीरपुर। जनपद जालौन के भाजपा जिला अध्यक्ष पर उर्विजा दीक्षित के दोबारा बनाए जाने पर कस्बा वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। कस्बा कुरारा निवासी प्रणव प्रकाश शुक्ला की भतीजी उर्विजा दीक्षित को जनपद जालौन का दोबारा भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कस्बा वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। तथा लोगो ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बृजकिशोर गुप्ता, पूर्व सभासद रवि गुप्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, रोहित त्रिपाठी, प्रत्यय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### एसपी-एएसपी ने क्षेत्राधिकारी गौरव उपाध्याय के कंधों पर स्टार लगाकर किया सम्मानित



महोबा। मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा प्रशिक्षण अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरान्त नवागत पुलिस उपाधीक्षक गौरव उपाध्याय के कंधों पर स्टार लगाकर पदभार ग्रहण की औपचारिकता पूरी की गई। स्टार लगने के इस सम्मानित क्षण ने न केवल अधिकारी के मनोबल को ऊँचा किया, बल्कि महोबा पुलिस के गौरव में भी वृद्धि की। वरिष्ठ अधिकारियों ने गौरव उपाध्याय को उनकी आगामी पुलिस सेवा के लिए कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी नवपदस्थापित डीएसपी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम की मौजूदगी में की जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ बैठक

महोबा। मुख्यालय स्थित सदर तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर पंकज द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 (एसआईआर) एवं फसल बीमा के सम्बन्ध में जनपद के समस्त जन सेवा केन्द्र संचालको के साथ बैठक की गयी। बैठक में शिवध्यान पाण्डेय उपजिलाधिकारी सदर,अनिल कुमार जिला प्रबन्धक सीएससी एवं समस्त सीएससी केन्द्र संचालक उपस्थित रहे। सीएससी केन्द्र संचालको को निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में वर्तमान में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 (एसआईआर) का महत्वपूर्ण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। उक्त एसआईआर के कार्य में समस्त सीएससी केन्द्र संचालक वर्ष 2003 की वोटरलिस्ट सर्च करने में मतदाताओं को सहयोग करें एवं मतदाताओं को वर्ष 2003 की वोटरलिस्ट में उनके परिजनों ( माता पिता, दादा दादी) का नाम ढूढ़कर बताएं ताकि मतदाता अपना एसआईआर का फार्म भर सके। इसके अतिरिक्त फसल बीमा के अन्तर्गत बीमा धारकों/कृषकों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी बीमा धारक/कृषक की बीमा पॉलिसी रिवर्ट हुई है, उन पॉलिसियों को क्षेत्रीय लेखपाल से सत्यापित कराकर 02 दिवस के अन्दर सीएससी केन्द्रों से पुनः सम्बन्धित अभिलेख अपलोड करायें अन्यथा की स्थिति में पॉलिसी अस्वीकृत कर दी जायेगी। इस कार्य हेतु समस्त सीएससी केन्द्र संचालक बीमा धारकों,कृषकों को सहयोग प्रदान करेगें।

### डीएम ने किया एसआईआर को लेकर लगाए गए बूथ लेवल ऑफिसर के कार्यों का निरीक्षण



महोबा। विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण 2026 के कार्यों मे प्रगति लाये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा शहर स्थित 230 महोबा विधानसभा की भाग संख्या 113,114, 115, 116 नेहरू इंटर कालेज महोबा एवं 117 तहसील भवन कक्ष महोबा व 121 किसान सेवा केन्द्र गल्ला मण्डी महोबा के बूथ लेवल ऑफिसर के कार्यों का निरीक्षण किया गया। जांच के समय बीएलओ के कार्य मे सहयोग में लगाये गये नगर पालिका कर्मी, आंगनवाडी, कोटेदार व सहायक शिक्षक उपस्थित थे, जिनके द्वारा गणना प्रपत्र भरने व जमा करने मे सहयोग किया जा रहा है। निरीक्षण के समय इन बूथों के अतिरिक्त पर्यवेक्षणीय अधिकारी तहसीलदार दिवाकर मिश्र,नगर पालिका परिषद महोबा के अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 230 महोबा/उपजिलाधिकारी शिवध्यान पाण्डेय उपस्थित रहे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित मतदाता व उनके पारिवारिक सदस्यों से कहा गया कि सभी लोग एसआईआर के काम को शीघ्र पूरा करने हेतु अपने व अपने पारीवारीजन मतदाताओ के गणना प्रपत्र भरकर बूथ लेवल ऑफिसर एवं उनके सहयोग मे लगाये गये नगर पालिका कर्मी, आंगनवाडी कर्मी कोटेदार व सहायक शिक्षक के माध्यम से अग्रिम 04 दिवस मे प्रत्येक दशा मे जमा कर दें, जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन मे एसआईआर का काम 04 दिसम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा मे पूर्ण हो जाये एवं सभी वैध मतदाता ड्राफ्ट रोल मे शामिल हो जायें।

### विद्यालय प्रशासन ने बच्चों को कराया ऐतेहासिक धरोहरों का भ्रमण



कुलपहाड़/ महोबा। नगर के मीना पब्लिक स्कूल के बच्चों को ऐतिहासिक घरोहर खजुराहो का भ्रमण कराया गया, इस दौरान बच्चो ने ऐतिहासिक स्थलों की नक्काशी, धार्मिक स्थलों एवं एयरपोर्ट सहित हरे भरे पहाड़ों की प्राकृतिक छटा का आनंद लिया। नगर के मीना पब्लिक स्कूल के विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को ऐतिहासिक स्थल खजुराहो का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों को खजुराहो स्थित ऐतिहासिक मंदिर, ऐतिहासिक स्थलों की नक्काशी सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर जानकारी दी गई, प्रमुख स्थलों में कुटनीडेम, आदिवर्त संग्रहालय, खजुराहो मंदिर आदि की अनोखी विरासत देखकर बच्चों को यादगार बना दिया। बच्चों ने खजुराहो एयरपोर्ट का भ्रमण भी किया, जहां स्टाफ द्वारा प्रस्थान और आगमन, चेक–इन, बैंगेज क्लेम, सुरक्षा जांच तथा टेक ऑफ आदि से संबंधित जानकारी प्राप्त कराई गई। सभी छात्र पारंपरिक मारवाड़ी भोजन और संस्कृति का संगम देखकर आनंदित हो उठे। इस दौरान विद्यालय का अधिकतर स्टाफ मौजूद रहा।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने नवीन कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को नवीन कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण कर विद्यालय भवन में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और दुरस्त करने के लिए निर्देश जारी किए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल ने काशीराम कॉलोनी नगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया और विद्यालय की व्यवस्था सही ना पाए जाने पर दुरस्त करने के निर्देश जारी किए वही विद्यालय के अध्यापक शाहिद सिद्दीकी को मौखिक आदेश देते हुए विद्यालय नवीन भवन में चलाने के निर्देश दिए काशीराम कॉलोनी में 61 छात्र-छात्राओं का नामांकन है जिसमें दो विद्यालयों के बच्चे मर्ज किए गए उनका पठन-पाठन एक अध्यापक की जिम्मेदारी के हवाले एक से पांच तक के छात्रों को मध्यान्ह भोजन व पठन-पाठन का कार्य कराया जा रहा है इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया लगभग 1 वर्ष पूर्व नवीन भवन में विद्यालय चलाया है बरसात के समय जहरीले कीड़े निकलते हैं बाउंड्री वाल नहीं है लैट्रिन टैंक खुला है कभी भी नन्हे मुन्ने बच्चे अप्रिय घटना के शिकार हो सकते जिसको ध्यान में रखते हुए काशीराम कॉलोनी विद्यालय में संचालित कर रहा है लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया जब तक लिखित आदेश जारी नहीं करेंगे तब तक विद्यालय यही संचालित किया जाएगा खास बात यह है कि नगर क्षेत्र के चौधराना में शिक्षा विभाग के रहमों करम पर पांच विद्यालय एक साथ एक कमरे में संचालित हो रहे हैं जहां पांच अध्यापक एक कमरे में बच्चों का पठन-पाठन कर है और जबकि वही कंपोजिट विद्यालय काशीराम कॉलोनी में एक अध्यापक के हवाले 61 बच्चों का पठन-पाठन किया जा रहा है जो चिंता का विषय बना है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल ने बताया कि काशीराम कॉलोनी स्थित कंपोजिट विद्यालय के अध्यापक को निर्देश देते हुए नवीन भवन में विद्यालय संचालित करने के आदेश दिए गए हैं। सुशील कुमार कमल खंड शिक्षा अधिकारी मौदहा सेवेंद्र सिंह ने कम्पोजिट विधालय (1-8) माननीय काशी राम कालोनी नगर क्षेत्र मौदहा का औचक निरीक्षण किया और विधालय की व्यवस्था देखी व्यवस्था सही नहीं थी क्योंकि कि एक साल से 1 से 5 तक कि कक्षाएं अंदर आवासीय कालोनी में चल रही है मूल भूल सुविधाएं नहीं होने के कारण एवं बरसात की कक्षाएं संचालित रही है अभी भी कम्पोजिट विधालय काशी कालोनी नगर क्षेत्र मौदहा में न तो बाउंड्री वॉल/है न शौचालय /पानी की व्यवस्था है आये दिन जहरीले कीड़े मकोड़ों निकलते है।

## हाईवे में डीसीएम खराब होने से 5 घंटे रेंगें वाहन

- कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने खुलवाया जाम

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



बस स्टॉप के समीप हाईवे में डीसीएम के अचानक खराब हो जाने से हाईवे में भारी जाम लग गया। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद पूरे दिन वाहन कस्बे में रेंगते नजर आए गुरुवार को दोपहर करीब 1:00 बजे हाईवे में बस स्टॉप के समीप डीसीएम अचानक बंद हो गई। चालक के तमाम प्रयासों के बाद चालू नहीं हो सकी। हाईवे के बीचों बीच डीसीएम के खड़ा होने के कारण भीषण जाम लग गया। कस्बे से लेकर नारायणपुर तक वाहनों की लंबी लाइन लग लग गई। मौदहा की तरफ ब्लॉक कार्यालय तक वाहनों की कतार लग जाने से हाईवे में त्राहिमाम की हालात पैदा हो गई। भीषण जाम देखकर सक्रिय हुई पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खराब वाहन को किनारे कराकर यातायात बहाल कराया। वाहनों को आड़ा तिरछा होने के कारण यातायत सुचारू करने में पुलिस ने घंटो पसीना बहाया। इसके बाद शाम तक वाहन दौड़ने के बजाय रेंगते से नजर आए। हाईवे के जाम के कारण कस्बे से गुजरा स्टेट हाईवे बांदा मार्ग भी जाम का शिकार रहा। जाम में यात्री बसें, स्कूली वाहन, एंबुलेंस भी फंसी रही।

# चक रोड पर बिना कार्य के सैकड़ों लोगों की हाजिरी लगा कर मनरेगा मजदूरी निकालने का खेल

कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



विकास खंड क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे चक रोड निर्माण में बिना कार्य के सैकड़ों मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगा कर खेल किया जा रहा है। जब कि धरातल पर एक भी कार्य नहीं हो रहा है।लोगो ने इसकी जांच कराए जाने की मांग की है।क्षेत्र के भैंसा पाली गांव में कुशौली पुरवा गांव के मंदिर के समीप से जनपद जालौन के सीमा तक खुटमिली गांव के बाहर तक चक रोड में मनरेगा योजना से मिट्टी का कार्य कराया जा रहा है। तथा दूसरे चक रोड में भी शंकर के खेत से शमशान घाट तक चक रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक इन दोनों चक रोड में अभी कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है। न ही कोई मिट्टी डाली गई है। लेकिन मौके पर कार्य होना दर्शा कर ऑनलाइन 194 मजदूरों की संख्या काम करते दिखाई जा रही है। जब कि मौके पर कोई कार्य नहीं हो रहा है। मनरेगा योजना में व्यापक घोटाला किया जा रहा है। बिना कार्य के मजदूरों की हाजिरी लगा काम के पैसे में खेल किया जा रहा है। जब कि मौके पर कोई मजदूर कार्य करता नहीं दिख रहा है। मनरेगा योजना में लोग बिना कार्य के कमाई कर रहे है।मौके पर कोई कार्य न होने के बाद भी प्रतिदिन ऑनलाइन मजदूरों की हाजिरी लग रही है। जिसमें लाखों रूपये का खेल किया जा रहा है। लेकिन प्रशाशन द्वारा इसकी जांच भी नहीं की जा रही है।इस संबंध में डी सी मनरेगा राघवेंद्र सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इस कार्य की जांच कराई जाएगी। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप से बात करने पर उन्होंने बताया कि मनरेगा कार्य की जानकारी नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी।

### नीम के पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या

मौदहा, हमीरपुर। एक युवक ने नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। सिसोलर निवासी महेंद्र सिंह 35 वर्ष पुत्र रामदीन सिंह गुरुवार की दोपहर बाद छत में चढ़कर नीम के पेड़ में रस्सी से गले में फंदा डालकर झूल गया जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौत की खबर पड़ोसियों ने 112 नंबर को सूचना देकर बताई मृतक पांच भाइयों में तीसरे नंबर का अविवाहित हैं घर में अकेला रह रहा था मृतक के भाई जितेंद्र ने बताया कि सिसोलर में अकेले घर में रह रहा था और नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में फाजिल इलेवन ने अलकछुआ को दो विकेट से हराया

- दूसरे मुकाबले में केजीएन ने यूथ ब्रिगेड को दी मात

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



कस्बे में चल रहे मौलाना सलीम मेमोरियल अखिल भारतीय खेल महोत्सव 2025 के टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को पांचवें दिन का पहला लीग मुकाबला फाजिल और अलकछुआ के बीच 15-15 ओवरों का खेला गया। इस मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बच्चा लंबरदार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला शुरू कराया। जिसमे अलकछुआ ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर से पहले ही 88 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फाजिल इलेवन ने 13वें ओवर में 92 रन बनाकर 2 विकेट से मुकाबला जीत लिया। फाजिल इलेवन की ओर से 3 विकेट झटकने वाले बाबू कम्हरिया को मुख्य अतिथि द्वारा मैन ऑफ दी मैच देकर सम्मानित किया। इस बाद दूसरा मुकाबला यूथ ब्रिगेड और केजीएन के बीच खेला गया। जिसमे केजीएन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में कुल 125 रन बनाकर 126 रनों का लक्ष्य रखा। जिसमे प्रियांशु ने 31 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ ब्रिगेड मात्र 113 रनों पर सिमट गई। इसी प्रकार केजीएन ने 12 रनों से मुकाबला जीत लिया। केजीएन की ओर से 3 विकेट लेने वाले छोटू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले में रैफरी की भूमिका अन्नी माहतौ, इश्तियाक जुग्गी व राजा बाबू ने निभाई। जबकि कमेन्ट्री साकेत सिंह एवं स्कोरिंग समीर ने की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष बीतू बादशाह, जावेद चेयरमैन, जुबैर मास्टर, कैफू सहित समस्त कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

## दोनों पक्षों में सुलह करा कर एक दूसरे को बधाई देकर घर भेजा



हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं.-11212/2023 पूजा निषाद पत्नी चन्द्रप्रकाश निवासी कुरारा और ओमप्रकाश पुत्र छोटेलाल निवासी कुरारा के मध्य शमनीय प्रकृति का दाण्डिक विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

## आश्वासन समिति की बैठक में एमएलसी ने उठाई अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने की मांग



महोबा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सचिवालय में आश्वासन समिति की बैठक में बतौर समिति सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित प्रस्तरों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। महोबा-हमीरपुर एवं बाँदा जनपदों में अर्जुन सहायक परियोजना एवं कबरई बाँध से संबंधित किसानों की अधिग्रहण भूमि के एवज में मुआवजा राशि निर्गत हेतु कुछ किसान अभी भी वंचित है, समिति के माध्यम से अधिकारियों को संज्ञान में दिया गया एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में शासन द्वारा स्वीकृत उच्चीकृत हाई स्कूल भवन कार्य अति शीघ्र पूर्ण हो ताकि क्षेत्र को लोगों को नए सत्र में शिक्षण लाभ प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान सिंचाई विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव/ डायरेक्टर, विभिन्न जिलों के आला अधिकारी सहित उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार वृद्ध को पीछे से मारी टक्कर, मौत

कबरई, महोबा, समृद्धि न्यूज़।



थाना क्षेत्र अंतर्गत कानपुर-सागर राजमार्ग स्थित मंशा ग्रेनाइट के पास बुधवार शाम को तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा अनुभाग में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज हादसे का सबब बने ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। वृद्ध की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त विवरण के अनुसार कबरई कस्बा के विशाल नगर मोहल्ला निवासी बाबूलाल पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 55 वर्ष बाइक में सवार होकर महोबा से वापस कबरई जा रहे थे जैसे ही बाइक कानपुर-सागर राजमार्ग स्थित मंशा ग्रेनाइट के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक में बाइक में टक्कर मार दी हादसे में बाबूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

### बहन की शादी के एक दिन बाद भाई की मौत से शादी वाले घर में छाया मातम

कबरई, महोबा। बुधवार शाम थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बीला उत्तर निवासी 19 वर्षीय आकाश यादव पुत्र पवन यादव अपने साथी मलख़ान के साथ बाइक में सवार होकर कबरई से वापस गांव लौट रहा था। तभी रास्ते में ग्राम बूढ़ी गौहारी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा दोनों घायलों उपचार के लिए सीएचसी कबरई में भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने आकाश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया एवं मलखान को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात आकाश की मौत हो गई। बहन की शादी के एक दिन बाद हुई भाई की मौत से शादी की खुशियों में मातम पसर गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात ट्रक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा ट्रक व चालक की तलाश की जा रही है।

### महानगर में रहकर निजी कम्पनी में नौकरी करता था मृतक

कबरई, महोबा। मृतक आकाश गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) में प्राइवेट नौकरी करता था और अपनी बहन आसमा की शादी में शामिल होने आया था। बहन का विवाह 24 नवम्बर सोमवार को कबरई स्थित एक विवाह घर से सम्पन्न हुआ था। खुशी का माहौल दो ही दिनों बाद मातम में बदल गया।

# अनियंत्रित होकर राजमार्ग किनारे खड़े ट्रक से टकराया यात्रियों से भरा ऑटो

- हादसे में ऑटो सवार तीन महिलाओं सहित दस यात्री घायल
- नशे में धुत होकर ऑटो चला रहा था चालक, एक गंभीर झांसी रेफर

महोबा, समृद्धि न्यूज ।





यातायात माह नवंबर के दौरान आएदिन सामने आ रहे सड़क हादसे पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। आज फिर यात्रियों से भरा तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते हाइवे किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में ऑटो सवार तीन महिलाओं सहित दस यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शहर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर सागर राजमार्ग स्थित किड़ारी रेलवे क्रॉसिंग के पास यात्रियों को लेकर कबरई से महोबा की ओर आ रहा तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते राजमार्ग किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। हादसे में ऑटो सवार 38 वर्षीय कलावती, 60 वर्षीय श्रीप्रकाश तिवारी, 65 वर्षीय दीनदयाल, 29 वर्षीय रोहित, 30 वर्षीय सुरेश, 44 वर्षीय रामनारायण, 50 वर्षीय बती, 50 वर्षीय गणेशी, 18 वर्षीय राजकुमारी सहित 65 वर्षीय गणेशा गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसे के बाद ऑटो में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों द्वारा रेस्क्यू कर सभी को दुर्घटना का शिकार हुए ऑटो से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है जबकि अन्य सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी रामसिंह ने बताया कि रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के चलते जाम लगा था हाइवे किनारे ट्रक लाइन में खड़े थे तभी तेज रफ्तार ऑटो आया और ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी हम लोगों ने चीखपुकार सुनी तो मौके पर आकर सभी घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया ऑटो चला रहा चालक शराब के नशे में था उसे भी चोट लगी है और अस्पताल भेजा गया है।

### जागरूकता अभियानों व जिम्मेदारों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल

महोबा। यातायात माह नवंबर के दौरान आए दिन सामने आ रहा है सड़क हादसे पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों पर गंभीर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं। कहने को तो पुलिस और प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जाती है, जबकि रोजाना सैकड़ो की संख्या में नियमों का पालन ना करने वाले वाहनों का चालान किया जाता है, लेकिन आएदिन सामने आ रहीं सड़क दुर्घटनाएं इन अभियानों और जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं।

# 180 वर्ष पुरानी रामलीला में नामचीन कवियों ने स्रोताओं को किया भावविभोर

▸ संस्कृति साहित्य संस्थान के सहयोग से आयोजित हुआ कवि सम्मेलन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



पण्डित गयादीन महाराज द्वारा संस्थापित व पण्डित बच्चनलाल सरपंच सेवा समिति ग्राम पीड़, देवा बाराबंकी द्वारा संचालित 180 वर्ष पुरानी तीन दिवसीय धनुषयज्ञ रामलीला के प्रथम दिवस पर रामजानकी प्राँगण में संस्कृति साहित्य संस्थान लखनऊ के तत्वावधान में और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें भगवान श्रीराम और भारतमाता को समर्पित कविताओं के पाठ से कवियों ने श्रोताओं से खूब तालियाँ और सराहना प्राप्त की।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्र के मुख्य आतिथ्य व राष्ट्रीय कवि शिवकुमार व्यास की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा और श्रोता आनन्दित होते रहे। रवि रुद्रांश की वाणी वंदना से प्रारंभ हुए इस कवि सम्मेलन के प्रथम कवि के रूप में युवा ओजस्वी कवि सूर्यांशु सूर्य ने सुनाया,.देशप्रेम क्या होता है मैं तुम्हे बताने आया हूँ विश्व गुरु थे हम, मैं उसकी याद दिलाने आया हूँ।

कवि शिवेश राजा ने सुनाया, जब भी पितामह अन्याय के संग में दिखेंगे। तब तब कवि तलवार से कविता लिखेंगे.. सुप्रसिद्ध हास्य कवि विकास बौखल ने जब माइक सम्भाला तो सभी श्रोताओं ने उनकी एक एक पंक्ति पर खूब ठहाके लगाए उन्होंने सुनाया- किसी खंजर से न तलवार से जोड़ा जाए, सारी दुनिया को चलो प्यार से जोड़ा जाए। ये किसी शख्स को दोबारा न मिलने पाए, प्यार के रोग को आधार से जोड़ा जाए। कवि रवि रुद्रांश ने सुनाया-कहो पंछियों से चहकना न छोड़ें। हवाओं से बोलो मचलना न छोड़ें। हास्य के वरिष्ठ कवि अजय प्रधान ने हास्य के अनेक मुक्तक और छंद सुनाने के साथ साथ गम्भीर मुक्तक सुनाकर खूब वाहवाही लूटी उनका यह मुक्तक खूब सराहा गया -कवि अंतर्मन में रोता है तब बनती है कविता, आंख खुली रखकर सोता है तब बनती है कविता, मस्तिष्कों के ऊबड़ खाबड़ खेतों को समतल कर चिंतन के दाने बोता है तब बनती है कविता। हास्य के चर्चित कवि प्रदीप महाजन ने भी अपने हास्य व्यंग्य पाठ से लोगों को खूब हँसाया। संचालन कर रहे रायबरेली से पधारे कवि नीरज पाण्डेय ने सुनाया- तू जिसकी मुश्किलें आसान करने में लगा है। वही बन्दा तेरा नुकसान करने में लगा है। और अंत में अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय चेतना के प्रखर कवि शिवकुमार व्यास ने अपने काव्य पाठ से कवि सम्मेलन को अविस्मरणीय बना दिया उन्होंने पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश के बदले हुए स्वरूप को एक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया - गुंडा तस्कर और माफिया काँप रहे है थर थर थर। सबके दिल मे बैठ गया है कुछ ऐसा कानून का डर। गलत काम करने वाले सब आपस मे बतियाते हैं। सुधरो नहीं तो आ जाएगा बाबाजी का बुलडोजर। कार्यक्रम के आयोजक रामलखन मिश्र ने अंत मे सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया।

# फैमिली आईडी बनवाएं नागरिक

▸ ऑनलाइन दर्ज कराएं परिवार विवरण

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश में परिवार रजिस्टर अब बीते जमाने का दस्तावेज बन चुका है। शासन ने इसके स्थान पर फैमिली आईडी को अनिवार्य रूप से लागू करते हुए परिवारों का पूरा विवरण ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी है। इससे न सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ सरल होगा, बल्कि कृषि, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, छात्रवृत्ति समेत विभिन्न योजनाओं में पात्रता का स्वतः सत्यापन भी आसानी से हो सकेगा।

स्थानीय नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि फैमिली आईडी बनवाना बेहद सरल है। कोई भी व्यक्ति स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकता है या अपने गांव के पंचायत सहायक तथा नगर पंचायत कर्मियों की सहायता से फैमिली आईडी जनरेट करा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन परिवारों के पास पहले से राशन कार्ड मौजूद है, उन्हें अलग से फैमिली आईडी बनवाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन जिन परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं है, उनके लिए फैमिली आईडी बनवाना अत्यंत आवश्यक है। गुरुवार को परिवार रजिस्टर की नकल लेने पहुंचे पुष्पेंद्र सिंह को भी मौके पर नया फैमिली आईडी जारी कर योजना से जोड़ दिया गया।अधिशासी अधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की बाधा से बचने के लिए जल्द से जल्द फैमिली आईडी बनवा लें।

### 21 दिन के भीतर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निःशुल्क

संतोष चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत व ब्लॉक स्तर पर जन्म या मृत्यु की सूचना 21 दिन के भीतर देने पर प्रमाण पत्र निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। 21 से 30 दिन के बीच आवेदन करने पर मात्र दो रुपये शुल्क निर्धारित है। नगर पंचायत के मनीष श्रीवास्तव ने लोगों से निर्धारित समय सीमा में आवेदन करने की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### वैवाहिक वर्षगांठ मनाने निकले दम्पत्ति को डम्प्पर ने मारी टक्कर, महिला की दर्दनाक मौत



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विवाह वर्षगांठ के दिन मां ज्वालामुखी के दर्शन को जा रहे दंपति पर मातम छा गया, जब पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो वर्षीय मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। गुरुवार को पक्खा का पुरवा मजरा सनौली निवासी राजेश कुमार वर्मा और उनके परिवार के लिए हमेशा यादगार बनने वाला था। राजेश, जो रामसनेहीघाट तहसील स्थित आपूर्ति कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं, अपनी विवाह वर्षगांठ पर पत्नी रोली (24) और दो साल की बेटी रीति के साथ मोटरसाइकिल से अंबौर स्थित मां ज्वालामुखी देवी के दर्शन को निकले थे। लेकिन लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग पर छदवल गांव के निकट उनकी खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे बैठी रोली उछलकर सड़क पर जा गिरी और उसी समय डंपर का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। रोली ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे का मंजर देखकर आसपास मौजूद लोग भी सिहर उठे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर आगे बैठे राजेश और उनकी मासूम बेटी रीति भी सड़क के दूसरी ओर जा गिरे। दोनों घायल हो गए। उन्हें तत्काल निजी चिकित्सक के यहां ले जाकर उपचार शुरू करवाया गया। सूचना पर जैदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। वर्षगांठ के दिन हुआ यह हादसा पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का विषय बना हुआ है।

### संदीप एजुकेशन हब के तीन छात्रों का अग्निवीर में चयन




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों मुख्यालय से मुसाफिरखाना रोड पर ग्राम पूरे सिंह मिश्र में स्थित संदीप एजुकेशन हब लगातार सफलता की ओर अग्रसर है। एक बार फिर कोचिंग के तीन छात्रों को सफलता मिलते हुए अग्निवीर में चयन हुआ है। उन चयनित छात्रों में विनीत मिश्रा पुत्र स्वामीनाथ मिश्रा, अक्षय यादव पुत्र राम लौटन यादव व आशीष प्रजापति पुत्र तिलक राम प्रजापति शामिल हैं। इन तीनों छात्रों के पिता गांव में रहते हैं और खेती करते हैं। संदीप एजुकेशन हब के संस्थापक संदीप मिश्रा द्वारा तीनों छात्रों का माला पहनकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर कोचिंग के सभी अध्यापक व सहपाठी छात्र मौजूद रहे। प्रबंधक ने बताया कि अभी तक छ- छात्रों का चयन अग्निवीर में हो चुका है। प्रबंधक ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए चयनित छात्रों को आशीर्वाद दिया।

### मातृ शोक पर सांत्वना देने मंडल अध्यक्ष के घर पहुंचे मंडल प्रभारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत भाजपा मंडल अध्यक्ष राम गोपाल कौशल की माताश्री प्रेमा देवी पूर्व प्रधानाध्यापिका बेसिक शिक्षा का आकस्मिक निधन 22 नवंबर को हो गया था। जिसकी सूचना मिलने पर वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी यशपाल सिंह मंडल प्रभारी पत्रकार प्रेस परिषद बुधवार को उनके घर पहुंचे और उनकी माताजी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ साथ मंडल प्रभारी ने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की कि मृतक को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करते हुए उनके परिवार को इस अपूर्णनीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें। इसके साथ उनके पुत्रगण हनुमान प्रसाद, तिलक राम ( पूर्व प्रधानाचार्य), राजेंद्र प्रसाद एवं डॉक्टर गिरिजेश कुमार कौशल से मिलकर सभी को ढांढस बंधाया।

### आबकारी पुलिस ने पकड़ी 76 ली. अवैध कच्ची शराब



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम-त्रिलोकपुर, फुरसतगंज, बनवारीपुर, पुरे नेवाजी, नजर अली का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र मुसाफ़िर खाना के थाना- बाजार शुकुल के ग्राम नजर अली का पुरवा से लगभग 76ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही मे 5अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। आबकारी दुकानों का सघन निरिक्षण किया गया। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा आबकारी निरीक्षक व समस्त स्टाफ तीरथनाथ, शमशेर कुमार, संजय कुमार, शर्वेश वर्मा व ब्रजेश पाण्डेय वाहन चालक शामिल रहे।

### जिलाधिकारी ने किया कम्पोजिट विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र हीरपुर का आकस्मिक निरीक्षण



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सिधौली विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय हीरपुर एवं आंगनबाड़ी केन्द्र हीरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका, निपुण तालिका रजिस्टर, यूनिट तालिका रजिस्टर, पी0टी0एम0 रजिस्टर, बच्चों की उपस्थिति पंजिका आदि की गहनतापूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता, मिड-डे-मील, छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति आदि को भी देखा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाये। निर्धारित रोस्टर के अनुसार मानकों के अनुरूप मिड-डे-मील बच्चों को उपलब्ध कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पेरेन्टस टीचर मीटिंग का व्यापक स्तर पर आयोजन कराया जाये। जिलाधिकारी ने कक्षा कक्ष में जाकर छात्रों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने छात्रों को प्रेरित किया कि पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी छात्र प्रतिदिन निर्धारित यूनीफार्म में समय से विद्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। साथ ही शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी पुष्पराज सिंह के कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही प्रधानाध्यापिका प्रा0वि0 अख्तर जहां एवं सहायक अध्यापक आदित्य मिश्र को कार्यों में लापरवाही पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश भी दिये। आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था बच्चों की उपस्थिति आदि को देखा तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से रोचक ढंग से बच्चों को सिखाये जाने पर जोर दिया।

# साहित्यकार के सुपुत्र ने एप बनाकर जिले का नाम किया रोशन

▸ घर बैठे रेलवे क्रासिंग गेट के खुलने बंद होने की ले सकते हैं जानकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





जिले की मेधा जनपद ही नही देश में अपना नाम रोशन कर रही है। झोपड़ी में रहने वाली पूजा पाल ने अभी धूल रहित थ्रेशर बनाकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुकी है, उसी कड़ी में जिले के एक और होनहार का नाम जुड़ गया है।

बंकी की सकरी गली के रहने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मूसा खान ÷अशांत÷ के सुपुत्र मो0 समीर खान ने एक ऐसा एप बनाया है जिसे अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर लेते हैं तो रेलवे क्रासिंग का गेट बंद है या खुला है? इसकी जानकारी अपने घर बैठे ले सकते हैं।

इस एप से बंकी निवासियों को जाम से जूझने की निजात मिल सकती है। वेल गेट लाइट नाम के इस एप को बनाने के बाद ट्रायल किया गया। रेलवे क्रासिंग गेट का गेटमैन वेल गेट लाइट एप को रियल टाइम अपडेट करेगा जिससे गेट बंद होने की सूचना 3 माईक्रोसेकेंड में अपडेट हो जाएगी। साहित्यकार अशांत जी के सुपुत्र कम्प्यूटर साइंस से बीटेक समीर खान की इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप ने मूसा खान अशांत और उनके इंजीनियर बेटे मो0 समीर खान को अपने आवास पर आमंत्रित करके सम्मानित किया है। श्री गोप ने रेलवे के अधिकारियों और जिलाधिकारी से वार्ता करके इस जनहित के एप की विधिक औपचारिकता पूरी कराने का अनुरोध किया है। मो समीर खान ने बताया है कि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं डीआरएम ने बेटे समीर खान को बुलाया है,एप किस तरह काम करेगा इसका प्रस्तुतिकरण के बाद विधिक औपचारिकताएं पूरी कराई जाएंगी और नागरिको के लिए सुलभ होगा। श्री खान ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आशीर्वाद मिला तो इस एप से देश के नागरिक लाभ ले सकेंगे।

### एक दिसम्बर से लागू होगी बिजली बिल राहत योजना

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विधुत विभाग द्वारा बिजली बिल राहत योजना 2025-26 को 1 दिसम्बर 2025 से लागू किया जायेगा।जिसको लेकर जैदपुर विधुत उप केंद्र के अवर अभियंता द्वारा तमाम उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु रैली निकाली गयी। जानकारी के अनुसार विधुत विभाग द्वारा विद्युत बिल के मूलधन में पहली बार 25 प्रतिशत तक की भारी छूट की जानकारी देने हेतु गुरूवार को ज़ैदपुर सब स्टेशन से एक उपभोक्ता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमे विद्युत उपभोक्ताओं को इस छूट के बारे में जानकारी दी गई और ज़्यादा से ज्यादा बिल में राहत के लिए उपभोक्ताओं को सूचित किया गया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी शिवेंद्र मोहन, अवर अभियंता मिर्जा परवेज़ हुसैन के साथ कर्मचारी सुरेन्द्र सिंह, फुरकान, जौहर अब्बास सहित अन्य समस्त लाइन मैन भी मौजूद रहे।

# 24 घंटे में हुआ हत्या का खुलासा



▸ कप्तान की दूरदर्शिता, जबरदस्त नेटवर्क से अपराधी गिरफ्त में

***रायबरेली, समृद्धि न्यूज।***

रायबरेली पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा किया है। पुलिस ने आज हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी फरार है।

मामला चंदापुर थाना क्षेत्र के ओया का है जहां पर कल ट्यूबवेल पर सो रहे युवक का खून से लथपथ शव मिला था। जिसके बाद पुलिस और फोरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंच कर सबूत जुटाए।

पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर नामजद आरोपियों की धरपकड़ शुरू की। जिसके बाद स्थानीय पुलिस और एसओजी पुलिस ने आरोपियों को थाना क्षेत्र से पकड़ा।

### परत दर परत खुली गुत्थी

एसपी रायबरेली ने बताया कि मृतक विनीत सिंह के यहां आरोपी प्रांजुल यादव गांजा पीने जाता था। बीती 22 नवंबर को आरोपी प्रांजुल को मृतक विनीत सिंह ने गालियां दी और धमकी दी कि यहां दिखाई मत देना नहीं तो जमीन में दफन कर दूंगा। मृतक की गाली से आहत होकर आरोपी प्रांजुल ने अपने दोस्त कुणाल, सूरज, शुभ और जितेंद्र को शराब पीने के लिए बुलाया। नशे में होने के बाद सब लोग ओया गांव पहुंचे। गांव में ट्यूबवेल पर विनीत सिंह गांजा पी रहा था, विनीत ने जब प्रांजुल को देखा तो उसे गांजा पीने के लिए दिया। जिसके बाद सभी लोग विनीत के सामने आए और कुणाल ने विनीत के सिर पर लकड़ी की फंटी से वार कर दिया। मृतक विनीत सिंह को छोड़कर सब वहां से भागने लगे तो सूरज को याद आया कि मोबाइल घटना स्थल पर छूट गया। फोन लेने के लिए प्रांजुल और कुणाल दुबारा मौके पर गए तो देखा कि विनीत तड़प रहा है तो दोनों ने मिलकर विनीत को खींच कर ट्यूबवेल की कोठरी में डाल कर फरार हो गए।

# सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठित होने का दिया संदेश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




सवर्ण समाज को संगठित करने के लिए सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायबरेली पहुंचे।जहां कार्यकर्ताओं व सवर्ण समाज के लोगों ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रायबरेली स्थित दुर्गा उत्सव लॉन निकट अभय दाता मंदिर में सवर्ण समाज की एक जन सभा आयोजित की गई।जिसमें सवर्ण आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश पांडेय और राष्ट्रीय महासचिव शिवम सिंह ने सवर्ण समाज को संगठित एवं संगठन का विस्तार करने के लिए पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने फूलमाला अंग वस्त्र पहनाकर उनका जमकर स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने सवर्णो को एकजुट करने आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग जैसे मुद्दों पर जोर दिया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा सवर्ण समाज को संगठित करने का संदेश देने के लिए आये है।सवर्ण समाज के लोग जो आवाज उठाकर बोल रहे हैं उसकी शुरुआत सवर्ण आर्मी ने शुरू की थी।यह बड़ी गर्व की बात है कि आज समस्त प्रदेश में मान सम्मान के लिए बोलने के लिए तैयार है।जो हमने बीज बोया था वह वट वृक्ष का रूप ले रहा है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह फौजी, अखंड प्रताप सिंह, कल्पना शुक्ला, अजय दीक्षित, अरविंद सिंह,कुल प्रकाश पांडेय, अजय सिंह,धर्मेंद्र त्रिवेदी, रुद्र प्रताप सिंह, हिमांशु धर पांडेय, सीपी श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता सहित सवर्ण समाज के लोग मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने दानेश्वर धाम को दिए एक करोड़ 90 लाख

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



चेयरमैन सरला साहू व प्रतिनिधि प्रभात साहू के अथक प्रयासों से नगर में स्थित सुप्रसिद्ध दानेश्वर धाम पर योगी सरकार के द्वारा एक करोड़ 90 लख रुपए दिए गए हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया कि दानेश्वर धाम को सौंदरीकरण के रूप में योगी सरकार व नगर विकास मंत्रालय द्वारा एक करोड़ 90 लख रुपए जारी किए गए हैं जिसके लिए समस्त नगर वासी और मैं योगी सरकार और नगर विकास का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

उन्होंने बताया कि यह पैसा मंदिर को सजाने संवारने में खर्च किया जाएगा साथ ही घाट भी बनेगा और नालियां सड़के सहित मंदिर को ढंग से सजाया जाएगा जो की देखने योग्य होगा उन्होंने मंदिर पर पहुंच कर दानेश्वर बाबा का आशीर्वाद लिया और लोगों का मुंह मीठा भी कराया।

### दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के मुरैनी ग्राम पंचायत के डेपारमऊ के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक की पहचान मुरैनी गांव निवासी 20 वर्षीय वैभव पुत्र वीरेंद्र सिंह उर्फ मटरू के रूप में हुई है। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार 20 वर्षीय मोहम्मद मोईद, जो कोटवा मदनिया का निवासी है, घायल हो गया।घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। वैभव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज (सीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वैभव की मृत्यु की सूचना मिलने पर उसके परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विद्यालय में बाल मेले का हुआ भव्य आयोजन

**बिसवां, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विद्यालय अध्यक्षा और वरिष्ठ समाजसेविका रेनू मेहरोत्रा तथा विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य विवेक कुमार गुप्ता, गीता गुप्ता, गुरुमीत कौर, उत्साह राजवंशी, तुलसी राजवंशी, एकता गुप्ता, अंजली राजवंशी, उमंग राजवंशी, प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा बाल मेले में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा लगाए गए खाद्य-पदार्थ, दक्षिण भारतीय व्यंजन, चाट-पकौड़ी, मिठाइयाँ, आइसक्रीम, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, सजावटी सामान, ग्रीटिंग कार्ड, मिट्टी के मॉडल और रंगोली डिज़ाइन जैसे विविध आकर्षक स्टॉल सभी के आकर्षण का केंद्र बने।

खेलों के लिए लगाए गए 'रिंग गेम', 'बलून शूट', 'डाइस गेम' और 'लकी ड्रॉ' जैसे मनोरंजक स्टॉल पर बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर स्टॉल पर बच्चों ने ग्राहकों का स्वागत आत्मविश्वास और विनम्रता के साथ किया, जिससे उनके संचार कौशल, प्रबंधन क्षमता और उद्यमिता के गुणों का विकास स्पष्ट दिखाई दिया। मेले में विज्ञान प्रदर्शनी और चित्रकला प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण रहीं। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न नवाचारों को मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया, वहीं चित्रकला प्रदर्शनी में बच्चों की कल्पनाशक्ति और कला कौशल देखते ही बनता था। विद्यालय के मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य, समूहगीत, नाटक और कविता पाठ की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने अपने संबोधन में बच्चों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ स्टॉल, श्रेष्ठ प्रस्तुति और श्रेष्ठ नवाचार के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# प्रतीकात्मक यमराज ने यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ

***अमेठी समृद्धि न्यूज़।***



यातायात माह नवम्बर के 27वें दिन बृहस्पतिवार को यातायात पुलिस द्वारा गौरीगंज कस्बे में आमजनमानस को जागरूक करते हुये यातायात जागरूकता के संबन्ध में पम्पलेट वितरित करते हुए प्रतीकात्मक यमराज के माध्यम से नुक्कड़ नाटक कर आम जनता को जागरूक किया गया। प्रतीकात्मक यमराज द्वारा हेलमेट व सीटबेल्ट न पहनने वाले चालकों से हेलमेट व सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने व यातायात नियमों का पालन करने हेतु चेतावनी दी गयी, साथ ही यातायात नियमों का पालन करने वाले चालकों को फूल देकर दीर्घायु होने का वरदान भी दिया गया तथा वाहन चालकों को बताया गया कि जीवन अनमोल है, इसलिए वाहन चलाते समय नियमों का पालन जरूरी है। साथ ही जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित वैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आमजनमानस को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रह व डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने पर डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया है। जिसमें विधानसभा तिलोई के बूथ संख्या 387 की बीएलओ रोशनी देवी आंगनवाड़ी 88.34%, अमेठी बूथ संख्या 100 से बीएलओ लाल साहब सिंह शिक्षा मित्र 86%, गौरीगंज बूथ संख्या 313 से मो वसीम रोजगार सेवक 80.55% तथा विधान सभा जगदीशपुर बूथ संख्या 101 से बीएलओ बृजेश कुमार तिवारी रोज़गार सेवक 83.85% कार्य के साथ शामिल हैं। इन लोगों के गणना प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन पूर्ण करने पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में अंगवस्त्र व रुपए 1100 की नकद धनराशि देकर सम्मानित किया है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह तथा निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साल भर में सीतापुर को बाल विवाह से करना है मुक्त : पेस

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन्स अलायंस के तहत पेस संस्था द्वारा विपिन शिक्षण संस्थान बृहस्पतिवार को ब्लाक ऐलिया मे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन पेस ने कहा कि वह सीतापुर को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसिय इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का सहयोगी संगठन है। पेस संस्था के सचिव राजविंदर कौर ने कहा कि इसके 250 से भी अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में बाल विवाह के खात्मे के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर पेस ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए।

संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक कर के सौ दिन के इस गहन जागरूकता अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समाप्त होगा। इसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें स्कूलों, कालेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, बैंक्वेट हाल, और बैंड वालों जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरा और आखिरी चरण 8 मार्च तक चलेगा। इसमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम मे पेस जिला कोर्डिनेटर सर्वेश शुक्ला, देवव्रत जी लखनऊ, कॉलेज प्रबंधक श्री विपिन चंद्र, प्रधानाचार्य अमित मिश्रा, सी डब्लू सदस्य श्री संजय शुक्ला, प्रभारी थाना ए एच टी यू दया शंकर, प्रभारी चौकी तेज बहादुर, एक्सेस टू जस्टिस से रहमत अंसारी, उर्मिला, आराधना, सुधा, संगीता, कॉलेज समस्त टीचर स्टॉफ सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगो की सक्रिय उपस्थित रही।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम NIHARIKA RANI AGRAWAL W/O AKASH MITTAL था जो कि आज दिनांक 20/10/2025 को मैंने अपना नाम बदलकर NIHARIKA MITTAL W/O AKASH MITTAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**निवासी मोहल्ला वजीरबाग थाना कोतवाली नगर बहराइच। यूपी**

# मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लाएं तेजीः डीएम

**गुरसहायगंज में दो बूथों का निरीक्षण कर एसआईआर कार्य की समीक्षा की**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर पालिका परिषद् गुरसहायगंज के बूथ संख्या 507 व 508 का निरीक्षण कर मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन व त्रुटिरहित हर हाल में बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बूथ संख्या 507 पर 946 मतदाता पंजीकृत हैं, जबकि बूथ संख्या 508 में 1064 मतदाता दर्ज हैं। बूथ 507 की बीएलओ शीला सिंह तथा बूथ 508 के लिए बीएलओ आदेश सिंह तैनात हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों का निधन हो चुका है, जो स्थानांतरित हो चुके हैं, किरायेदार हैं या विवाहोपरांत अन्यत्र निवास कर रहे हैं, ऐसे नाम मतदाता सूची में नहीं रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर- घर सत्यापन कर वास्तविक स्थिति के अनुरूप मतदाता सूची तैयार करें, ताकि कोई भी त्रुटि न रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि जहां पुनरीक्षण कार्य की गति धीमी है, वहां अतिरिक्त वॉलंटियर व अन्य कर्मचारी लगाकर काम में तेजी लायी जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा हो सके। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वे समयबद्ध, निष्ठापूर्वक और पारदर्शी ढंग से अपना दायित्व निभाएँ। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो बीएलओ 31 नवम्बर 2025 तक स्ध्कृत कार्य पूर्ण कर देंगे, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नायब तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारी रहे।


नगर पालिका गुरसहायगंज में कार्य की समीक्षा करते जिलाधिकारी

### अस्थायी गोशाला व रेन बसेरे में डीएम ने देखी हकीकत

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के अस्थायी निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल एवं रैन बसेरा का निरीक्षण कर गौशाला में उपलब्ध चारा, पानी, शेड व साफ–सफाई की स्थिति की जानकारी ली। यहां 29 गौवंश संरक्षित हैं और उनकी देखरेख के लिए दो केयरटेकर व एक चौकीदार नियुक्त है। डीएम ने बढ़ती ठंड को देखते हुए गौवंशों के संरक्षण के पुख्ता इंतजाम करने, बीमार पशुओं को अलग शेड में रखकर समय से उपचार देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में शौचालय, पेयजल, बेड, कंबल सहित अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि रैन बसेरा में किसी भी सुविधा की कमी न रहे और ज़रूरतमंदों को ठंड से राहत मिल सके।

## 100 अधिकारी 72 घंटे में संतृप्त करेंगे 100 बूथ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बड़ा कदम उठाया है। अभियान के तहत जिले के 100 चिन्हित अपेक्षाकृत कमजोर बूथों के संतृप्तिकरण के लिए 100 जिलास्तरीय अधिकारियों को तैनात किया गया है। ये अधिकारी आगामी 72 घंटे तक प्रतिदिन बूथों पर पहुंचकर लंबित कार्यों का शत- प्रतिशत पूर्ण कराएंगे। विधानसभा छिबरामऊ में 30, विधानसभा कन्नौज में 30 तथा तिर्वा क्षेत्र में 40 बूथों पर अधिकारियों की तैनाती की गई है। अभियान की निगरानी के लिए सीडीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक दिवस सायं समीक्षा की जाएगी तथा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अधिकतम संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में सम्मिलित होने से वंचित न रहे। इसके साथ ही सभी आवश्यक सुधार समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी की यह पहल मतदान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, संपूर्ण एवं मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशासन को उम्मीद है कि 72 घंटे के विशेष अभियान से बूथों पर लंबित सभी कार्यों का पूर्ण समाधान हो जाएगा।

### लाला मोटर्स का भव्य शुभारंभ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास हाइवे पर टीवीएस शोरूम के पास महिंद्रा की अधिकृत एजेंसी लाला मोटर्स का भव्य उद्घाटन आज 28 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे होगा। कार्यक्रम से पूर्व गुरुवार को आचार्य देवेंद्र



दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि–विधान से हवन–पूजन संपन्न कराया, जिसमें संरक्षक अखिलेश कुमार गुप्ता, रिंकी गुप्ता, बृजेश गुप्ता, बबलेश गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, सक्षम गुप्ता एवं स्नेहा गुप्ता ने भाग लिया। शोरूम संचालक पुष्कर गुप्ता ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय तथा विशेष अतिथि महिंद्रा टेरिटरी मैनेजर हर्षप्रीत भाटिया व बीके ग्रुप के सुमित सिंह रहेंगे। लाला मोटर्स में महिंद्रा की सभी गाड़ियों के ओरिजिनल पार्ट्स व सर्विस की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## संविधान हमारा स्वाभिमान पर विशाल कवि सम्मेलन आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**

संविधान अंगीकृत होने की हीरक जयंती के उपलक्ष में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर स्वामी ब्रह्मानंद लोधी सभागार लोक भारती इंटर कॉलेज में विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ नरेंद्र संगम की ब्रह्म वंदना से हुई। उनके द्वारा पढ़े गीत ने एक प्रश्न किया हिंदू राष्ट्र बनाने वाले बहुत बुरा पछताओगे, बिस्मिल के अशफाक मित्र को आप कहां पर पाओगे। संचालन कर रहे विख्यात कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने संविधान में आस्था व्यक्त करते हुए अपनी प्रस्तुति जोरदार ढंग से दर्ज कराई संविधान पर बंद हों भाषण लच्छेदार, संवैधानिक कार्य हों संविधान से प्यार। कवियत्री दीपमाला शाक्य दीप ने अपने भाव कुछ इस कदर व्यक्त किए बाबा ने हमको दिया संविधान यह प्यारा सा, अधिकार दिया हमको जीने का सहारा सा। देवेंद्र यादव देव ने कहा संविधान के मूल में छिपे मूल अधिकार, इन अधिकारों से मिला जीवन का आधार। शीलू यादव ने विधि में लिख दिए है जो नियम अंबेडकर जी ने, उन्हें अक्सर सलीके से निभाया क्यों नहीं जाता। साधना यादव ने ने कहा अबकी कलम कुछ ऐसा लिखना, न नेता न अभिनेता आमजन की बात लिखना। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ योगाचार्य सत्यराम यादव ने सभी को योग करने की सलाह दी। कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व सांसद रामबक्श सिंह वर्मा ने सभी कवियों साहित्यकारों को माल्यार्पण, शाल ओढ़ाकर एवं बाबा साहब का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राजेश शाक्य एडवोकेट, सुधा शाक्य, शिव प्रताप शाक्य एडवोकेट, रमेश बाबू बौद्ध, हुकुम सिंह प्रधान, पिंकू, विजय, दीपू, नेत्रपाल, रामविलास शाक्य, पन्नालाल शाक्य, स्वदेश कुमार, अनुज शाक्य, पूर्व विधायक श्रीमती रामनंदिनी वर्मा, रणधीर यादव, संत तुलाराम आर्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## पूर्वी बाईपास पर एक माह से जलभराव राहगीर व वाहन चालक परेशान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रस्तावित मेजर जंक्शन के पास पूर्वी बाइपास पर पिछले एक महीने से भारी जलभराव हो रहा है, जिससे रोजाना हजारों राहगीर और वाहन चालक परेशान हैं। लीकेज पाइपलाइन से लगातार पानी जमा होने के कारण सड़क पर कीचड़ और गड्ढे बन गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि शिकायत मिलते ही जलकल विभाग की टीम ने मौके पर गड्ढा खोदकर लीक पाइपलाइन बंद करा दी है। अब जो पानी भरा है, वह पुराना है और धीरे–धीरे सूख जाएगा। उधर, इस स्थान पर पूरे दिन रोडवेज व निजी बसों का जमावड़ा रहता है, साथ ही चाट–पकौड़ी की ठेलियां भी स्थायी रूप से लगने लगी हैं, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई है।

## जेई की कार्यशैली को लेकर नाराज लाइनमैनों ने बिजली उपकेन्द्र पर काटा हंगामा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

अवर अभियंता की कार्यशैली से नाराज विद्युत लाइनमैनो ने जमकर हंगामा किया गया मौके पर पहुंची पुलिस के समझाने पर मामला शांत हो सका क्षेत्र के रामाश्रम स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर गुरुवार को अवर अभियंता अनिल राम की ओर से एक लाइनमैन को बिना कारण बताए गैर विद्युत उपकेन्द्र के लिये तबादला करने से नाराज़ हुए लाइनमैनों ने सुबह करीब 11 बजे एकत्रित होकर अवर अभियंता के खिलाफ हंगामा करना शुरू कर दिया गया रामाश्रम चौकी पुलिस को जानकारी मिलो तो मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लाइनमैनो को समझा बुझाकर मामले को शान्त किया गया नाराज लाइनमैन शीश कुमार, लक्ष्मण वर्मा, रामशंकर वर्मा, अर्जुन कुमार, ओमनरायन, उमेश कुमार, कन्हैया यादव, एसएसओ, हरिनारायण सिंह आदि ने बताया कि जब से अवर अभियंता ने उपकेन्द्र का कार्यभार ग्रहण किया तब से आय दिन हम लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है इसी कार्यशैली के चलते लाइनमैन शीश कुमार का तबादला गैर उपकेन्द्र पर किया गया सभी लाइनमैनो ने चेतावनी देते हुऐ कहा कि अगर जेई ने अपना रवैया न बदला और तबादला को रद्द न किया तो हम लोग इस शिकायत को उच्च अफसरों से की जायेगी।


रामाश्रम विद्युत उपकेन्द्र पर जेई के खिलाफ हंगामा करते लाइनमैन

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में पांच लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निगोह खास के पास दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसा तब हुआ जब शाहजहांपुर जिले के ग्राम ननौरा निवासी प्रदीप (30) पुत्र गेंदन सिंह और लज्जाराम (30) पुत्र रामेश्वर मिघौली स्थित आर्यन भट्टा से काम निपटाकर छिबरामऊ वापस लौट रहे थे। उनकी बाइक का सामने से आ रही निगोह खास निवासी गुड्डू (35) पुत्र हृदय राम की बाइक से आमने–सामने टक्कर हो गई। गुड्डू अपनी बाइक पर बेटी अनामिका (15) और बेटे निखिल (6) को बैठाकर कहीं जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी पांचों सवार सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद कर सभी को अस्पताल भिजवाया।

### टेम्पो में मारी टक्कर, जान से मारने की दी धमकी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के डालूपुर निवासी आकाश पुत्र मुन्ना ने पुलिस को तहरीर दी कि गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने टेम्पो से रोड पर जा रहा था। तभी प्रेमपुर निवासी कुछ व्यक्तियों ने जानबूझ कर उसके टेम्पो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद आरोपियों ने टेम्पो रोककर उसे घेर लिया, गाली गलौज व मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जब पीड़ित थाना छिबरामऊ तहरीर देने पहुंचा तो आरोपी फिर वहां पहुंच गए और प्रार्थना पत्र वापस लेने की धमकी देते हुए बोले वापस नहीं लिया तो जीवित नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित आकाश काफी दहशत में है और अपनी जान को खतरा बता रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवा साथी पोर्टल पर आवेदन कर प्रतियोगिता में लें हिस्सा

**माधौगढ़ (जालौन)।** युवा कल्याण एवं प्रा वि दल विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश विधानसभा खेल प्रतियोगिता खंड विकास नदीगांव कोच रामपुरा माधौगढ 3 दिसंबर को बगरा जीआईसी इंटर कॉलेज मैं प्रतिभागी खेल सकते हैं अपना आवेदन करें खेल जैसे कबड्डी एथलेटिक्स वॉलीबॉल विधाये में सभी जूनियर एवं सीनियर बालक बालिकाये वर्ग में होगी प्रतिभा में भाग लेने हेतु युवा साथी पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा आधार कार्ड छाया प्रति के साथ प्रतिभाग किया जाना अनिवार्य है खेल स्पर्धा से पंकज शिवहरे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी से संपर्क करें मोबाइल न संपर्क कर जानकारी ले सकते।

### एसआईआर का 100 प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले हुए सम्मानित



**माधौगढ़ ,जालौन।** विधानसभा 219 माधौगढ़ के विभिन्न बूथों पर नियुक्त बीएलओ ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को शत–प्रतिशत पूरा कर एक मिसाल पेश की है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उप जिलाधिकारी राकेश सोनी ने सभी बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित बीएलओ अरविंद (बूथ 162), सविता कुशवाहा (180), रेखा देवी (217), भगवानदास पाल (325), चंद्रपाल सिंह (117), नागेंद्र विक्रम सिंह (44) और अतुल कुमार शर्मा (38) को एसआईआर के साथ–साथ जनगणना का दायित्व भी सौंपा गया था। सभी ने दोनों कार्य समय पर और अत्यंत कुशलता से पूर्ण किए। एसडीएम राकेश सोनी ने उनकी सराहना करते हुए कहा कि मतदाता प्रपत्रों के डिजिटलीकरण में बीएलओ का तेज और सटीक काम अनुकरणीय है। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही इन कर्मियों को जनगणना कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए भी सम्मानित किया जाएगा।

## राजनीतिक दलों के साथ बैठक, एसआईआर कार्य में लाएं तेजी

**डीएम ने कहा समय से फार्म न जमा करने पर नाम ड्राफ्ट सूची में शामिल नहीं होगा, मतदाता स्वयं होंगे जिम्मेदार**



राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ एसआईआर को लेकर चर्चा करते डीएम।

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर वितरित किए गए फार्म यदि मतदाताओं द्वारा समय से जमा नहीं किए जाते, तो उनका नाम ड्राफ्ट सूची में सम्मिलित नहीं होगा, जिसके लिए मतदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे अपने अपने बूथ लेवल एजेंट को सक्रिय करें और उन्हें बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शत प्रतिशत पात्र मतदाताओं से फर्म भरवाकर 4 दिसंबर तक पूर्ण रूप से जमा कराए जाएँ। जिलाधिकारी ने कहा कि राजनीतिक दल निर्वाचन प्रक्रिया के प्रमुख भागीदार हैं और उनके सहयोग से ही मतदाता सूची का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण संभव है। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी दल लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शान्ति स्वरूप महेश्वरी (भाजपा.), राजीव शर्मा (सपा), भगवती शरण पांचाल (बसपा), विनोद कुमार नगरिया (भाकपा), कमल दोहरे (कांग्रेस), विजय चौधरी (आप), महेंद्र (अपना दल एस), विनोद कुमार (भाकपा) आदि उपस्थित रहे।

### मदरसा दारूल उलूम गौसिया का सालाना जलसा-ए-रसूले आज़म आज



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मदरसा दारूल उलूम गौसिया में 28 नवम्बर (शुक्रवार) को 26वाँ सालाना जलसा–ए–रसूले आज़म परम्परागत शानो–शौकत के साथ मनाया जाएगा। जलसा आवास विकास कालोनी के मैदान में होगा। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मोहम्मद जैनुल ने बताया कि सुबह 11 बजे से अस्र की नमाज़ तक खवातीन–ए–इस्लाम का ख़ास इस्लाही प्रोग्राम आयोजित होगा। नमाज़–ए–इशा (रात 8:30 बजे) के बाद मुख्य कान्फ्रेन्स शुरू होगी। जलसे की सदारत पीरे तरीकत हजरत सैय्यद उवैस मुस्तफा वास्ती बिलग्रामी (आले नबी, औलाद–ए–इमाम अहमद रज़ा ख़ान) करेंगे। मुख्य मेहमान बाँदा शरीफ के मशहूर आलिम–ए–दीन हजरत मौलाना सैयद आमिर मिया मसूदी होंगे। राजस्थान से मुफ़्ती समीउल्लाह साहब भी तकरीर फरमाएंगे। शायरे इस्लाम जनाब असद इकबाल कलकत्तवी (प. बंगाल) और मुईन रज़ा कादरी (बंगलौर) नात–ओ–मनकबत पेश करेंगे। इस बार 10 तलबा–ए–तालिबात (छात्र छात्राओं) की दस्तारबंदी भी होगी। पीरे तरीकत हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी, प्रधानाचार्य कारी शमसुल कमर और जलसा प्रभारी मौलाना अजमल ने तमाम अहले इस्लाम से जलसे में शिरकत की अपील की है।

## दहशत के साये में कांशीराम कालोनी के वाशिंदे

**डेढ़ दशक बाद भी बाउण्ड्री बाल व गेट का नहीं हुआ निर्माण**

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

15 वर्ष पूर्व निर्मित मान्यवर कांशीराम कालोनी आलमपुर कालपी में संचालित मल्टीस्टोरी बिल्डिंग निवास करने वाले वृद्ध, महिलाओं तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों के जीवन को खतरनाक जंगली जानवरों के खतरे से बचाने के लिए बाउण्ड्री बाल, गेट निर्माण तथा स्वीकृत पुलिस चौकी, राशन दुकान की स्थापना करने की मांग नागरिकों ने उठाई है।

कालोनी के वाशिंदों ने बताया कि काशीराम कॉलोनी के समीप हजारों एकड़ में फैले कालपी के भयानक जंगलों में हिंसक जंगली जानवर सूंअर, सियार लकड़बग्घा, वनरोज के अलावा बदमाशों का विचरण होता था।

करीब 15 वर्षों पूर्व कालपी के आलमपुर क्षेत्र में लगभग 744 आवासों की मान्यवर कांशीराम कालोनियों के अलावा मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में विद्यालय जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं। कालोनी का निर्माण गरीबों के लिए कराया गया। कालोनी में सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी तथा राशन दुकान की स्थापना की व्यवस्था स्वीकृत की गई थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में राजनरायण शुक्ला आदि नागरिकों ने काशीराम कॉलोनी में नगर पालिका परिषद द्वारा बाउण्ड्री बाल तथा लोहे के गेटों का निर्माण तथा कानून व्यवस्था की दृष्टि से प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत की गई, पुलिस चौकी, राशन की दुकान की अविलम्ब व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।**

यातायात माह के दौरान सड़क दुर्घटना में कमी नहीं हो पा रही है। बीती रात को स्थानीय नगर के हाईवे रोड में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 30 वर्षीय मोटर साइकिल युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब 10 वजे कालपी नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी प्रकाश बिश्नोई उर्फ ललुआ बाइक से घर से खाना लेने जा रहे थे। इसी दौरान नगर के बुंदेलखंड पार्क के सामने नेशनल हाईवे रोड में अज्ञात वाहन ने ललुआ को जोरदार टक्कर दी। आसपास के लोगों ने गंभीर अवस्था में ललुआ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी लेकर के आये। आपातकालीन ड्यूटी में मौजूद सीएचसी कालपी के डॉक्टर शेख शहरयार ने चिकित्सकीय परीक्षण करके प्रकाश विश्नोई उर्फ ललुआ को को मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक स्थानीय समाज में थे। जाना-पहचाना नाम था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्यवाही की।शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।बाइक सवार की मौत ने इलाके में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। नगरवासियों ने सड़क पर उचित सुरक्षा उपाय और चेतावनी संकेत लगाने की मांग उठाई।

### संविधान दिवस पर भड़काऊ भाषण देना पड़ा महंगा

**कालपी,जालौन।** संविधान दिवस पर भड़काऊ भाषण देना 7 लोगों को महंगा पड़ गया। चौकी इंचार्ज की तहरीर पर 7 नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण को लेकर इलाकाई पुलिस विवेचना करने में जुट गई है। उक्त मामले को लेकर वादी उप निरीक्षक चौकी इंचार्ज टरननगंज सुरेश चंद्र ने कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए कहा कि काशीराम आवासीय कॉलोनी कालपी के परिसर में संविधान दिवस के अवसर पर आरोपियों मोनी शाक्य, अखंड प्रताप सिंह, कुलदीप कुमार, आनंद कुमार, संजीव कुमार, किरण ने दो धर्म एवं दो जातियों के बीच द्वेष की भावना से भड़काऊ भाषण दिए हैं थाना पुलिस ने जुर्म धारा 299, 353 (2), 502 बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस प्रकरण की विवेचना सब इंस्पेक्टर विशाल भड़ाना को सौंपी गई है।

## खेलकूद शरीर और मन को मजबूत बनाने का माध्यमः सीडीओ

**40वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्यता से हुआ शुभारंभ**

**कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज़।**



कुठौंद विकासखंड क्षेत्र के हदरुख स्थित शहीद स्मारक में गुरुवार को 40वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ हुआ। एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेंद्र कलाकार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर एसडीएम जालौन हेमंत पटेल, वित्त एवं लेखा अधिकारी अजीत कुमार द्विवेदी, डीआईओएस राजकुमार पंडित तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश भी उपस्थित रहे।

इस वर्ष प्रतियोगिता की मेजबानी कुठौंद विकासखंड द्वारा की जा रही है। जिले के नौ विकासखंड डकोर, महेवा, कदौरा, कुठौंद, रामपुरा, माधौगढ़, नदीगांव, कोंच और जालौन के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैदान में बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड और मार्चपास्ट ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य विकास अधिकारी कुमुदेंद्र कलाकार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर और मन को मजबूत बनाने का माध्यम है। खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलकर बच्चे अपनी प्रतिभा को निखारते हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल ने कहा कि खेलों से बच्चों में टीमवर्क, सकारात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने ऐसी प्रतियोगिताओं को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों' का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह, मुकेश कुमार गुप्ता, ज्ञानप्रकाश अवस्थी, प्रीति राजपूत, रंगनाथ चौधरी, शैलेंद्र उत्तम, सुनील राजपूत, तथा मुख्यालय से खंड शिक्षा अधिकारी बिरजू भारती सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

मंच का संचालन गौतम त्रिपाठी ने किया। इस दौरान शिक्षक अभिनव दीक्षित, अजय पांडे, तेज बहादुर, कौशलेंद्र प्रताप, दीपक वर्मा, रवि श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, ज्ञानेंद्र राठौर, यशोवर्धन त्रिपाठी, अक्षय कुमार, उमाकांत ओझा, कपिल सोनी, अश्विनी यादव आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे आगामी दिसंबर माह में उरई में आयोजित होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग का प्रदर्शन करेंगे।

### कालपी विधानसभा में एसआईआर का 42 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण

**कालपी (जालौन)।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाये जा रहे विशेष प्रगाण पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम कालपी 220 विधानसभा क्षेत्र में 42 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है। उन्होंने निर्धारित तिथि तक सुपर बाइजरों तथा बीएलओ को जरुरी निर्देश दिए। गुरुवार को तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण के कार्यक्रम को निर्धारित समय पर पूरा किया जाना है। एसडीएम, तहसीलदार नायब तहसीलदार मुकेश कुमार ने एस आई आर की सुपरवाइजरों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी वीएलओएसआई आर प्रपत्र वितरण एवं संग्रह का कार्य सक्रियता से करके अपलोड करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बलीपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ 2025-26 दिनांक 27/11/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलीपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 28/11/2025 से 04/12/2025 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/12/2025 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28/11/2025 से 04/12/2025 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामरतन के घर से सवरन के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 1.64 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नेकराम के घर से अमित के खेत तक इंटरलाकिंग व सर्पोटिंग वाल कार्य | राज्य वित्त/ 15वां वित्त | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 4,98,500 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

**प्रधान-ऋषि कुमार** **ग्राम पंचायत बलीपुर वि0ख0 कमालगंज** **सचिव- बरखा राजपूत**

**कार्यालय ग्रा0पं0 बेग विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 27/11/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 28/11/2025 से 04/12/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04/12/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामनिवास के घर से पीर खद्दान तक नाली निर्माण कार्य | 1.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 2 माह |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान ( रमेश सिंह)** **ग्रा0पं0 बेग, वि0ख0 नवाबगंज** **सचिव (आकांक्षा सक्सेना )**





# हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में दंपति सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास

- एक लाख अस्सी हजार का लगाया गया अर्थदंड
- 50 प्रतिशत मृतक की पत्नी व 50 प्रतिशत वादी को दिया जाएगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रेम विवाह को लेकर धर्मेंद्र चौहान ने अपनी पुत्री के पति अंकित अवस्थी की हत्या करके शव को दफना दिया था। हत्या व साक्ष्य मिटाने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने धर्मेंद्र चौहान पुत्र झब्बू, उमा पत्नी धर्मेंद्र चौहान निवासीगण भगुआनगला, सच्चिदानंद उर्फ मनोज निवासी नौगाई छिबरामऊ कन्नौज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

बीते चार वर्षों पूर्व कोतवाली पुलिस को कन्हैयालाल अवस्थी पुत्र श्रीराम अवस्थी निवासी ग्राम सरह फतेहगढ़ ने दी गई तहरीर में बताया कि मेरा मझोला पुत्र अंकित अवस्थी नोएडा में काम करता था। भाईदूज के दिन दिनांक 6 नवंबर 2021 को घर आया था। दूसरे दिन घर से गांव के अन्य लड़कों के साथ नोएडा जाने के लिए निकला था। पांचाल घाट चौराहे पर टेंपो से उतारकर अपने परिचित धर्मेन्द्र चौहान के घर श्रीराम कोल्ड स्टोरेज के पीछे भागुआ नगला गांव गया था, जबकि गांव के अन्य लड़के टेंपो से फर्रुखाबाद की तरफ चले गए। शाम को मेरे लड़के से बात हुई, तो बताया कि धर्मेंद्र चौहान के मकान पर हूँ। उसके बाद मेरे पुत्र का फोन स्वीच ऑफ हो गया। सुबह गांव के लड़के से पता किया, तो उन्होंने बताया कि अंकित नहीं आया है। जब हम लोगों ने धर्मेंद्र चौहान को फोन किया, उनकी पत्नी उमा चौहान ने फोन उठाया। कोई संतोषजनक जवाब न देने पर मैं धर्मेंद्र चौहान के घर पहुंचा, तो देखा कि उनके मकान पर ताला लगा था और उनके मकान के बगल में ताज़ी मिट्टी खुदी पड़ी थी। बाद में पता चला कि धर्मेंद्र चौहान व उमा चौहान, प्रशांत ने मेरे बेटे की हत्या कर दी है, क्योंकि धर्मेंद्र चौहान की पुत्री से अंकित का प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर विवेचना में प्रशांत का नाम पृथक कर दिया था। जो किशोर न्यायालय में विचाराधीन है। साक्ष्य के आधार पर सच्चिदानंद का नाम प्रकाश में आया। विवेचक ने धर्मेंद्र चौहान, उमा चौहान, सच्चिदानंद उर्फ मनोज के विरुद्ध न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार, अनुज प्रताप सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने धर्मेंद्र चौहान, उमा चौहान , सच्चिदानंद उर्फ मनोज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व 60-60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। कुल अर्थदंड के एक लाख अस्सी हजार रुपए की धनराशि में से 90 हजार रुपए मृतक की पत्नी नेहा चौहान व 90 हजार रुपए मुकदमा वादी को दिया जायेगा।



सजा के बाद अभियुक्त को ले जाती पुलिस

# गैंगेस्टर के मामले में दो आरोपियों को छह-छह वर्ष का कारावास

- दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रदीप पुत्र रामऔतार, राजपाल उर्फ राजू पुत्र डम्बर निवासीगण रमापुर जसू शमशाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

बीते 23 वर्षों पूर्व थाना शमशाबाद के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रवेश चन्द्र ने समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत प्रदीप, दामोदर, राजपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त आरोपी समाज में भय व्याप्त कर अवैध धन अर्जित कर भौतिक लाभ लेते थे। क्षेत्राधिकारी कायमगंज के आदेशानुसार जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने विवेचना कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार, राजीव सिंह की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रदीप, राजपाल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# भांजी की शादी में शामिल होने आया युवक ट्रेन की चपेट में आने से हुआ घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महरुपुर सहजू रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार को एक युवक ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल युवक को डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

घायल की पहचान जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज स्थित साहबगंज निवासी 40 वर्षीय मनोज पुत्र नन्हेंलाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मनोज अपने भांजे राहुल के साथ फर्रुखाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। राहुल ने बताया कि शादी समारोह से घर लौटते समय महरुपुर सहजू रेलवे क्रॉसिंग के पास मनोज ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही भांजा राहुल मौके पर पहुंचा। आरपीएफ के जवानों ने एक टेंपो की सहायता से घायल मनोज को तत्काल डॉ.राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि घायल मनोज को भर्ती कर लिया गया है और उनका इलाज शुरू कर दिया गया है।



ट्रेन की चपेट में आने से घायल युवक राहुल

## एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराध के बढ़ते खतरों से किया गया जागरुक



एनसीसी कैडेट्स को जागरुक करती साइबर क्राइम पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साइबर क्राइम पुलिस टीम फतेहगढ़ द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के अंतर्गत महीयसी महादेवी वर्मा जीजीआईसी फतेहगढ़ एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराध के बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस दौरान कैडेट्स को इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम, बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट्स के माध्यम से साइबर ठगी हैकिंग, फेक लिंक, ओटीपी फ्रॉड और पहचान की चोरी जैसे अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। साथ ही सुझाव दिये गये कि कभी भी अपना ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम पिन, बैंक विवरण किसी से साझा न करें। संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखें। मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और समय-समय पर बदलते रहें। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या बेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें।

# रेवन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का 15वें दिन भी धरना जारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेवन्यू बार एसोसिएशन के अधिक्ताओं का तहसील में व्याप्त विभिन्न मांगों को लेकर 15वें दिन भी धरना जारी रहा।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार रिश्वतखोर पीठासीन अधिकारियों का स्थानान्तरण नहीं होगा और समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक अधिवक्तागण अनिश्चितकाल हड़ताल पर रहेंगे और विरोध प्रदर्शन कर धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।

धरना प्रदर्शन के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष विशेश्वर दयाल यादव, सचिव अवनीश गंगवार,. नाजिर खाँ, बाल किशन, अनोखेलाल शाक्य, रजनेश कुमार, अमित कुमार गंगवार, सतीश चन्द्र शाक्य, माधव शुक्ला, सुखवीर सिंह, अनीस खाँ, इन्द्रेश गंगवार सहित अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।



धरने पर बैठे अधिवक्ता

# लड़खड़ाकर सात फिट गहरे नाले में गिरा बुजुर्ग, परिजनों ने किया हंगामा



मृतक के शव को निकालते नगर पालिका का कर्मचारी



मृतक का फाइल फोटो

- छह घंटे बाद जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक बुजुर्ग की 7 फीट गहरे नाले में गिरकर मौत हो गई। परिजन और नगर पालिका के कर्मचारी देर रात तक खोजबीन करते रहे। करीब 6 घंटे की तलाश के बाद बुजुर्ग का शव नाले के एक पाइप में फंसा मिला।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला दीवान मुबारक निवासी शेर सिंह राजपूत (60) बीबीगंज गल्ला मंडी में पल्लेदारी का काम करता था। बुधवार शाम करीब 6 बजे काम से लौट रहा था, तभी लड़खड़ाकर नाले में गिर गया। किसी ने घटना की सूचना पीड़ित के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा किया।सूचना मिलने पर सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय और मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। एक युवक को नाले में उतारकर तलाश कराई गई, लेकिन 2 घंटे तक कोई पता नहीं चला। इसके बाद बुजुर्ग को ढूंढने के लिए नगर पालिका की टीम लगाई गई। सफाई नायक मोहम्मद अयूब के नेतृत्व में नाले की सफाई कराई गई।

दो सफाई कर्मियों को नाले में उतारा गया। रात करीब 12 बजे घटनास्थल से करीब 5 फीट की दूरी पर नाले के विशालकाय पिट की पाइप में 7 फिट गहराई में शेर सिंह का शव फंसा हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया।

# खाद की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण, निजी दुकानदार कर रहे मनमानी



इफको केंद्र पर मौजूद किसान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज क्षेत्र में किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सहकारी समितियों द्वारा केवल सदस्य किसानों को खाद बेची जा रही है। जिससे इफको केंद्रों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं निजी दुकानदार मनमाने दामों पर खाद बेचकर किसानों का शोषण कर रहे हैं।

इफको केंद्र पर किसान अपनी जरूरत के अनुसार अधिक से अधिक खाद लेने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि उन्हें उनके इंतखाब के आधार पर अधिकतम पांच बोरी खाद ही सीमित मात्रा में दी जा रही है। इस कारण कई किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इस स्थिति का फायदा उठाकर क्षेत्र के निजी दुकानदार किसानों को मनमाने दामों पर खाद बेच रहे हैं। किसानों ने बताया कि उन्हें यूरिया की एक बोरी 450 से लेकर 500 रुपये में बेची जा रही है, जबकि इसका निर्धारित मूल्य कम है। इसके अलावा एनपीके और डीएपी भी निर्धारित दर से अधिक दामों पर बेची जा रही है। किसानों का यह भी आरोप है कि निजी दुकानदार खाद के साथ अपने अन्य उत्पाद भी जबरदस्ती बेच रहे हैं। पर्याप्त मात्रा में खाद इफको केंद्र से न मिल पाने के कारण किसानों को मजबूरन इन निजी दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। जहां उन्हें ऊंचे दाम चुकाने पड़ रहे हैं। इस संबंध में इफको केंद्र प्रभारी सुधीर राजपूत ने बताया कि खाद का जितना भी स्टॉक उपलब्ध होता है उसे विधिवत किसानों को वितरित किया जा रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि एक किसान को अधिकतम पांच बोरी खाद दी जा रही है।

## वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत दारापुर निवासी सरोजनी उम्र 60 वर्षीय पत्नी बहोरन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना पाते ही मृतका के बच्चों बड़ी बेटी शशी, बेटा प्रवेश, नीरज सहित आदि परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया की उन्होंने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। फार्मासिस्ट जगजीवन ने मेमो थाने भिजवाया। परिजन शव लेकर चले गये।

# छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत किया गया जागरुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 फेस के तहत छात्र-छात्राओं को जागरुक किया तथा उन्हें हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान पत्रकों का भी वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्र-छात्राओं को मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण सुरक्षा विभिन्न सरकारी योजनाओं और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को हेल्प लाइन नम्बर 181 बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप कल्याणकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दी गची। बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में भी शिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाई। उपस्थित लोगों को 1090, 1076, 181, 112 और 1930 जैसे महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नम्बरों के बारे में बताया गया।



पत्रक दिखाते छात्र-छात्रायें

# चीनी मिल परिसर में प्रेसमड की स्टॉकिंग प्रक्रिया पर एक बार फिर खड़े हो रहे सवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज चीनी मिल परिसर में प्रेसमड (फिल्टर केक) की स्टॉकिंग प्रक्रिया पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

मिल के उपाध्यक्ष जय गंगवार ने भाजपा नेता अमरदीप दीक्षित और अशोक वर्मा के साथ गुरुवार को परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि प्रेसमड की बिक्री का ठेका हो चुका है, लेकिन नई प्रेसमड को उसी पुरानी स्टॉक वाली जगह पर फिर से डंप किया जा रहा है। उपाध्यक्ष गंगवार ने स्पष्ट किया कि यदि नई प्रेसमड पुराने स्टॉक के साथ मिल जाएगी तो इससे गन्ना पेराई और क्रशिंग संख्या में छेड़छाड़ का रास्ता खुलेगा। प्रेसमड सीधे तौर पर गन्ना पेराई का परिणाम होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई प्रेसमड को एक विशेष अलग स्थान पर रखा जाना चाहिए। इसके लिए मिल परिसर के बाहर यार्ड या यार्ड के सामने पट्टी वाले स्थान का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पिछली बार भी विवाद हो चुका है। इसलिए अब पारदर्शी प्रबंधन की आवश्यकता है।



प्रेसमड का निरीक्षण करते उपाध्यक्ष जय गंगवार आदि

## आंकलन गलत होने की संभावना

उपाध्यक्ष का तर्क है कि पुरानी और नई प्रेसमड को एक ही स्थान पर भरने से यह तय करना मुश्किल हो जाएगा कि ठेकेदार कौन सी प्रेसमड भरवा रहा है, पुरानी या नई। नई और पुरानी प्रेसमड के दामों में भारी अंतर होता है। नए व पुराने स्टॉक के मिश्रण से मिल के गन्ना पेराई के आंकलन गलत होने की संभावना बढ़ जाएगी। इससे मिल की क्रशिंग क्षमता कम दिख सकती है या गन्ना पेराई कम दिखाकर गन्ना मूल्यांकन व बकाया भुगतान में गड़बड़ी की जा सकती है। जय गंगवार ने इस संबंध में मिल के जीएम से बात कर प्रेसमड को अलग स्थान पर डालने का आग्रह किया है। अब देखना होगा कि मिल प्रशासन इस मांग पर कितनी गंभीरता से विचार करता है और ठेका कंपनी को कितने स्पष्ट निर्देश दिए जाते हैं।

# राजकीय कृषि रक्षा इकाई पर लटके ताले, बीज के लिए भटक रहे अन्नदाता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद विकास खंड के फैजबाग स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार शुक्रवार सुबह 1 बजे तक बंद मिला। गेहूं और अन्य फसलों के बीज खरीदने आए किसान घंटों बाहर इंतजार करते रहे। जिससे परेशान होकर उन्होंने प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

किसानों ने बताया कि उन्होंने भंडार के कर्मचारी धर्मेंद्र को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। इससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। दूरदराज के क्षेत्रों से आए किसानों को बीज न मिलने के कारण भारी असुविधा हुई। किसानों ने बंद पड़ी कृषि रक्षा इकाई की स्थिति की शिकायत जिलाधिकारी को फोन पर दी। जिलाधिकारी कार्यालय से उन्हें जिला कृषि अधिकारी से बात करने को कहा गया। किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से भी फोन पर संपर्क किया, लेकिन शिकायत के बावजूद भंडार प्रभारी धर्मेंद्र मौके पर नहीं पहुंचे। इसी बीचए सुबह 11:50 बजे एडीओ पीपी महिपाल सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी कृषि रक्षा इकाई न खुलने की जानकारी भंडार प्रभारी धर्मेंद्र को फोन पर दी।

धर्मेंद्र ने बताया कि वह अभी बाहर हैं और 2 बजे के बाद इकाई पर आएंगे। रबी सीजन में बुवाई की तैयारी में जुटे किसानों को बीज मिलने में हो रही देरी का सीधा असर पड़ रहा है। जिससे उनकी दिक्कतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि कृषि रक्षा इकाई के भंडार प्रभारी धर्मेंद्र की लापरवाही पर तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए।



राजकीय कृषि बीज भंडार के बाहर प्रदर्शन करते किसान

# जमीनी विवाद में पथराव-फायरिंग, पांच घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र के जरारी गांव में बुधवार रात जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान पथराव से पांच लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साक्ष्य जुटाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं।

जरारी निवासी तनवीर और हासिम के बीच गांव में दो डिस्मिल भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बुधवार रात करीब नौ बजे दोनों पक्ष गांव के ही नदीम की चाय व किराना की दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान भूमि पर कब्जे को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिससे विवाद और बढ़ गया। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया और फायरिंग भी की गई। इस घटना में एक पक्ष से अमरुद्दीन और चंदा, जबकि दूसरे पक्ष से हासिम, अनस और साजिद घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी और थाना पुलिस गांव पहुंची। पुलिस ने सभी पांचों घायलों को तत्काल सीएचसी कमालगंज भेजाए जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों में से एक हासिम ने फायर करने का भी आरोप लगाया है, हालांकि थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में पथराव होते दिख रहा है, लेकिन फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



जांच पड़ताल करती पुलिस

# मेडिकल कॉलेज में आयुर प्रवेशिका एवं संस्कार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में प्रथम वर्ष बीएएमएस एवं पीजी विद्यार्थियों के लिए आयुर प्रवेशिका (यूजी) तथा संस्कार (पीजी) अभिमुखीकरण कार्यक्रम के द्वितीय व तृतीय दिवस विविध ज्ञानवर्धक सत्रों एवं गतिविधियों के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

द्वितीय दिवस की की शुरुआत धन्वंतरि वंदना से हुई। डॉ. शिव ओम दीक्षित ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक संरचना, कैंपस अनुशासन एवं आचरण संहिता से परिचित कराया। डॉ. रूचि ने आयुर्वेद के इतिहास, परिचय, मूल सिद्धांतों एवं त्रिसूत्र पर प्रभावी व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ0 नितुश्री ने अवकाश, उपस्थिति तथा शुल्क प्रक्रियाओं सहित विभिन्न प्रशासनिक औपचारिकताओं पर मार्गदर्शन दिया। छात्र सुरक्षा एवं एंटी-रैगिंग दिशा निर्देशों पर डॉ. भारती पंचाल ने जानकारी दी। पीजी छात्रों के लिए स्त्री रोग एवं शल्य विभाग में विभागीय परिचय सत्र आयोजित किए गए। पुस्तकालय अभिमुखीकरण में अमोल मसीह ने अध्ययन संसाधनों एवं शोध सुविधाओं से छात्रों को अवगत कराया। संध्याकालीन सत्र में डॉ. सुमन कुंडू ने आयुर्वेद के अंतर-विषयक विस्तार और आधुनिक विज्ञानों के साथ उसके समन्वय पर प्रकाश डाला।

वहीं तृतीय दिवस यूजी कार्यक्रम की शुरुआत धन्वंतरि वंदना से हुई। अतिथि वक्ता डॉ. स्वप्ना स्वयंप्रवा ने भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) पर प्रेरक सत्र संचालित किया। विद्यार्थियों ने अष्टांग आयुर्वेद, आयुर्वेद एवं मैं चिंतन सत्र, तथा डॉ0 कविता नेगी से वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का परिचय प्राप्त किया। दोपहर के सत्रों में डॉ0 संतोष ने आयुर्वेद का वैश्विक महत्व एवं अरिमर्दन द्वारा तैत्तिरीय उपनिषद के आनन्द विषय पर व्याख्यान तथा डॉ0 अरुण कुमार पांडे ने आयुर्वेद एवं योग की वैश्विक कूटनीति पर विचार प्रस्तुत किए। समापन डॉ. कविता नेगी ने माइंडफुलनेस अभ्यास से किया। पीजी विद्यार्थियों के लिए समानांतर सत्रों में डॉ0 कविता नेगी ने तनाव प्रबंधन, योग एवं विश्राम तकनीकें सिखाई। डॉ. भारती पंचाल ने प्रमुख राष्ट्रीय अनुसंधान संगठनों का परिचय दिया। पीजी डीन ने पाठ्यक्रम एवं मूल्यांकन प्रणाली समझाई।

डॉ. नीतू श्री ने संस्थागत एमओयू एवं अनुसंधान अवसरों पर सत्र लिया। द्वितीय और तृतीय दिवस के सभी सत्रों ने यूजी तथा पीजी दोनों वर्गों के विद्यार्थियों को शैक्षणिक अभिमुखीकरण, अनुशासन एवं प्रशासन, आयुर्वेद के मूल सिद्धांत, अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य, शोध अवसरों तथा व्यक्तिगत विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नए विद्यार्थियों को संस्था की समृद्ध शैक्षणिक और सांस्कृतिक परंपरा से जोड़ते हुए उनके आगामी अध्ययन मार्ग को मजबूत आधार प्रदान किया।



कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु चिकित्सक

## शमशाबाद क्षेत्र में सपा नेता ने भरवाये एसआईआर फार्म




एसआईआर फार्म भरवाते सपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसआईआर के संबंध में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी ने ब्लाक शमशाबाद के कई गांवों में भ्रमण कर एसआईआर के बारे में मतदाताओं को जागरुक किया व बीएलओ को भी सुझाव दिये। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम फारुखी ने ब्लाक शमशाबाद के गांव चिलसरा, रोशनाबाद, अमलैया आशानंद, अलियापुर आदि गांव में कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर मतदाताओं को एसआई के लिए जागरुक किया।
साथ ही बीएलओ से सम्पर्क कर सुझाव दिये कि अति शीघ्र गणना प्रपत्र भरकर जमा करवाये और जनता का सहयोग करे। उन्होंने गांव-गांव भ्रमण कर जल्दी प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील की। इस मौके पर अफूज खां, शाजेव, अरविन्द कुमार, हर्ष गंगवार, दीपक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा ने आईएएस संतोष वर्मा का फूंका पुतला

**▸ गृहमंत्री को ज्ञापन भेजकर की कार्यवाही की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा की जनपद इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष अमन दुबे के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने गृहमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर मांग की है कि संतोष वर्मा के खिलाफ कार्यवाही की जाये। साथ ही लालगेट तिराहा फब्बारे के पास संतोष वर्मा के पुतले को पीटकर आग के हवाले किया गया।

मध्य प्रदेश शासन में कृषि विभाग के उपसचिव पद पर नियुक्त सतोष वर्मा आईएएस के द्वारा आरक्षण के समर्थन को लेकर जो बयान दिया है, वह बहुत ही घृणित व निंदनीय है, साथ ही उनकी विकृत मानसिकता को दर्शाता है। आरक्षण के सम्बन्ध में ब्राह्मण बेटियों के बारे में की गई टिप्पणी आत्मीय ठेस पहुंचाती है, जिससे ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। आरक्षण का उद्देश्य समानता का स्तर बढ़ाना था, जो कि आज विषमता की खाई को और बढ़ा रहा है। राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा मांग करता है कि ऐसी विकृत एवं दूषित मानसिकता के उपसचिव संतोष वर्मा को पदीय दायित्व से मुक्त करके विद्वेष मूलक एव घृणित बयान देने के लिये मुकदमा दर्ज करके सामाजिक विद्वेष फैलाने, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फैलाने के लिये विस्तृत जांच कराते हुये दण्डित किया जाये, ताकि आईएएस जैसे उच्च पदों पर बैठे लोग समाज और राष्ट्र को तोड़ने के षड्यंत्रों में शामिल न हों। ऐसे लोग समाज के लोग समाज तोड़ने का काम करते है, जो अस्मिता के साथ खिलवाड़ है।

उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये, जिससे इस प्रकार की दूषित भावना के साथ कृत्य न कर सके। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमन दुबे, हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, जितेन्द्र कुमार दीक्षित, संतोष दीक्षित, अजय दुबे, अभिषेक दुबे, अनुज दुबे, उमेश दुबे, नवीन मिश्रा, विजय शुक्ला, प्रवेश मिश्रा, अभिषेक बाजपेयी, सौरव मिश्रा, संजय पाठक, अशोक मिश्रा, सोनू मिश्रा, दीपक त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी, सुमित शुक्ला, केशव अवस्थी, सनी मिश्रा, अंकित दीक्षित, सनी दुबे आदि लोग मौजूद रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते समाज के लोग



आईएएस संतोष वर्मा का पुतला फूंकते लोग

# बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुये 2 ट्रक सीज

**▸ कर बकाया में संचालित तीन ट्रक भी हुए सीज**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में गुरुवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा संजय प्रताप खनन अधिकारी के साथ खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुये 2 ट्रक सीज किये गये तथा इन पर 35 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जांच के दौरान पाया गया कि खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीकरण नहीं था। सचिव एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा समस्त जिलाधिकारियों से उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीकरण खनन के विभागीय पोर्टल पर कराये जाने की अपेक्षा की गई है, ताकि इन वाहनों में लगे वीटीएस के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी हो सके। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा संजय प्रताप खनन अधिकारी को खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त कर बकाया में संचालित 3 ट्रकों का भी सीज किया गया तथा इन पर 35 हजार रुपये टैक्स तथा 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।




पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

# 30 नवम्बर तक रेलवे रोड का सुंदरीकरण शुरु न हुआ तो व्यापारी देगें धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा के नेतृत्व में रेलवे रोड सुंदरीकरण को लेकर सम्पन्न हुई। जिसमें अनिश्चित कालीन धरना देने की रणनीति बनायी गई। अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत सड़कों को मानक के अनुसार चौड़ा करने हेतु फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन से चौक तक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को तोडा गया था तथा व्यापारियों को यह आश्वासन दिया गया था कि उक्त मार्ग को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा, किन्तु लगभग तीन वर्ष व्यतीत हो जाने के बावजूद अभी तक रेलवे रोड को मॉडल के रूप में निर्माण नहीं किया गया। जिससे रेलवे रोड के व्यापारियों के आक्रोश एवं उनकी मनोदशा को देखते हुये फेडरेशन ऑफ आल इण्डिया व्यापार मण्डल ने रेलवे रोड के विद्युत पोलों एवं बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य एवं नगर पालिका परिषद द्वारा रोड निर्माण शीघ्र कराये जाने हेतु 26 जुलाई को विवश होकर चौक में धरना दिया था। धरने के दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता बृजभान सिंह ने पोलों एवं बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य 60 दिन में पूर्ण किये जाने एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद ने विद्युत पोल/बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य पूर्ण होने के एक सप्ताह के पश्चात सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु लिखित रूप में आश्वासन दिया था। परन्तु विद्युत विभाग द्वारा 60 दिन का समय मांगा था।

परन्तु 60 दिन के स्थान पर आज 120 दिन पूर्ण होने के बावजूद भी उक्त विद्युत पोल/बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य पूर्ण नहीं हुआ। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक मित्तूकूचां में सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत पोल/बंच लाइन शिफ्टिंग कार्य 30 नवम्बर की सायं तक पूर्ण नहीं करता है तो 01 दिसम्बर, को चौक में विद्युत विभाग के विरूद्ध धरना दिया जायेगा और धरना अनिश्चित कालीन के लिए चलेगा।

जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर अनूप गुप्ता, विमलेश मिश्रा, लाखन सिंह, राजू भारद्वाज, मनोज दीक्षित, योगेश गुप्ता, दीपक गवरानी, रवि चौहान, संजीव वर्मा, संजय गुप्ता, अशोक यादव, शरद गुप्ता, अभिषेक वाजपेई, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, संजू नेता, प्रशान्त शाक्य, शिखर गुप्ता, राजू अग्रवाल, गोपाल सारस्वत, विशाल रस्तोगी व आशुतोष रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।




बैठक में मौजूद व्यापारी

# एकता और अनुशासन के साथ मनाया गया एनसीसी दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक द्वारा बटालियन में एनसीसी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीएन पीजी कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स द्वारा ड्रिल प्रदर्शन से हुई।

अगुवाई एमआईसी के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने की। केयरटेकर डॉक्टर सत्येंद्र सिंह, एएन ओ लेफ्ट0 राजू अहिरवार उपस्थित रहे। सीनियर अंडर ऑफिसर श्रेया दुबे, कैडिट वंदनी, अंवेशा, राधा, वर्षा तथा अंशिका भदोरिया ने एनसीसी के बारे में भाषण प्रस्तुत किए। संचालन करते हुए लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने एनसीसी के इतिहास के बारे में बताया कि एनसीसी दिवस प्रतिवर्ष नवंबर माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि एनसीसी की स्थापना 15 जुलाई, 1948 को हुई थी, पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में दिल्ली में पहली एनसीसी इकाई की स्थापना का समारोह आयोजित होने के बाद से नवंबर के चौथे रविवार को एनसीसी दिवस मनाने की परंपरा शुरू हुई। यह संगठन स्वैच्छिक त्रि-सेवा संगठन (सेना, नौसेना और वायु सेना) है और इसकी स्थापना का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करना है। ये संगठन विश्व का सबसे वृद्धि धारी संगठन है इसमें तीनों सेनाएं (जल-थल तथा वायुसेना) निहित होती हैं। एनसीसी का मोटा एकता और अनुशासन होता है। इसका प्रमुख उद्देश्य अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा युवाओं में राष्ट्र सेवा की भावना उत्पन्न करना है। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस मलिक ने सभी एनसीसी कैडिट को संबोधित करते हुए अनुशासन में रहने तथा एनसीसी के मोटा का अक्षरसः पालन करने की हिदायत दी। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट को बधाई देते हुए कहा कि सभी एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रहित में सेवा करनी चाहिए। साथ ही अनुशासन में रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का समापन एनसीसी सॉन्ग से किया गया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर नवीन सिंह, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, सूबेदार दिनेश, हवलदार सोनू नागर, अंजली आदि मौजूद रहे।



रैली में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स

# मोहन लाल शुक्ला इ.का. के वार्षिकोत्सव में छात्रों को किया गया सम्मानित




छात्र को सम्मानित करते डीआईओएस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहन लाल शुक्ला आदर्श विद्यालय इंटर कालेज के वार्षिकोत्सव में मुख्यअतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि विद्यालय शिक्षा के मंदिर है। सांस्कृतिक चेतना केंद्र के बिन्दु होते है। छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेरणादायक है। प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। विद्यालय का लेखाजोखा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना व छात्र सहजाद ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्रा रागिनी ने श्याम तेरे नाम की जोगन बनकर व शिवांगी एवं सगुन ने बरसाने की झोरी गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया गया। छात्रा दुर्गा ने नृत्य प्रस्तुत किया। खुशबू, गगन, आकांक्षा आदि ने नृत्य किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि वित्त लेखाधिकारी सुशील कुमार को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कनोडिया की छात्रा वंशिका सक्सेना, अंशिका सक्सेना, सुभि दीक्षित पल्लवी राजपूत, अंशिका गुप्ता ने बैण्ड पर सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा गीत प्रस्तुत किया। छात्र सहजाद, शैलेश कौटिल्य को डीआईओएस द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षक चन्द्रपाल, सत्येन्द्र सिंह, दिनेश चन्द्र शर्मा, कृष्ण मोहन, संतोष कुमार सरोज, संदीप कुमार, विवेक कुमार मिश्रा, अवनीश कुमार, यशपाल, नितिन त्रिवेदी, यशपाल यादव आदि शिक्षकों ने सहयोग किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, डॉ. ब्रजभूषण सिंह, सुरेश चन्द्र सक्सेना, रामजी बाजपेयी, ऐस्तर रोजदयाल, राजेन्द्र सिंह यादव, राजेश निराला, डॉ. रविन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ.आलोक बिहारी शुक्ला, विजय अवस्थी, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, मुन्नू सिंह तोमर, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी, राजीव कुमार मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे। संचालन राजेश निराला ने किया। अध्यक्ष प्रधानाचार्य डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी ने की।

# दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**▸ बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बढ़पुर, मोहम्मदाबाद, कमालगंज, नगर क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर सुरेश चंद ने 50 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। किया। इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कुलदीप यादव, अरुण शर्मा, निष्कर्ष कटियार, कार्तिक यादव, लक्ष्मी वर्मा, आईटी टीचर अजय कुमार, सरिता मिश्रा, रुचि राठौर, बृजेश कुमार, अमित कुमार, अखिलेश कुमार, ज्ञान सिंह, रामवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

विजेता खिलाड़ियों में 50 मीटर दौड (बालक) वर्ग में लाखन सिंह प्रथम, लवकुश द्वितीय व अमीर चन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। 50 मीटर दौड़ (बालिका) वर्ग दौड़ में आराध्या कश्यप प्रथम, आराध्या द्वितीय व रुखसार तृतीय स्थान पर रही। वहीं कुर्सी दौड़ (बालक) वर्ग में प्रबल प्रथम, कुश द्वितीय व रजत तृतीय स्थान पर रहा। कुर्सी दौड़ (बालिका) वर्ग में निराली दीक्षित प्रथम, महक द्वितीय व रीतिका तृतीय स्थान पर रही। सुलेख प्रतियोगिता में रेनू प्रथम, श्रेया द्वितीय, रोहन तृतीय स्थान पर रहे। कला प्रतियोगिता में रिया प्रथम, मोनिका मिश्रा द्वितीय, राम जी तृतीय रहे। गणित प्रतियोगिता में श्रेया प्रथम, सचिन द्वितीय व मोनिका मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। नृत्य प्रतियोगिता (बालक) वर्ग में विमल प्रथम, राम जी द्वितीय रहे। नृत्य प्रतियोगिता (बालिका) वर्ग में अंशिका प्रथम व अंजलि द्वितीय स्थान पर रही।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

# डीएम ने निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/मंत्री/ प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवम्बर से प्रारम्भ हो गया है। जनपद में नियुक्त समस्त बूथ लेवल आफिसर घर-घर जाकर गणना फार्म मतदाताओं में वितरण कर रहें हैं। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को डिजिटाइज्ड किए गए गणना प्रपत्रों के बारे में विधानसभावार जानकारी देते हुए अवगत कराया कि 192-कायमगंज विधानसभा में कुल मतदाता-391832 के सापेक्ष शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र वितरित कर दिए गए है तथा गतदाताओं से प्राप्त 171497 गणना प्रपत्रों को बी.एल.ओ. ऐप के माध्यम से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। 193-अमृतपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता-313288 के सापेक्ष 312274 गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित कर दिए गए है तथा मतदाताओं से प्राप्त 111937 गणना प्रपत्रों को बी.एल.ओ. ऐप के माध्यम से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। 194-सदर फर्रुखाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता-370201 के सापेक्ष 360360 गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित कर दिए गए है तथा मतदाताओं से प्राप्त 138884 गणना प्रपत्रों को बी.एल.ओ. ऐप के माध्यम से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है तथा 195-भोजपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता-322688 के सापेक्ष शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाताओं को वितरित कर दिए गए है तथा मतदाताओं से प्राप्त 159072 गणना प्रपत्रों को बी.एल.ओ. ऐप के माध्यम से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है। वहीं 192-कायमगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनट्रेशेवल फार्मो का कारण सहित उल्लेख करते हुए निम्नानुसार विवरण सहित अवगत कराया गया। 192-कायमगंज विधानसभा में मृतक-3848, अनुपस्थित-871, स्थायी रूप से अनुपस्थित-6462, आलरेडी इनरोल्ड-1381 तथा अन्य-41 कुल 12603 अनट्रेशेवल मतदाता है। 193.अमृतपुर विधानसभा में मृतक-2117, अनुपस्थित-686, स्थायी रूप से अनुपस्थित-2936, आलरेडी इनरोल्ड-1044 तथा अन्य 46 कुल 6829 अनट्रेशेवल मतदाता है। 194-सदर फर्रुखाबाद विधानसभा में मृतक-4905, अनुपस्थित-743, स्थायी रूप से अनुपस्थित-8122, आलरेडी इनरोल्ड-1901 तथा अन्य-80 कुल 15751 अनट्रेशेवल मतदाता है। 195-भोजपुर विधानसभा में मृतक-3340, अनुपस्थित-1068, स्थायी रूप से अनुपस्थित-4972, आलरेडी इनरोल्ड-1775 तथा अन्य-132 कुल 11287 अनट्रेशेवल मतदाता है। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अपने-अपने दल के नियुक्त बी.एल.ए. के माध्यम से अनट्रेशेवल फार्मो की सूची सम्बन्धित बी.एल.ओ./निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर मतदाताओं के बारे में सही जानकारी करते हुए गणना प्रपत्रों को भरवाकर बी.एल.ओ. के पास जमा कराये। जनपद में कुल 1531 मतदेय स्थलों सापेक्ष समाजवादी पार्टी ने कुल 1064, भारतीय जनता पार्टी ने 1490, बहुजन समाज पार्टी ने 1531 तथा कांग्रेस पार्टी ने-838 बी.एल.ए. नियुक्त किए है। अवशेष मतदेय स्थलों के लिए शीघ्र से शीघ्र बी.एल.ए. नियुक्त किए जाने की बात कही। सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, भाजपा के जिला संयोजक चुनाव मुकेश गुप्ता, कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वरूण त्रिपाठी ने अवशेष बीएलए की सूची शाम तक कार्यालय को उपलब्ध कराने आवश्वासन दिया। यदि कोई मतदाता एक से अधिक गणना प्रपत्र भरता है तो उसे एक वर्ष तक की सजा हो सकती है।



बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

## विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता आज और कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा सदर की खेल कूद प्रतियोगिता 28 व 29 नवंबर को स्व ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ के खेल मैदान में आयोजित होंगी।

जिन प्रतिभागियों ने ऑनलाइन सांसद खेल महोत्सव/युवा साथी, इन पर रजिस्ट्रेशन कर दिया है वे सभी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे एवं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे प्रतिभागी ऑफलाइन 28 नवंबर को 12 तक भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं और भाग ले सकते हैं।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से की बातचीत

इटावा, समृद्धि न्यूज।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहूत की गई।



उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के लिए तीन दिन शेष बचे हैं, जो मतदाता गणना प्रपत्र भरकर नहीं देंगे उनका नाम बीएलओ सूची में दर्ज नहीं किया जाएगा साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि एक मतदाता एक ही जगह से अपना गणना प्रपत्र भरे, जो मतदाता दो जगहों से गणना प्रपत्र भरेगा उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बीएलओ के पास कुछ ऐसे मतदाता हैं, जो कि बीएलओ के खोजने से नहीं मिल रहे हैं इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ से संपर्क कर तत्काल जमा करें अन्यथा कि स्थिति में मतदाता सूची में नाम नहीं होगा। समस्त राजनैतिक दलों द्वारा बताया गया कि जन सेवा केंद्रों पर होर्डिंग्स लगाई जाएं, जिससे लोग जागरूक हो सकें एवं समस्त राजनैतिक दलों द्वारा समय बढ़ाने की मांग की गई। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत जगह-जगह कैम्प लगाया जाए। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, उपजिलाधिकारी न्यायिक दीपशिखा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रदीप शाक्य बबलू, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संजीव शाक्य, कृपानारायण तिवारी क्षेत्रीय संयोजक भाजपा, सतेन्द्र राजपूत जिला का.स. भाजपा, संदीप भदौरिया जिलाकोषाध्यक्ष भाजपा, उदयभान सिंह यादव वरिष्ठ नेता सपा, शहर अध्यक्ष कांग्रेस मो. राशिद, प्रवक्ता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वाचस्पति द्विवेदी, राकेश कुमार जिलामहासचिव बीएसपी, प्रेरणा जुबैरी जिलाप्रवक्ता कांग्रेस, अमर सिंह शाक्य, संतोष शाक्य सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

## एसआईआर को लेकर डीएम ने कर्मचारियों के साथ की बैठक, दिये निर्देश



जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अमीन, लेखपाल एवं नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ एसआईआर के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि 2025 में जो मतदाता हैं, उसकी जांच की जाए एवं 2003 में जिसका नाम है, उसकी भी जांच की जाए। उन्होंने कहा कि 16 जगहों पर कैम्प लगाया जाएगा, जो भी नगरवासियों द्वारा गणना प्रपत्र नहीं भरा गया है, वह तत्काल गाड़ना प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर दें। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने के लिए तीन दिन शेष बचे हैं, जो मतदाता गणना प्रपत्र भरकर नहीं देंगे उनका नाम बीएलओ सूची में दर्ज नहीं किया जाएगा साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि एक मतदाता एक ही जगह से अपना गणना प्रपत्र भरे, जो मतदाता दो जगहों से गणना प्रपत्र भरेगा उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बीएलओ के पास कुछ ऐसे मतदाता हैं, जो कि बीएलओ के खोजने से नहीं मिल रहे हैं इसलिए सभी मतदाताओं से अपील है कि अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ से संपर्क कर तत्काल जमा करें अन्यथा कि स्थिति में मतदाता सूची में नाम नहीं होगा। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, संतोष कुमार मिश्रा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अमीन, लेखपाल एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाइक नहीं देने पर दबंग ने युवक को पीटा

- घायल युवक ने दबंग के विरुद्ध रिपोर्ट कराई दर्ज

भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।



भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालिमपुरा निवासी मनीष कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने ऊसराहार भरथना रोड स्थित मंडी मोड निवासी नीरज यादव पुत्र लाखन सिंह यादव पर मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भरथना कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में घायल मनीष ने बताया कि बीती रात्रि 8.20 बजे वह अपने गांव जा रहा था,इसी बीच दबंग नीरज ने उसे अकारण रोक लिया और जबरन उससे बाइक मांगने लगा जिसपर उसने बाइक देने से जैसे ही मना किया, और वह लात घूंसा लाठी डंडों से पीटने लगा, जिसमें उसके कान और शरीर में गम्भीर चोटें आई हैं। घायल पीड़ित मनीष ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान दबंग ने उसकी जेब में रखे 11 सौ रूपए भी निकाल लिए। हालांकि पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर नामजद दबंग की तलाश शुरू करदी है और घायल मनीष को इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है।

## खबरें एक नजर में

### कसौधन वैश्य समाज की महत्वपूर्ण गोष्ठी सम्पन्न



- नगर कमेटी के नवीनीकरण पर बनी सहमति

बांदा, समृद्धि न्यूज। कसौधन वैश्य समाज की महत्वपूर्ण गोष्ठी कस्बा स्थित गंगानगर के शिव मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता डा. राजीव कसौधन ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बागेश्वर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुई। मुख्य अतिथि संतोष कुमार,पूर्व संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि नए और पुराने सभी स्वजातीय बंधुओं का सक्रिय सहयोग समाज को मजबूती देगा।उन्होंने नगर कमेटी के नवीनीकरण हेतु 5100 रुपये की सहयोग राशि प्रदान की तथा अनिल कुमार को यूथ विंग का जिला अध्यक्ष नामित किया।गोष्ठी के दौरान प्रशांत उर्फ पप्पा ने सवालों के साथ 3100 रुपये का नगद योगदान दिया।सुबोध कसौधन ने सुझाव दिया कि होली मिलन के लिए पूर्व कमेटी द्वारा एकत्रित चंदे की राशि भी नवीनीकरण में उपयोग की जाए, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। पुरानी कमेटी की निष्क्रियता पदाधिकारियों की अनुपस्थिति और आय-व्यय विवरण संतोषजनक न होने पर सदस्यों ने नाराजगी भी जताई।राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य धीरेंद्र कसौधन ने वर्ष में दो बार होली मिलन एवं भगवान बागेश्वर का रुद्राभिषेक कराने का प्रस्ताव रखा।मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व कर रहीं रीना,कविता,विमला और कल्पना ने महिला सहभागिता बढ़ाने का आश्वासन दिया।बैठक में राम प्रताप, अशोक उर्फ राजू,गुलाबचंद, कामता प्रसाद,रेशू गुप्ता,सुमित, रोहित सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।नगर कमेटी के नवीनीकरण की जिम्मेदारी अनिल कुमार, यज्ञस्वरूप सहित अन्य सामाजिक लोगों को सौंपी गई।

### छेड़खानी करने वाले दो अभियुक्तों को चार-चार वर्ष की कठोर कारावास की सजा

बांदा, समृद्धि न्यूज। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत चिह्नित वर्ष-2022 में थाना नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत नाबालिक लडकी के साथ छेडखानी करने वाले दो अभियुक्तों मा0 न्यायालय द्वारा 04-04 वर्ष के कठोर कारावास व 03-03 हजार रुपये जुर्मानें की सजा से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि जनपद नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम लहुरेटा के रहने वाले रामबाबू ने थाना नरैनी पर सूचना दी कि उनकी नाबालिक पुत्री को गांव का ही एक लडका परेशान करता है । इस सम्बन्ध में थाना नरैनी में धारा 354/504भादवि 7/8 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 कौशल सिंह द्वारा सम्पादित की गयी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए 3 नवंबर 22 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक सुनील कुमार गुप्ता द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गौरव व जितेन्द्र तथा पैरोकार आरक्षी प्रवीण के अथक प्रयासों से दो आरोपियों को सत्र न्यायालय बांदा द्वारा 04-04 वर्ष के कठोर कारावास व 03-03 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । अभियुक्तों में सद्दाम पुत्र अब्दुल उर्फ लम्बरदार निवासी लहुरेटा थाना नरैनी जनपद बांदा व ऐमुद्दीन उर्फ अयानुद्दीन पुत्र नैमुद्दीन उर्फ अजमुद्दीन नि0 लहुरेटा थाना नरैनी जनपद बांदा है।

शहर कांग्रेस कमेटी ने चार वार्डों के पदाधिकारी मनोनीत किए

### एसआईआर अभियान व संगठन मजबूत करने का आह्वान

बांदा, समृद्धि न्यूज। शहर कांग्रेस कमेटी ने संगठन मजबूती के लिए कवायदें तेज कर दीं। कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने वार्ड पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करते हुए संगठन मजबूती की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही एसआईआर अभियान में पूरी लगन व निष्ठा के साथ जुटने का आह्वान किया। कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति के बाद वार्ड पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिए। वार्ड नंबर-15 (मर्दन नाका) में अकबर अली अध्यक्ष और अमित द्विवेदी, बदरुनिशां व शाहीन बेगम को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सुरेश सोनी, समीर व दिलीप को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी। सीमा को कार्यालय सचिव और शाहिना अंसारी व शाहिद अली को सचिव नियुक्त किया। वार्ड नंबर-22 में सलीम खान को अध्यक्ष, इदरीश खान, बबलू चौरसिया, इम्त्याज मंसूरी व राशिद मंसूरी को को उपाध्यक्ष, मुमताज खान को कार्यालय सचिव, मुस्तफा खान, जाकिर बक्श व सुनीता देवी को सचिव नामित किया। वार्ड-26 (बाकर गंज) में वारिश अली को अध्यक्ष, नत्थू शाह, भाईजान व शाबिर अली को उपाध्यक्ष और आरिफ बेग, पंकज सिंह, जमाल सलमानी को महासचिव मनोनीत किया। कबीर अहमद, कमल फकरुद्दीन, वासिफ को सचिव नियुक्त किया गया। वार्ड नंबर-28 (अलीगंज उत्तरी) में अध्यक्ष शबनम, महताब खातून, रोहित गुप्ता, अजीम को उपाध्यक्ष, खालिक अहमद, रफत अली, सुमित गुप्ता को महासचिव और जावेद खान व नफीस गावस्कर को संयुक्त सचिव, शिवदत्त, जमील अहमद, इरफान को सचिव नियुक्त किया। शहर अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र ही शेष वार्ड पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जाएगी। कहा कि कांग्रेस पार्टी युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाना चाहती है। देश को मजबूत करने के लिए कांग्रेस को मजबूत करना जरूरी है, क्योंकि देश का विकास कांग्रेस ही कर सकती है। आगामी चुनावों में कांग्रेस बड़ा परिवर्तन करेंगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग का आह्वान किया।

## हुकूक़-ए-पड़ोसी विषय पर गोष्ठी आयोजित



इटावा, समृद्धि न्यूज।

जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द के क़ौमी मुहिम हुक़ूक़-ए-पड़ोसी के सिलसिले में एक विचार-गोष्ठी आदर्श पड़ोसी आदर्श समाज विषय पर एवन लॉज मेरिज होम, नईबस्ती, पानी की टंकी के पास इटावा में आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बदायूं से आये रफ़ीक़ुज़्ज़ा स्टेट कन्वीनर मौजूद रहे उन्होंने समाज में हो रहे विघटन, एकाकी पन की वजह से बड़ रहे अवसाद एंव बढ़ती आत्म हत्याओं आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की, उन्होंने बताया ये प्रदेश व्यापी अभियान 21 से 30 नवंबर तक चलाया जा रहा है। मुख्यवक्ता के तौर पर मौजूद व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि इस्लाम सहित हर धर्म हमें यही शिक्षा देता है कि अगर हमारा पड़ोसी भूखा है तो हमको निवाला तक हलाल नहीं है और पड़ोसी चाहे किसी भी मजहब को मानने वाला हो। अध्यक्षता इल्तिमाश अहमद ज़िलाध्यक्ष जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द ने की कार्यक्रम में आसिफ जादरान, जैनुल आबदीन राईन सहित दर्जनों लोगों ने भी अपने विचार रखे।

## अंगदान जागरूकता शिविर में दिलाई प्रेरणा

- जीवन बचाने का लिया संकल्प

जसवंतनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार 27 नवंबर को जिला जज रजत जैन के निर्देश पर अपर जिला जज, सचिव रूपेंद्र टोंगर के नेतृत्व में अंगदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहसील सचिव तहसीलदार नेहा सचान तथा पीएलवी, अधिकार मित्र ऋषभ पाठक के संयोजन में आयोजित शिविर में अंगदान दिवसरू जीवन का दान, जीवन का उपहार थीम पर लोगों को अंगदान के महत्व से अवगत कराया गया।

शिविर में वक्ताओं ने बताया कि अंगदान वह महान कार्य है, जिसमें व्यक्ति अपने एक या अधिक अंग किसी जरूरतमंद को देकर उसकी जिंदगी बचा सकता है। किडनी, लिवर, हृदय और फेफड़े जैसे अंगों का दान कई गंभीर मरीजों को नया जीवन प्रदान करता है। विशेषज्ञों ने बताया कि अंगदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि अंग प्राप्तकर्ता के जीवन की गुणवत्ता को भी कई गुना बेहतर बनाता है। अधिकार मित्र ऋषभ पाठक ने उपस्थित लोगों को अंगदान की प्रक्रिया, पंजीकरण और जागरूकता फैलाने के महत्व के बारे में जानकारी दी। लोगों को प्रेरित किया गया कि वे स्वयं भी अंगदान के लिए आगे आएं और समाज में अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए जागरूक करें। डॉ. विकास अग्निहोत्री ने ऐतिहासिक तथ्य साझा करते हुए बताया कि वर्ष 1954 में अमेरिका में पहला सफल किडनी प्रत्यारोपण किया गया था, जिसने अंगदान के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि भारत में अंगदान की दर अभी भी काफी कम है। हर वर्ष करीब 5लाख लोगों को अंगदान की आवश्यकता होती है, लेकिन मात्र 20 हजार लोग ही दान कर पाते हैं। यदि लोग आगे आएं, तो हजारों मरीजों की जिंदगी बदली जा सकती है। इसी दौरान विजली विभाग के कर्मचारी हिमांशु ने अपनी आँखों को दान करने का संकल्प लिया। शिविर में पीएलवी कुमारी नीरज, राजेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट भूपेंद्र सिंह, वीसीपीएम सुनील, एआरओ सतीश कुमार, बीएचडब्ल्यू केशव, सीएचओ अवनीश, विवेक, एएनएम प्रियंका, ज्योति, संध्या, अंजुलता, मंजू लता, नीतू सिंह, संगीता, रूबी, कंचन, शुभम सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। शिविर के अंत में सभी ने अंगदान के महत्व को समझते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## डीएम कार्यालय में सपा राष्ट्रीय महासचिव ने उठाया जनपद के चार युवकों की रिहाई का मुद्दा

बांदा, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री विशंभर प्रसाद निषाद ने गुरुवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर जनपद के तिंदवारी क्षेत्र के चार युवकों की पाकिस्तान की जेल से रिहाई का मुद्दा मजबूती से उठाया।

उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को इन मामलों में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की।बताया गया कि माटा गांव के जितेंद्र पुत्र संजय,धौंसण गांव के लक्ष्मण पुत्र जागेश्वर,चांदबाबू पुत्र बशीर तथा चटगन गांव के सर्वेश पुत्र श्रीराम वर्ष अक्टूबर 2021 में गुजरात तट पर मछली आखेट के दौरान पाकिस्तानी नौसेना द्वारा पकड़े गए थे।तब से सभी चार युवक पाकिस्तान की जेल में बंद हैं और उनके परिवार गहरी मानसिक एवं आर्थिक पीड़ा झेल रहे हैं। विशंभर प्रसाद निषाद ने पीड़ित परिवारों के साथ मिलकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा कहा कि यह अत्यंत गंभीर मानवीय मामला है।

पार्टी आगामी लोकसभा सत्र में अपने सांसदों के माध्यम से इस विषय को संसद में उठाएगी, ताकि भारत सरकार त्वरित कदम उठाकर इन युवकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कर सके।उन्होंने कहा कि वर्षों से बंद इन निर्दोष युवकों की घर वापसी से उनके परिवारों में फिर से खुशियों का संचार होगा।इस दौरान सपा नेता पुष्पेंद्र सिंह चुनाले सहित स्थानीय कार्यकर्ता और पीड़ित परिवार उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद



बांदा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गशत एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति धौसड़ रोड़ केवतरा पुलिया के पास संदिग्ध रुप से भ्रमण कर रहा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर व्यक्ति को पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सुखबीर पुत्र श्रीसिंह निवासी जौहरपुर थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है।

## अपराधी के खौफ से सहमी महिलाओं ने एसपी से लागाई न्याय की गुहार

बांदा, समृद्धि न्यूज।



- सजायाफ्ता पर लगाया बदसुलूकी का आरोप
- जहरखुरान सरगना के विरुद्ध दर्ज हैं कई मुकदमें
- किराएदार को हटाने की मांग, एसपी ने दिया आश्वासन

जहरखुरान सरगना की दबंगई व बदसलूकी के महिलाएं परेशान हैं। रास्ते से महिलाओं व लड़कियों को निकलना दुश्वार हो गया। इससे परेशान मोहल्लावासियों ने सामूहिक रूप से पुलिस अधीक्षक से मिलकर व्यथा बताई। किराए के मकान में रह रहे सजायाफ्ता अपराधी को मोहल्ले से हटाने की मांग की है। एसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बृहस्पतिवार को शहर के गूलरनाका में अर्बन बैंक के सामने रहने वाली करीब दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ड्योढ़ी पर दस्तक दी। एसपी पलाश बंसल से मिलकर महिलाओं ने बताया कि उनके घर के पास नसीम उर्फ पसनू पुत्र स्व0 श्री रशीद अपने रिश्तेदार के मकान में किराए से रह रहा है। पसनू एक दबंग, गुंडा व अपराधिक किस्म का व्यक्ति है तथा जहर खुरानी गिरोह का सरगना है। जो रेलवे स्टेशन व रोडवेज में मुसाफिरों को जहर खुरानी का शिकार बनाकर लूटपाट करता है तथा मौका पाकर चोरियां भी करता है। पुलिस इसके घर से लूट व चोरी का सामान बरामद कर चुकी है। उक्त व्यक्ति व इसके गैंग के विरुद्ध कई थानों में जहर खुरानी व नशीला पदार्थ खिलाकर लूटपाट करने के मुकदमें पंजीकृत हैं।

आरोप लगाया कि कलीम पुत्र स्व0 अब्दुल गफ्फार इस गिरोह का मास्टर माइन्ड है जो इनको गाइड करता है। पसनू को इसका संरक्षण प्राप्त है। इसके घर में अराजकतत्वों का आना जाना रहता है। महिलाएं पसनू की पत्नी से शिकायत करने जाती हैं तो वह उल्टा उन्हें ही डकैती जैसे केसों में फंसाने की धमकी देकर भगा देती है। उक्त पसनू मोहल्ले की महिलाओं को गंदी निगाहों से देखता है और अश्लील टिप्पणी करता है। इससे महिलाएं बहुत असहज महसूस कर रही हैं। कहा कि वह भय व डर के साए में जी रहीं हैं। मोहल्लावासियों ने इस अपराधिक किस्म के व्यक्ति को किराए के मकान से हटाते हुए उक्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले की जांच कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन देने वालों में शाजिया, शबाना, तस्लीमुननिशा, बाबुद्दीन, शाहिदा, शाहिस्ता, शिफा, आयशा, मुन्नी, वहीदन, अजरा, नफीस, दिलशाद, अफसाना, अशरफ, आरिफ, सलमान, चांद, नूरजहां, इसरार, किश्वरजहा, सहित महिला व पुरुष शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाई तारण जयंती व वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव की वर्षगांठ

बांदा, समृद्धि न्यूज।



छोटी बाजार स्थित जैन चौत्यालय में मंगलवार को 108 आचार्य प्रवर श्रीमद् जिन तारण-तरण मंडलाचार्य महाराज की 577वीं जन्म जयंती, तारण जयंती एवं वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव की द्वितीय वर्षगांठ श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः मंदिर विधि संपन्न हुई, इसके उपरांत पवित्र ग्रंथ मां जिनवाणी (आगम) की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

प्रातः 8.30 बजे पुराने चौत्यालय में मंदिर विधि हुई। इसके पश्चात 9 बजे पालकी में विराजित मां जिनवाणी की शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से भ्रमण करती हुई जैन धर्मशाला, छोटी बाजार पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा व आरती से स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन अनुयायी शामिल हुए। पुरुषों व महिलाओं ने तू स्वयं भगवान है, अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो जैसे जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

शोभा यात्रा बाल ब्रह्मचारी श्री शांतानंद महाराज की अगुवाई में निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष प्रकाश जैन, मंत्री योगेश जैन, पूर्व बचत अधिकारी राकेश जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद जैन अध्यक्ष प्रकाश जैन ,मन्त्रि योगेश जैन पूर्व बचत अधिकारी राकेश जैन, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद जैन,मुकेश जैन मुकेश जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, रितेश जैन, सौरभ जैन् संजू बाबा, अंशुल जैन जितेंद्र जैन, मिलन,कत संजय जैन,रत्नेस् जैन,नीलेश जैन, आलोक जैन,अमन जैन नेता जी,अमित जैन,भूपत् कक्का, अक्छ्य जैन, दर्शित शास्त्री, दिनेश् मोइया,सचिन जैन आर्यन जैन,गौरव जैन, संजय जैन, विवेक जैन,अभिषेक जैन, प्रदीप जैन दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सनत जैन, शैलेंद्र जैन, राजा जैन, विनय जैन,जवाहर जैन,राहुल जैन,संदीप जैन,ध्रुब जैन,मीडिया प्रभारी दिलीप जैन आदि महिला वर्ग में सीमा जैन, पुनम जैन आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शाम 7 बजे नए चौत्यालय में तारण त्रिवेणी, तारण स्तोत्र का पाठ, प्रवचन एवं तारण झूला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बाल ब्रह्मचारी शांतानंद महाराज ने बताया कि जिन तारण-तरण मंडलाचार्य महाराज ने 14 ग्रंथों की रचना कर समाज को आडंबरों से हटकर शुद्ध आत्मधर्म का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## डिजिटल हिंसा के विरोध में महिलाओं ने भरी हुंकार

- रैली में ग्रामीणों को डिजिटल हिंसा पर किया जागरूक
- मानवाधिकार दिवस के साथ शुरू हुआ वनांगना का अभियान

बांदा, समृद्धि न्यूज।




महिला संस्था वनांगना के द्वारा चलाए जा रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत 16 दिवसीय अभियान का आगाज हुआ। इसमें किशोर, किशोरियों और सामुदायिक लीडर्स को डिजिटल हिंसा पर वीडियो दिखाकर साइबर क्राइम की जानकारी दी गई स साथ ही इससे बचने के उपाय बताए गए।

नरैनी ब्लॉक के जमवारा गाँव में बृहस्पतिवार से 16 दिवसीय अभियान की शुरुआत हुई। वानंगना डारेक्टर पुष्पा शर्मा ने कहा कि लोगों के बीच भाषा, नस्ल, रंग, लिंग, धर्म, अन्य विचार, संपत्ति, राजनीतिक आदि बातों के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए, इसलिए मानवाधिकार का निर्माण किया गया है। जूनियर विद्यालय परिसर में 100 किशोर, किशोरियों तथा सामुदायिक लीडर्स को डिजिटल हिंसा के बारे में वीडियो दिखाकर समझाया गया। उन्हें समझाया गया कि अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके क्राइम कर रहा है तो उससे डरे नहीं बल्कि अपने अभिभावक को इसकी जानकारी दें।

लीडर्स द्वारा रैली निकालकर महिला हिंसा के विरोध में नारे लगाए गए। ग्रामीणों, दुकानदारों व राहगीरों को पर्चे बांटे गए। मानवाधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं के पैनल ने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में उपस्थित संकुल प्रभारी खालिद खान ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने महिलाओं को हिंसा के प्रति आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित किया। सीनियर कार्यकर्ता शोभा देवी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि लिंग के आधार पर होने वाली डिजिटल हिंसा को हम सबको मिलकर आवाज़ उठाने की ज़रूरत है। सभी लोगों ने हस्ताक्षर कर हिंसा को समाप्त करने की सहमति जताई। कार्यक्रम में उपस्थित रहीं सहायक टीचर्स राधा, शाहीन, श्यामकली, फरजाना, दीपक, आतिफा, आरती, शिफ़ा, सहबा, तहमीना, आदि।

